संगीत के उन्नयन में हाड़ौती एवम् ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों की भूमिका

Sangeet Ke Unnayan Me Hadoti Evm Dhundhar Kshetra Ke Shikshan Sansthano Ki Bhoomika.

कोटा विश्वविद्यालय कोटा की पीएच.डी.
उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध–प्रबन्ध

संगीत विभाग
राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या
महाविद्यालय, कोटा (राजस्थान)
(कोटा विश्वविद्यालय, कोटा)

शोध निर्देशक
डॉ.राजेन्द्र माहेश्वरी
(संगीत प्राध्यापक)
राजकीय जानकी देवी
बजाज कन्या महाविद्यालय,
कोटा (राजस्थान)

प्रस्तुतकर्ता
गणेश लाल बारेठ
(संगीत प्राध्यापक)
सेक्रेड हार्ट महाविधालय
नया नोहरा, बारां,रोड़
कोटा (राजस्थान)

2016

vuØef.kdk

संगीत के उन्नयन में हाड़ौती एवम् ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों की भूमिका

Sangeet Ke Unnayan Me Hadoti Evm Dhundhar Kshetra Ke Shikshan Sansthano Ki Bhoomika.

	i"B l[;k
प्राक्कथन	3
vkHkkj çn'ku	7
प्रथम अध्याय	10—55
jkt LFkku dk lkL—frd ifjo'k ¼,d ifjp;½	11
1. राज्य का हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र।	21
2. संगीत शिक्षण संस्थाओं की स्थापना से पूर्व का परिवेश।	35
3. संगीत शिक्षण संस्थाओं की स्थापना के बाद का परिदृश्य।	46
4. संगीत शिक्षण संस्थाओं का वर्तमान स्वरूप।	50
द्वितीय अध्याय	56
हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की संगीत शिक्षण संस्थायें।	57—111
1. संगीत शिक्षक की अवधारणा एवं प्रारम्भिक पाठ्यक्रम।	61—75
2. स्वाधीनता से पूर्व स्थापित संगीत शिक्षण संस्थान।	76—78
3- स्वाधीनता के पश्चात् स्थापित संगीत शिक्षण संस्थान।	79&111

1. विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान
2. महाविद्यालय स्तर के संस्थान
3 निजी एवं अशासकीय शिक्षण संस्थान

तृतीय अध्याय 112

''कला एवं ललित कला के सामाजिक सरोकार'' 113–196

1. कला का अर्थ (संगीत कला के परिप्रेक्ष्य में) 130–140
2. संगीत शिक्षा का नवीन पाठ्यक्रम। 141–176
3. संगीत कला की सृजनात्मकता एवं सामाजिक सरोकार। 177–189
4. संगीत कला के विभिन्न व्यावसायिक आयाम। 190–196

चतुर्थ अध्याय 197

संगीत शिक्षण संस्थाओं के संगीत शिक्षक कलाकार एवं उनका योगदान। 198–230

पंचम अध्याय 231

राज्य एवं राष्ट्रीय परिवेश में प्रचलित संगीत शिक्षा की दशा व दिशा। 232–249

षष्टम अध्याय 250

उपसंहार, एक भावी शोध संभावनाएँ। 251–260

हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की संगीत शिक्षण संस्थाओं की प्रमुख (झलकियाँ) 261&268

I nHk xUFk I ph 269–271

शोध अभिलेख पत्र

1. संगीत कला के विभिन्न व्यावसायिक आयाम, नवम्बर, 2015 संगीत कार्यालय, हाथरस (उत्तरप्रदेश) ISSN.0970-7824
2. समाज में संगीत की उपयोगिता, यूनिटी ऑफ राजस्थान, जयपुर (पाक्षिक समाचार पत्र) RNI-NO-RAJHIN/2010/34357
3. जीवन में संगीत का महत्व, औदीच्य संदेश (त्रैमासिक) कोटा (रजि.क्र0 26223/74)

çkDdFku

मानवीय मनोभावों की अभिव्यक्ति का सर्वोत्कृष्ट माध्यम संगीत है जिसके द्वारा शुष्कतम जीवन में सरसता का संचार होता है। संगीत मानव समाज की कलात्मक उपलब्धियों और सांस्कृतिक परम्पराओं का मूर्तिमान प्रतीक माना जाता है।

कलात्मक अभिव्यक्ति का प्राकट्य मानव मन का प्रधान गुण माना गया है एवम् मानवीय मन के विभिन्न भागों को अभिव्यक्ति करने की यह प्रवृति आदिम अवस्था से लेकर आज तक चली आ रही है। संगीत कला के पुरातन काल में जहाँ मानव ने स्वतंत्र रूप से विभिन्न भावों को प्रकट किया तो सभ्यता काल तक आते–आते निष्णात कलाकार के रूप में गुरू की अवधारणा प्रकट हुई है।

गुरू की यह अवधारणा एक और जहाँ पारम्परिक कला क्षेत्र में गुरू शिष्य परम्परा के रूप में विकसित हुई वहीं 20 वीं शताब्दी में राज्य के हाड़ौती तथा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध संगीत विभागों में भी कला सृजन तथा कला इतिहास के संदर्भ में अकादमिक शिक्षा प्रारम्भ हुई।

राजस्थान का हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र संगीत की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा है। हाड़ौती क्षेत्र के अन्तर्गत कोटा, बून्दी, बारां, झालावाड़ तथा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के अन्तर्गत टोंक, जयपुर, तथा दौसा इत्यादि जिलों की गणना की गयी है। हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की सभी संगीत शिक्षण संस्थाओं का अवलोकन करने के उपरान्त यह सत्य प्रकट हुआ है की वर्तमान संगीत जगत

में कई कलाकार राज्य की शिक्षण संस्थाओं के विभागों से निष्णात होकर संगीत जगत में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संगीत कला शिक्षण संस्थाओं की स्थापना के साथ–साथ राज्य के कई संगीत शिक्षक कलाकार विभिन्न सांगीतिक प्रयोगों का सृजन करते आए है। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध मे मेरा मंतव्य क्षेत्र की सभी संगीत शिक्षण संस्थाओं एवं उनके कला स्वरूप को उजागर करना है।

संगीत शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से संगीत जगत में सृजनरत कलाकारों का परिचय तथा संगीत उन्नयन में इन शिक्षण संस्थाओं की रचनात्मक भूमिका को इंगित कर संगीत अभ्यास एवं ज्ञान के संन्दर्भ में शिक्षण संस्थाओं की भूमिका को उजागर करने का प्रयत्न किया गया है।

इन सभी शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय संगीत कार्यक्रमों की समीक्षा कर गुरू–शिष्य परम्परा तथा अकादमिक संगीत कला शिक्षण के मूल उद्वेश्यों को प्रकट किया गया है।

v/;;u dk Lo:i

''संगीत के उन्नयन में हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं की भूमिका'' प्रस्तुत शोध प्रबन्ध कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा सन् 2013 में पीएच.डी. की उपाधि के लिए स्वीकृत किया गया है। इस समस्त प्रबन्ध को मैंने छः अध्यायों में विभक्त किया है,

जिसके माध्यम से संगीत के उन्नयन में हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं की मूल भूमिका को उजागर करना मेरा एक विनम्र प्रयास

रहा है। शोध प्रबन्ध के प्रथम अध्याय में राजस्थान के सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाते हुए हाड़ौती तथा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र का परिचय करवाया गया है।

संगीत शिक्षण संस्थाओं की स्थापना से पूर्व तथा बाद के परिवेश को उल्लेखित करते हुए इन शिक्षण संस्थाओं के वर्तमान स्वरूप को उजागर किया गया है।

द्वितीय अध्याय में संगीत शिक्षक के कर्तव्यों एवं स्वाधीनता से पूर्व तथा स्वाधीनता के बाद स्थापित संगीत शिक्षण संस्थान जिनमें महाविद्यालय, विश्वविद्यालय स्तर के शासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों का परिचय करवाते हुए उनकी रचनात्मक भूमिकाओं को इंगित किया गया है।

तृतीय अध्याय में कला एवं ललित कला का सामाजिक संबंध, कला का, अर्थ (संगीत कला के परिप्रेक्ष्य में) संगीत शिक्षा का नवीन पाठ्यक्रम, संगीत कला की सृजनात्मकता एवं सामाजिक सरोकार तथा संगीत कला के विभिन्न व्यावसायिक आयाम आदि बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया है।

चतुर्थ अध्याय के अन्तर्गत संगीत शिक्षण संस्थाओं के संगीत शिक्षक कलाकारों का परिचय करवाते हुए उनके सांगीतिक योगदान को उल्लेखित किया गया है।

पंचम अध्याय के अन्तर्गत राज्य एवं राष्ट्रीय परिवेश में प्रचलित संगीत शिक्षा की दशा व दिशा को रेखांकित किया गया है।

षष्टम अध्याय में उपसंहार के अन्तर्गत शोध से प्राप्त निष्कर्षो तथा भावी शोध सम्भावनाओं को निरूपित किया गया है।

इस शोध कार्य के लिए विभिन्न पत्रिकाओं, शोध–ग्रन्थों, कला विषयक पुस्तकों के अध्ययन एवं हाड़ौती तथा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित सभी संगीत शिक्षण

संस्थाओं के संगीत विभागों में कार्यरत संगीत शिक्षकों एवं संगीत विभागाध्यक्षों से संम्पर्क स्थापित कर, प्रश्नावली के माध्यम से साक्षात्कार कर शोध सामग्री को एकत्रित कर विषय के अधिकाधिक मूल में जाने का प्रयास किया गया है।

जिससे प्रमाणिक एवं अधिकाधिक जानकारी प्राप्त कर प्रकाश में लाई जा सके। इस पुण्य कार्य हेतु शोध विषयक सामग्री एकत्र करने में मुझे थोड़ी कठिनाई अवश्य हुई परन्तु हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के संगीत शिक्षण संस्थाओं की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने में कौतूहलपूर्ण उत्साह एवं अपार श्रद्वा का प्राबल्य होने के कारण मैने अपना कार्य बिना किसी कठिनाई की परवाह किये रूचि के साथ करने का प्रयास किया है।

संगीत के उन्नयन में हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं की भूमिका विषय पर मेरा यह अतिअल्प प्रयास है, जो विद्वजन के समक्ष प्रस्तुत है। इसमें मुझे कहाँ तक सफलता मिली है उसका निर्णय सहृदय विज्ञ ही करेंगे, क्योंकि साफल्य निष्कर्ष वस्तुतः उन्ही का परितोश है।

प्रदत्त प्रश्नावली के माध्यम से विभिन्न संगीत महानुभावों तथा संगीत विभागों से साक्षात्कार कर उनके द्वारा भरी हुई प्रश्नावलियाँ विभिन्न पत्रिकाएँ, शोध ग्रन्थ प्रमाण के तौर पर viu ikl lqjf{kr gA

vkHkkj&çn'kZu

Jh x.ks'k ,oa eka ljLorh rFkk eka chtklu bUnzx<+ njckj dk oUnu djrs gq;s ije vkuUn Lo:i ,oa fo'odY;k.kdkjh nsoh&nsorkvksa ds pj.kksa esa ureLrd djrk gw¡] ftuds vk'khokZn ,oa —ik n`f"V ls gh ;g 'kks/k izcU/k lQyrk dh vksj vxzlj gqvkA oLrqr% ;g 'kks/k dk;Z ,d lqxfBr dk;Zokgh ds fcuk vlEHko gksrk gS] D;ksafd ;g xq:tuksa lgikfB;ksa fo}tuksa ,oa ikfjokfjd lnL;ksa dh lgk;rk ds fcuk bl dk;Z dk lEiUu gksuk vR;Ur dfBu gksrk gSA blfy, bu lHkh dk vkHkkj O;Dr djrs gq, lozçFke esjs ije iwT; firk Lo- Jh Hkaojyky ckjSB ,oa eka Hkaojh nsoh ckjSB dks g`n; ls ueu djrk gw¡A ftudk vk'khokZn lnSo esjs lkFk jgk gSA

esjs Kku p{kqvksa dks vkyksfdr djds esjs 'kks/k dk;Z dh çFke uhao Mkydj mls çkjEHk djkus ds fy, ije J)s; ,oa çj.kk L=ksr xq:oj ,oa 'kks/k çcU/k ds funsZ'kd Mk- jktsUnz egs'ojh ¼laxhr çoDrk½ jktdh; tkudh nsoh ctkt dU;k egkfo|ky;] dksVk dks ueu djrk gw¡A

;g 'kks/k izcU/k buds vk'khokZn ,oa lkgknzi.kZ ikRlkgu dk ifrQy gSA Mk0 jktsUnz th dh lrr izsj.kk rFkk muds ekxZn'kZu ds ifj.kkeLo:Ik ;g dk;Z fuf'pr vof/k esa lEiUu gks ik;k gSA

e§ l¡xhr foHkkx jktdh; tkudh noh ctkt dU;k egkfo|ky;] dkVk d¢ lHkh ije vknj.kh; iwoDrk ,o¡ deZpkfj;k¢a dk i.kZ lg;kx d¢ fy, ân; l¢ vkHkkj O;Dr djrk g¡wA gkMkZrh ,o¡ <¢<kM¢ {k= fLFkr lHkh l¡xhr f'k{k.k lLFkkvk¢a ,o¡ mue¢a dk;Zjr l¡xhr i¡k/;kidk¢a dk e§ vR;Ur vkHkkjh g¡wA

ftUgkus e¢>s iFke HkkV e¢a gh e¢js }kjk nh xbZ lo¢{k.k i¡'ukoyh dk¢ 'kh?kz Hkjdj e¢>s vko';d tkudkfj;k¡ miyC/k djokdj vk'khokZn inku fd;kA

bud¢ vfrfjDr ftu&ftu x¡.kh tuk¢a dh —fr;k¢a] 'kk¢/k i¡cU/kk¢a ,o¡ i= if=dkvk¢a e¢a i¡dkf'kr y¢[kk¢a }kjk e¢>s 'kk¢/k i¡cU/k e¢a lgk;rk ikIr gqbZ e¢a mu lHkh x¡:tuk¢a dk ân; l¢ ije —rK g¡wA

iLr¡r 'kk¢/k i¡cU/k dh lkexzh l¡p;u e¢a e¢>s fofHkUu iqLrdky;k¢a d¢ vf/kdkfj;k¢a }kjk lg;kx inku fd;k x;k ftue¢a jktLFkku fo'ofo|ky; iqLrdky; t;iqj] jktLFkku l¡xhr lLFkku iqLrdky; t;iqj] o/kZeku egkohj [kqyk fo'ofo|ky; iqLrdky; dkVk] jktdh; tkudh noh ctkt dU;k egkfo|ky; iqLrdky; dkVk] jktdh; egkfo|ky; iqLrdky;] cUnh rFkk cuLFkyh fo|kihB iqLrdky; cuLFkyh dk uke iz[kqrk l¢ fy;k tk ldrk gwA

e§ viuh ifRu Jherh vfurk ckjSB dk Hkh ân; l¢ vkHkkj O;Dr djrk g¡ ftl¢ viuh lqfo/kk&vlqfo/kk dk fopkj u djr¢ gq, e¢>s fujUrj dk;Z djus dh iszj.kk nhr¢ gq, viuk i.kZ lg;kx inku fd;kA

eSa viuh vxzt Hkzkrk Jh lhrkjke Mkxh ¼rduhf'k;u½ Jh uUnjke jk.kk] Jh jktsUnz dqekj jk.kk] vfouk'k jk.kk] euh"k jk.kk] Jh deys'k dqekj jk.kk] ¼t;iqj½] Jh iqgykn jk.kk ¼Vksd½] Jh pUnizdk'k tSu] Jh vkeizdk'k tSu] ¼vfy;kjh okys½] Jh ?ku';ke Mkxh] ¼gkFkhdksbZ½ Jh jk/ks';ke ckjsB] lqxhr v/;kid ¼fuokbZ½] Jh dUgS;k yky pkSgku ¼RAC.KOTA½] Jh rqylhjke lSuh lqxhr v/;kid] >kykokM+ rFkk esjs Hkzkrh tu&Hkzkrhtu /kesZUnz Mkxh] jk[kh Mkxh] Hkkbtk&Hkkbth] egs'k ckjsB] jkedU;k ckjsB ,oa Jh eqd;d HkkfV;k] Jh iqgykn dqekj ukxj ¼v/;kid½] Jh nqxkZ 'kadj oekZ ¼Hkkrio Fkkukunkj lkgc½ rFkk Jh x.ks'k fotp;oxhZ; ¼dksVk½ dk fo'ks"k vkHkkjh gwaA

ftUgksaus eq>s iz.kk lg;ksx ndj fujUrj izxfr'khy jgus dh izsj.kk nhA eSa esjh eerke;h ekW rFkk esjs firk rqY; 'olqj Jh jkeniz th jk.kk] esjs lkMw th Jh x.ks'k jk.kk] dk eSa fo'ks"k vkHkkjh gwA esjh ekW rFkk esjs Lo- firk Jh Hkqojyky ckjsB dk vk'khokZn lnSo gh esjs lkFk 'kks/k dk;Z dks iw.kZ dj ik;k gwaA

dEI;wVj ij dk;Z djus esa Jh fnus'k fot;oxhZ; ,oa Jh j.kthr flag jktkor dk fo'ks"k vkHkkjh gwa ftudk lg;ksx ls 'kks/k izcU/k dks le; ij izLrqr djus esa lQy gks ldkA vUr esa eSa viuh ifjokj ds vU; lHkh lnL;ksa] fe=ksa ,oa lg;ksfx;ksa dk ân; ls vkHkkj O;Dr djrk gwa] ftudk eq>s izR;{k vFkok vizR;{k :i ls lrr~ lg;ksx izkIr gqvkA

¼x.ks'k yky ckjsB½

çFke v/;k;

1- jktLFkku dk lkaLd`frd ifjos'k ¼,d ifjp;½

2- jkT; dk gkMkSrh o <w<kM+ {ks=

3- laxhr f'k{k.k laLFkkvksa dh LFkkiuk ls iwoZ dk ifjos'k

4- laxhr f'k{k.k laLFkkvksa dh LFkkiuk ds ckn dk ifjn`';

5- laxhr f'k{k.k laLFkkvksa dk orZeku Lo:i

jktLFkku dk ifjp;

राजस्थान राज्य को भारत का सबसे बड़ा राज्य होने का गौरव प्राप्त है, साथ ही यह विविधताओं से युक्त एक विशिष्ट राज्य है। यहाँ की संस्कृति एवं सामाजिक व्यवस्था का विकास ऐतिहासिक एवं भौगौलिक परिस्थितियों की देन है, जो सदियों से यहाँ विविधताओं में एकता का सूत्रपात करती आ रही है। यहाँ की ऐतिहासिक, भौगोलिक व सांस्कृतिक धरोहर सदैव आकर्षण का केन्द्र रही है।

राजस्थान का इतिहास हमारी प्राचीन सभ्यता व संस्कृति का सदैव बखान करता है। यहाँ के दुर्ग व किले हमारे साहस व सम्पन्न्ता का प्रतीक है। राजस्थान की इस प्राचीन भूमि पर अनेक सभ्यताओं ने जन्म लिया है, जिनमें पाषाण कालीन, सिन्धु कालीन व ताम्रयुगीन सभ्यताएँ प्रमुख है।

इन सभ्यताओं के पश्चात् यहाँ अनेक राजपूत शासकों का आगमन हुआ, जिन्होने इस प्रदेश को कई रियासतों में बाँट दिया। इस पूरे प्रदेश पर राजपूत शासकों का आधिपत्य होने के कारण इसे राजपूताना कहा जाने लगा। सर्वप्रथम वाल्मीकि ने राजस्थान प्रदेश को मरूकान्तर कहा है।[1]. अबुल फजल ने भी राजस्थान प्रदेश के लिये मरूभूमि शब्द का प्रयोग किया है।[2] राजस्थान शब्द का प्रथम प्रयोग 682 विक्रम संवत् के बसन्तगढ़ शिलालेख में मिलता है।[3]

मुहणोत नेणसी ने अपने ग्रंथ मुहणोत नेणसी री ख्यात में राजस्थान शब्द का प्रयोग किया है।[4]विलियम फ्रेंकलिन ने अपनी पुस्तक ''मिलिट्री मेमोयर्स ऑफ जार्ज थामस'' में सर्वप्रथम इस तथ्य का उल्लेख किया गया है की जार्ज थॉमस ने ही राजस्थान को रातपूताना कहा है।[5]

1. डॉ. महावीर जैन, लक्ष्य, पृष्ठ संख्या 1
2. गजेन्द्र सिंह, राजस्थान संजीवनी, पृष्ठ संख्या 1
3. '' '' '' वही पृष्ठ
4. नवरंग रॉय, राय (राजस्थान का भूगोल) पृष्ठ संख्या 1
5. गजेन्द्र सिंह, राजस्थान संजीवनी, पृष्ठ संख्या 1

प्रसिद्ध इतिहासकार कर्नल जेम्स टाड ने 1829 ई0 में अपनी पुस्तक ''एनल्स एण्ड एण्टीवीटीज ऑफ राजस्थान'' में इस राज्य के लिये रायथान व राजस्थान आदि शब्दों का उल्लेख किया है।[1] वस्तुतः पूर्व तथा उत्तर मध्यकाल में लोग इसे रजवाड़ा या 'राएथान' के नाम से जानते थे, जो रजवाड़ों या राजाओं के राज्य का सूचक था। 'राजपूताना' यह नाम अंग्रेज शासकों का दिया हुआ है।

टॉड के इस भू–भाग पर आने पूर्व भी जोधपुर की अर्जी बहियों में इस प्रदेश के लिए 'राजस्थान' शब्द का प्रयोग मिलता है। यहाँ पर इस संदर्भ में 1708 ई0 के एक शिलालेख की ओर संकेत करना उपयुक्त होगा जिसमे इस भू–भाग को राजस्थान नाम से अभिहित किया गया है। यह शिलालेख सरदार म्यूजियम, जोधपुर में सुरक्षित रखा गया है। शिलालेख में शब्द–प्रयोग इस प्रकार से है

''देश धर्म क्षेत्र सागर, सपवित्र क्षेत्रे तन्मध्ये।
मेरूशिखर सराज विजय, राजस्थान सनृपनिवास''।।[2]

मारवाड़ को संस्कृत ग्रन्थों में मरू, मरूमेदिनी, मरूकान्तर, मरूस्थल आदि नामों अभिहित किया गया है, जिसका अर्थ 'निर्जन' या 'रेगिस्तान' है। इस मरूमण्डल को ही राजस्थानी भाषा में मरूधरा या मारवाड़ कहा गया है। 'वाड़' का अर्थ है रक्षित और मारवाड़ का अर्थ है 'रेगिस्तान।[3]

इस राज्य का निर्माण 1 नवम्बर 1956 ई0 को किया गया।[4] वर्तमान राजस्थान राज्य 26 जनवरी 1950 ई0 को भारत का संविंधान लागू होने के साथ ही इस राज्य को राजस्थान नाम संवैधानिक रूप से प्राप्त हुआ है।[5]

---

1. डॉ. हरिमोहन सक्सैना ''राजस्थान अध्ययन'' भाग.1 पृष्ठ संख्या 3
2. डा. मंजुश्री क्षीरसागर, राजस्थान की संगीत परम्परा' पृष्ठ संख्या 1
3. डा. मंजुश्री क्षीरसागर, राजस्थान की संगीत परम्परा' पृष्ठ संख्या 1
4. आनन्द जोशी, पत्रिका इयर बुक' 2013 पृष्ठ संख्या 477
5. गजेन्द्र सिंह, राजस्थान संजीवनी, पृष्ठ संख्या 1

jktLFkku dk HkkSxksfyd ifjn`';

राजस्थान राज्य भारत के उत्तरी–पश्चिमी भाग में 23'3' से 30'12' उत्तरी अंक्षाश से 69'30' से 78'17' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। कर्क रेखा अर्थात 23.5' राज्य के दक्षिण में बांसवाड़ा व डूंगरपुर जिलों से गुजरती है।[1]

राज्य की उत्तर से दक्षिण की लम्बाई 826 कि.मी. है तथा पूर्व से पश्चिम की चौड़ाई 869 कि.मी. है।[2] राज्य की पश्चिमी सीमा भारत–पाकिस्तान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है, जो 1070 कि.मी.लम्बी है। राज्य की उत्तरी और उत्तरी–पूर्वी सीमा पंजाब तथा हरियाणा से, पूर्वी सीमा उत्तरप्रदेश एंव मध्यप्रदेश तथा दक्षिणी–पश्चिमी सीमा मध्यप्रदेश एवं गुजरात से जुड़ी हुई है।[3]

jktLFkku dk lkL—frd Lo:i

राजस्थान को सांस्कृतिक दृष्टि से भारत का सबसे समृद्धशाली प्रदेश समझा जाता है यहाँ की संस्कृति एक विशाल सागर की तरह है जो गाँव–गाँव व जन–जन में समायी हुई है। राजस्थान की संस्कृति का स्वरूप यहाँ के रजवाड़ों में देखा जा सकता है। इस संस्कृति को आज तक सुरक्षित रखने का सच्चा श्रेय यहाँ के गग्रमीण अंचल को है। संस्कृति के अन्तर्गत कला, साहित्य, कला–कौशल, दुर्ग, मंदिर, व किले इन सभी का अध्ययन किया जाता है।

जो आज भी हमारी संस्कृति का दर्पण है। राजस्थान की संस्कृति के अन्तर्गत रहन–सहन, खान–पान, रीति–रिवाज, साहित्य–कला, त्योहार, इन सभी का अध्ययन किया जाता है। राजस्थान के सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाने के लिये निम्न बिन्दुओं के आधार पर यहाँ की संस्कृति पर प्रकाश डाल गया है।

---

1. डॉ0 हरिमोहन सक्सैना 'राजस्थान अध्ययन' भाग 1 ,पृष्ठ संख्या 27
2. ''   ''   '' ....वही पृष्ठ
3. ''   ''   '' '' .... वही पृष्ठ

jktLFkku d çe[k jhfr&fjokt

इस प्रदेश में अनेक प्रकार के रीति–रिवाजों का प्रचलन रहा है। शहरी क्षेत्र में इन रीति–रिवाजों के प्रचलन में थोड़ी कमी आई है लेकिन गाँवों में आज भी सारे–काम काज इन रीति–रिवाजों के आधार पर ही सम्पन्न किए जाते है। हमारे प्रमुख रीति–रिवाजो में निम्न रीति–रिवाजों को शामिल किया जाता है। जैसे : विनायक पूजन, भात भरना, वधू के तेल चढ़ाना, पाणिग्रहण संस्कार, मूडंन संस्कार इत्यादि हमारे प्रमुख रीति–रिवाज है। यहाँ सोलह संस्कारों का भी पालन किया जाता है। राजस्थान में जन्म, विवाह व मृत्यु इन सभी से सम्बन्धित कार्य इन रीति–रिवाजों के आधार पर ही सम्पन्न किए जाते है।

jktLFkku dh lk>h lL—fr

राजस्थानी जन–जीवन में समन्वय एवं उदारता के गुणों में सांझी संस्कृति को पनपने का अवसर प्रदान किया है। धार्मिक सहिष्णुता के परिणाम स्वरूप अजमेर में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह मे हिन्दू–मुस्लिम एकता के दर्शन होते है। जहाँ सभी धर्म के लोग एकत्र होकर इबादत् (प्रार्थना) करते है और मन्नत माँगते है। लोक देवता गोगाजी व रामदेवजी, के समाधि स्थल पर सभी धर्मानुयायी अपनी आस्था रखकर साम्प्रदायिक सद्भावना का उदाहरण प्रस्तुत करते है।

jktLFkku d yksd ukV;

राजस्थान में लोक नाट्य का प्रारम्भ 18 वी. शताब्दी से माना जाता है। इस प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कुचामणी, जयपुरी, तुर्रा, कलंगी, हाथरसी, शेखावाटी, अलीबख्शी, किशनगढ़ी, आदि ख्याल लोकप्रिय ख्याल रहे है।[1]

1- डॉ. हरिमोहन सक्सैना 'राजस्थान अध्ययन'' भाग 1 पृष्ठ संख्या 37

कुचामणी ख्यालों का निर्माण लच्छीराम द्वारा किया गया था। शेखावाटी ख्याल की रचना नानूराम द्वारा की गई थी। उनके द्वारा प्रतिपादित हीर–राझां, हरिशचन्द्र, भर्तृहरि, जयदेव नामक ख्याल सर्वाधिक लोकप्रिय ख्याल रहे है। इन ख्याल नाट्यों का सूत्रधार हलकारा होता है तथा इसमे नगाड़ा व हारमोनियम नामक वाद्य यन्त्रों का प्रयोग किया जाता है।[1]

jkt LFkku dk yksd&lxhr

लोक संगीत जन समुदाय के स्वाभाविक उद्‌गारों का प्रतिबिम्ब है। कवि रविन्द्रनाथ टेगौर ने लोक गीतों को संस्कृति का सुखद संदेश ले जाने वाली कला कहा है। महात्मा गांधी के शब्दों में 'लोकगीत' ही जनता की भाषा है, लोक गीत हमारी संस्कृति के पहरेदार है। ''राजस्थान के विशिष्ट एवं विविध भौगोलिक परिवेश ने इस प्रदेश के लोक जीवन को सतरंगी स्वरूप प्रदान किया है।[2]

लोक संगीत का मूलाधार लोक गीत है, जिन्हे विभिन्न अवसरों एवं अनुष्ठानों पर सामूहिक रूप से गाया जाता है। लोक वाद्यों की सगंति इनके माधुर्य की वृद्वि करती है। राजस्थान के लोक संगीत में राग सौरठ व देश का प्रयोग अधिक हुआ है। तालों में दादरा, रूपक, कहरवा, आदि तालों का ही प्रयोग किया गया है। लोकगीत कई विषयों से सम्बन्धित होते है जैसे संस्कार, त्योहार, पर्व, ऋतु–देवी–देवता इत्यादि संस्कारों में ज्यादातर गर्भधारण, जन्म, विवाह, विशिष्ट मेहमानों का आगमन विशेष अवसरों पर पधारना आदि गीतों को शामिल किया जाता है।

पाणिग्रहण संस्कार पर सर्वाधिक गीत गाये जाते है। राजस्थान में माँड गायन लोक संगीत की पहचान है । माँड शैली की सुविख्यात लोक गायिका अल्लाह जिल्लाई बाई ने केसरिया बालम आवोनी पधारो म्हारे देश राजस्थानी गीत गाकर इस लोक संगीत को राजस्थान में ही नहीं अपितु विदेशों में भी इसको प्रसिद्धी दिलाई है।

---

1. कुँवर कनक सिंह राव '' राजस्थान धरोहर'' पृष्ठ संख्या 37
2. डॉ. ओम प्रकाश शर्मा राजस्थान अध्ययन भाग 3 पृष्ठ संख्या 53

jktLFkku ds çeq[k esys o mRlo

राजस्थान के सामाजिक जीवन में मेलों व उत्सवों का महत्वपूर्ण स्थान है इन मेलों तथा उत्सवों से न केवल प्राचीन परम्परायें तथा विचारधारायें जुड़ी रहती है वरन् यह मेले तथा लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन होते है। राजस्थान में मनाये जाने वाले उत्सव व मेलों में कजली तीज मेला बून्दी, बरवाड़ा चौथमाता का मेला, कोटा का दशहरा मेला, खाटू श्यामजी का मेला व डिग्गी कल्याण जी का मेला प्रमुख है। उत्सवों के अन्तर्गत दीपावली, कृष्ण जन्माष्टमी, गोगा नवमी, गोवर्धन पूजा, भईयादूज, गुरूपूर्णिमा, इत्यादि उत्सव यहाँ पर धूम–धाम से मनाये जाते है।

आभूषण व वस्त्र :–राजस्थानी जन–जीवन में उमंग व तरंग का विशेष स्थान है। जीवन का प्रत्येक क्षेत्र रंगों से भरा हुआ है तथा जीवन की प्रत्येक अभिव्यक्ति रंगीले राजस्थान की अवधारणा को प्रमाणित करती है । आभूषणों का प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। राजस्थान में कालीबंगा तथा आहड़ से प्राप्त मूर्तियों में भी महिलाओं को चमकीली मणियों के आभूषण पहने हुए दिखाया गया है। राजस्थान में स्त्रियाँ नाक में नथ हाथों मे सफेद चूड़ला, बाजूबंद, बिछियॉ व गले में खूगांली इत्यादि आभूषणों को धारण करती है तथा वस्त्रों में घाघरा व लूगड़ी का अत्यधिक प्रयोग करती है।

jktLFkku dh lkL—frd miyfC/k;k

1. जवाहर कला केन्द्र जयपुर :–राजस्थान की लोक कलाओं, लोक गीतों,

लोक नृत्यों, एवं थियेटर चित्रकला, ख्याल, दंगल, लोक नाट्यों एवं लोक कलाओं के संरक्षण हेतु राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 1993 में जयपुर जवाहर कला केन्द्र की स्थापना की गई।[1]

1. जी.सी. जाखड़ ''शिखर'' पृष्ठ संख्या 258

2. राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स जयपुर :–ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की कलाओं के संरक्षण एवं विकास हेतु 1857 ई0 में जयपुर के शासक महाराज रामसिंह द्वारा ''मदरसा–ए–हुनरी नामक कला संस्थान की स्थापना की। वर्तमान में यह संस्थान '' राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स जयपुर'' के नाम से प्रसिद्ध है जो चित्रकला एवं लोक कलाओं पर शोध एवं प्रशिक्षण कार्य करवाता है।[1]

3. राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर :– लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत एवं संगीत शिक्षा के संवर्द्धन हेतु जयपुर में ''राजस्थान संगीत संस्थान'' की स्थापना 1950 ई0 में की गई।[2]

4. राजस्थान संगीत अकादमी जोधपुर :– राजस्थान में संगीत प्रधान रचनाओं वाद्यों, लोक नाट्यों, लोक नृत्यों, के समग्र विकास संवर्द्धन हेतू ''राजस्थान संगीत अकादमी'' की स्थापना जोधपुर में 6 दिसम्बर 1957 ई0 में की गई है।[3]

5. गुरूनानक संस्थान जयपुर :– इस संस्थान की स्थापना 1969 में जयपुर में की गई है। इसके द्वारा स्कूली बच्चों व आम जन को राजस्थानी कला एवं संस्कृति की सामान्य जानकरी व प्रशिक्षण दिया जाता है।[4]

6. जयपुर कथक केन्द्र :–जयपुर के प्रसिद्ध कथक घराने एवं कथक नृत्य को संरक्षण देने के लिये 1978 ई0 में जयपुर कथक केन्द्र की स्थापना की गई हैं। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य जयपुर घराने के कथक का प्रशिक्षण देने तथा नृत्य कला के प्रति रूझान पैदा करना है।[5]

7. रविन्द्र मंच जयपुर :–सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति विशेष कर नाटकों के मंचन हेतु 15 अगस्त 1963 ई0 को रामनिवास बाग परिसर में रविन्द्र मंच की स्थापना की गई है।[6]

---

1 जी.सी. जाखड़ ''शिखर'' पृष्ठ संख्या 258
2. '' '' '' '' वही पृष्ठ
3. '' '' '' '' वही पृष्ठ
4. '' '' '' '' वही पृष्ठ
5. '' '' '' '' वही पृष्ठ
6. '' '' '' '' वही पृष्ठ

8. भारतीय लोक कला मण्डल उदयपुर :–राजस्थान के लोक कलाकार पद्मश्री स्वः देवीलाल सामर द्वारा उदयपुर में ''भारतीय लोक कला मण्डल की स्थापना 1952 ई0 में की गई थी। इस संस्थान का प्रमुख कार्य कठपुतली नृत्य कला का विकास करना है।[1]

9. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर :–राजस्थानी भाषा एंव साहित्य के विकास हेतु इसकी स्थापना 1983 ई0 में बीकानेर में गई है। इस संस्थान का प्रमुख कार्य राजस्थानी भाषा व साहित्य को बढ़ावा देना है।[2]

10. राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर :–इसकी स्थापना 24 नवम्बर 1957 ई0 को जयपुर में की गई है। इसका प्रमुख कार्य ललित कलाओं को संरक्षण çnku djuk gA[3]

Lkxhr vkj uR;

संगीत के क्षेत्र में राजस्थान की समृद्ध एवं गौरवशाली परम्पराएँ रही है। यहाँ की धरा के कण–कण में कला और संस्कृति बसी हुई है। भक्त शिरोमणी मीरा के भजनों ने जिस धरती पर संगीत की सरिता प्रवाहित की और अष्टछाप कवियों ने अपने गीतों में कृष्ण लीला का सजीव चित्रण किया वही प्रवृत्तिकाल में इस धरती के अनेक सपूतों ने संगीत की इस समृद्ध परम्परा को आगे बढ़ाया है।

संगीत राजस्थान के राजदरबारों की 'kkHkk था :–कई राजा महाराजा स्वंय श्रेष्ठ संगीतज्ञ थे। जयपुर, टोंक, अलवर, भरतपुर, बीकानेर,जोधपुर, आदि रियासतों के राजा–महाराजाओं ने संगीतज्ञों का बहुत सम्मान किया। राजस्थान में ध्रुपद, धमार, कीर्तन आदि गायन शैलियों का भी समुचित विकास हुआ है, जो आज भी हवेली संगीत की परम्परा में जीवित है।

---

1. जी.सी. जाखड़ ''शिखर'' पृष्ठ संख्या 259
2. '' '' '' '' वही पृष्ठ
3. '' '' '' '' वही पृष्ठ

ध्रुपद धमार के डागर घराने के गायक बहराम खाँ डागर प्रमुख गायक रहे है। ख्याल गायकी का मेवाती घराना तथा वाद्य संगीत मे प्रसिद्व सितार का सेनिया घराना भी राजस्थान में ही विकसित हुआ है।[1]

राजस्थान की शास्त्रीय नृत्य परम्परा में कथक नृत्य का विशेष स्थान है। जयपुर कथक नृत्य शैली का घराना माना जाता है। इस नृत्य शैली के कलाकारों में पंडित गिरधारी महाराज, राजेन्द्र गंगानी तथा डॉ. शशि सांखला प्रमुख है।[2]

राजपूत राजाओं के संरक्षण में लोक कलाओं का भी निरन्तर विकास हुआ है राजस्थान के लोक संगीत की धारा सदियों से कई रूपों में प्रवाहमान रही है। यहाँ के प्रसिद्व लोक वाद्यों मे सांरगी, रावणहत्था, रबाब, इकतारा, अलगोजा व भंपग आदि प्रमुख वाद्य यंत्र है।[3]

लोक नृत्यों का वर्गीकरण हम क्षैत्रिय लोक नृत्य, जातिय लोक न्त्य व व्यावसायिक लोक नृत्य, के रूप में कर सकते है। जिनमें शेखावटी का गीदंड़, मारवाड़ का डाडिंया, जालौर का ढ़ोल नृत्य, जसनाथी सम्प्रदाय का अग्नि नृत्य और अलवर, भरतपुर, का बम रसिया नृत्य आते है। व्यावसायिक लोक नृत्य में भवई व तेरहताली नृत्य प्रमुख है।[4]

---

1. डॉ. अमर सिंह राठौर संदर्भिका सुजम पृष्ठ संख्या 968
2. " " " " वही पृष्ठ
3. " " " " वही पृष्ठ
4. " " " " वही पृष्ठ

उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है । यहाँ की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर व प्राकृतिक सौन्दर्य सदैव आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहा है। यहाँ की प्राकृतिक छटा ने सदैव पर्यटको को अपनी और आकर्षित किया है। ऐसा माना जाता है की यहाँ की मिट्टी का कण–कण यहाँ के वीर पुरूषों की विजय गाथाओं का गुणगान करता है। राजस्थान की कला एंव संस्कृति को विश्व मे सर्वोच्य स्थान प्राप्त है। यहॉ की राजस्थानी वेशभूषा, खान–पान, रहन–सहन, आभूषण एवं यहाँ का लोक संगीत सदैव पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है । राजस्थान के दुर्ग व किले हमारे साहस व सौन्दर्य के प्रतीक माने गये है । यहाँ अनेक प्रकार की परम्पराओं व रीति–रिवाजों का प्रचलन रहा है। यहाँ जन्म से लेकर मृत्यु तक जुड़े सभी कार्य इन रीति–रिवाजों के द्वारा ही सम्पन्न किये जाते है।

यहाँ अनेक मेलों का आयोजन किया जाता है। जिनमे डिग्गी कल्याणजी व खाटू श्यामजी का मेला प्रमुख है। राजस्थान में जिन उत्सवों पर मेले लगते है उनमे मुख्यतः गणेश चतुर्थी, दशहरा, कार्तिक पूर्णिमा, मेला, शिवरात्री मेला, अजमेर ख्वाजा साहब का उर्स मेला, प्रमुख है। राजस्थान का लोक नाट्य, लोक कलाएँ एवं लोक नृत्य यहाँ की कला एवं संस्कृति के परिचायक माने गये है। यहाँ की संस्कृति में एकता व प्रेम की भावना निहित है। राजस्थान की यह मरूभूमि अनेक कलाओं की जन्म स्थली रही है। यहाँ की धरती पर सभी कलाओं का विकास हुआ है। यहाँ की चित्रकला, मूर्तिकला, व संगीत कला एवं अन्य लोक कलाओं ने सदैव पर्यटकों को अपनी और आकर्षित किया है। स्वतन्त्रता के पश्चात् इन कलाओं को संरक्षण भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा ही प्राप्त हो रहा है। सरकार ने कलाओं को बढ़ावा देने के लिए अनेक कला केन्द्रों की स्थापना की है। जिनमे जवाहर कला केन्द्र, राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स जयपुर, राजस्थान संगीत संस्थान, रविन्द्र मंच जयपुर व राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर, भारतीय लोक कला मण्डल, उदयपुर व जयपुर कथक केन्द्र, इत्यादि सभी केन्द्र इन कलाओं को संरक्षण प्रदान करने हेतु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

jkT; dk gkM+kSrh

,oa

<a<kM+ क्षेत्र

jkT; dk gkMkrh o <k<kM क्षेत्र

राजस्थान राज्य जहाँ एक और इसके गौरव शाली इतिहास के लिए माना जाता है, वहीं दूसरी और इसका भौतिक स्वरूप भी विशिष्टता लिए हुए है । राज्य के भौतिक पर्यावरण ने यहाँ के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व आर्थिक वातावरण को सदैव प्रभावित किया है और वर्तमान में भी राज्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ।

धर्म व संस्कृति की धरोहर का जतन करते हुए, राष्ट्र की स्वतंत्रता व शरणागत की रक्षा में अपनी आन पर प्राणों की आहूति देकर, वीरों के लिए आदर्श उपस्थित करने वाले गोब्राह्मण प्रतिपालक, हिन्दुसुरत्राण क्षत्रियों के बलिदान से गौरवान्वित रंग–रंगीला राजस्थान, भारत का ही नहीं अपितु विश्वद्वीप का भी स्वर्ग माना गया है।

रणांगण पर अपने पतियों को मंगल की कामना से भेजने वाली सैकड़ों क्षत्राणियों ने अमंगल की आशंका मात्र से धधकती ज्वालाओं में जौहर कर इस भूमि को पावन बनाया है हजारों साधु–संतों ने अपनी अमृतमयी वाणी में उपदेश देकर शताब्दियों तक जन–जन की ईश्वर व धर्म के प्रति आस्था बनाये रखते हुए यहाँ समन्वय का पाठ पढ़ाया है और इस बलिदान व सर्मपण की गाथाओं को इसी धरती पर जन्मे कवियों ने गाया है।[1]

वर्तमान राजस्थान के लिये पहले किसी एक नाम का प्रयोग नहीं मिलता है। इसके भिन्न–भिन्न क्षेत्रों को भिन्न–भिन्न नामों से जाना जाता था। जैसे वर्तमान बीकानेर व जोधपुर क्षेत्र को महाभारत काल में जांगलदेश के नाम से जाना जाता था।[2] जोधपुर राज्य को मारवाड़ अथवा मरू प्रदेश के नाम से जाना जाता था।[3]

---

1. डॉ. मजूं श्री क्षीर सागर राज0 की संगीत परम्परा पृष्ठ संख्या 1
2. डॉ. हरिमोहन सक्सैना –''राजस्थान अध्ययन भाग.**I (RBSE)** पृष्ठ संख्या 2
3. ....वही पृष्ठ

कोटा और बून्दी को हाड़ौती क्षेत्र के नाम से जाना जाता था । झालावाड़ का दक्षिणी भाग मालव देश के अन्तर्गत गिना जाता था।[1] जयपुर, दौसा, टोंक तथा सवाईमाधोपुर के कुछ भाग को ढूंढ़ाड़ प्रदेश कहा जाता था।[2]

राजस्थान में भी अनेक राजपूत शासकों ने अपने–अपने राज्य स्थापित कर लिये थे। इनमें मारवाड़ के प्रतिहार व राठौड़, मेवाड़ के गुहिल, सांभर के चौहान, आमेर के कछवाहा एवं जैसलमेर राज्य के भाटी शासक प्रमुख रहे है।[3]

स्वतंत्रता से पूर्व राजस्थान–मारवाड़, ढूंढ़ाड़, शेखावटी, हाड़ौती, मेवात, मेरवाड़ा, बागढ़, मेवाड़ आदि नामों से विभिन्न प्रकार के भू–भाग में विभाजित था, जिन पर सूर्यवंशी, चन्द्रवंशी या अग्निवंशी राजपूत शासकों का आधिपत्य था। मारवाड़ और बीकानेर में राठौड़, ढूंढ़ाड़ में कछवाहा, हाड़ौती मे हाड़ा तथा मेवाड़ में गुहिल वंशीय शासकों का राज्य था।[4]

राजस्थान मे इन सभी वंशों में मेवाड़ का गुहिल वंश सबसे प्राचीन है तथा प्रेम और धर्मनिष्ठा तथा रक्त की पवित्रता के लिए भारत मे ही नहीं, समूचे विश्व में प्रसिद्ध है।[4]

राजस्थान को राजपूत काल में अनेक नामों पुकारा जाता था, एवं वर्तमान समय में भी राजस्थान के विभिन्न जिलों को प्राचीन नामों से ही जाना जाता है, जैसे मारवाड़, मेवाड़, हाड़ौती, शैखावटी, बागड़ व ढूंढ़ाड़ इत्यादि।

इस शोध के अन्तर्गत हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में सम्मिलित जिलों का ही अध्ययन किया गया है।

---

1. डॉ. हरिमोहन सक्सैना –''राजस्थान अध्ययन भाग.I (RBSE)पृष्ठ संख्या 2
2. आनन्द जोशी पत्रिका इयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 699
3. डॉ. हरिमोहन सक्सैना –''राजस्थान अध्ययन भाग.I (RBSE)पृष्ठ संख्या 2
4. डा. कौमुदी बर्डे'' राजस्थान दरबारी संगीतज्ञ'' पृष्ठ संख्या 1

gkMkSrh क्षेत्र dk ifjp;

वर्तमान हाड़ौती क्षेत्र पर चौहान वंशीय हाड़ा राजपूत राजाओं का ही अधिकार था। इन चौहान शासकों ने सर्वप्रथम बून्दी पर अपना अधिकार कर बून्दी राज्य के अन्तर्गत कोटा, बारां व झालावाड़ को भी बून्दी राज्य में सम्मिलित कर लिया।

इस सम्पूर्ण प्रदेश पर हाड़ा चौहान शासकों का अधिकार होने के कारण इस प्रदेश को हाड़ौती के नाम से जाना जाता था। जब से यहाँ चौहान वंश की हाड़ा शाखा का अधिकार 1341 ई0 में हुआ तब से यह इलाका हाड़ौती (हाड़ावती) कहलाने लगा।

यह पूरा क्षेत्र अनेक छोटी–छोटी पर्वत मालाओं से घिरा हुआ है, जिनमें मुकन्दरा व बूंदी की पहाड़ियाँ प्रमुख है। यह पूरा प्रदेश एक पठारी भाग है जिसे हाड़ौती के पठार के नाम से जाना जाता है। यह मालवा के पठार का विस्तार है तथा इसका विस्तार कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां जिले में है।

इस क्षेत्र की प्रमुख नदियों में चंबल, कालीसिन्ध, पार्वती व परवन इत्यादि नदियों की गणना की जाती है। यहाँ का प्राकृतिक वातावरण अत्यन्त भव्य है, जो सदैव अपनी और आकर्षित करता रहता है। वर्तमान समय में भी इस प्रदेश को हाड़ौती के नाम से ही जाना जाता है।

इस क्षेत्र के अन्तर्गत कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां जिलों को ही सम्मिलित किया गया है। इस क्षेत्र के उत्तर में ढूंढ़ाड., पूर्व में गिर्द क्षेत्र पश्चिम में मेवाड़ व दक्षिण में मालवा का क्षेत्र स्थित है। यहाँ केवल हाड़ौती क्षेत्र में सम्मिलित जिलों पर ही प्रकाश डाला गया हA

cUnh

बून्दी एक प्राकृतिक घाटी में बसा हुआ एक भव्य शहर है, जिसे छोटी काशी के नाम से जाना जाता है। प्राकृतिक आवरण की चादर ओढ़े यह भव्य शहर अरावली की पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यहाँ का प्राकृतिक सौन्दर्य सदैव अपनी और आकर्षित करता रहता है।

यह शहर अपनी स्थापना के समय से ही विद्वानों, वीरों व सन्तों के आश्रय की त्रिवेणी रहा है। इस भव्य शहर में अनेक तालाब व प्राचीन बावड़ियाँ विद्यमान है। यहाँ पर स्थित ऐतिहासिक तारागढ़ किला हाड़ा राजपूतों के अपार शौर्य और वीरता का प्रतीक माना जाता है। सन् 1342 ई0 में 'राव देवा ने बूंदी नगरी की स्थापना की थी।[1]

भौगोलिक स्वरूप

राजस्थान राज्य के दक्षिणी–पूर्वी में स्थित एक अनियमित, समतल व चतुर्भुजाकार बूंदी जिला 24' 59'11 और उत्तरी अक्षांश तथा 75' 19'30' से 76' 19'11 पूर्वी देशान्तर के मध्य में फैला हुआ है। बूंदी मुख्यतया पहाड़ी क्षेत्र है। इसके पश्चिमी भाग में अरावली की पहाड़ियाँ है। इस जिले की सीमाएँ उत्तर में टोंक, पूर्व में सवाईमाधोपुर पश्चिम में भीलवाड़ा व दक्षिण में चितौड़ गढ़ जिले से मिलती है।[2]

परिवहन

यह जिला सड़क व रेल मार्ग दोनों से ही जुड़ा हुआ है।

---

1. डॉ अमर सिंह राठौड़' राजस्थान सुजस' पृष्ठ संख्या 1173
2. " " " " " " वही पृष्ठ

dkVk

कोटा की स्थापना 13 वीं शताब्दी में बूंदी के शासक समरसी के पुत्र जेतसी ने की थी ।[1] प्रारम्भ में कोटा बूंदी राज्य का ही एक भाग था, जिसे शाहजहाँ ने बूंदी से अलग कर माधोसिंह को सौंपकर 1631 ई0 में नये राज्य के रूप में मान्यता दी।[2]

कोटा राज्य का दीवान झाला जालिम सिंह इतिहास चर्चित व्यक्ति रहा है।कोटा रियासत पर उसका पूर्ण नियन्त्रण रहा है। कोटा मे ऐतिहासिक काल से आज तक कृष्ण भक्ति का प्रभाव रहा है। इसलिए कोटा एक नाम नन्दग्राम भी मिलता है।

जेतसी ने कोटा के स्थानीय शासक कोटिया भील को परास्त कर उसके नाम से ही कोटा की स्थापना की है।[3] वर्तमान समय में कोटा को औद्योगिक नगरी के नाम से जाना जाता है । ये शहर चम्बल नदी के किनारे पर बसा हुआ है । ''इसे राजस्थान का कानपुर'' भी कहा जाता है ।[4] वर्तमान समय में इसे शैक्षणिक नगरी के नाम से भी जाना जाता है ।

---

1. डॉ. हरिमोहन सक्सैना –''राजस्थान अध्ययन भाग.**(RBSE)** पृष्ठ संख्या 20
2. '' '' '' '' '' '' पृष्ठ संख्या 16
3. डॉ. हरिमोहन सक्सैना –''राजस्थान अध्ययन भाग. **(RBSE)** पृष्ठ संख्या 20
4. कुवंर कनक सिंह राव ''राजस्थान धरोधर'' पृष्ठ संख्या .82

dkVk dh Hkkxkfyd fLFkfr

कोटा जिला राजस्थान के दक्षिणी–पूर्वी भाग में स्थित है । यह 25'25' से 25'51' उत्तरी अंक्षाश तथा 75'35' से 77'29' दक्षिणी देशान्तर के बीच स्थित है । इसके पश्चिम में चितौड़गढ़ जिला, दक्षिण में झालावाड़ जिला व मध्यप्रदेश का मंदसौर जिला पूर्व में बारां जिला एवं पश्चिम में बूंदी जिला है ।

इस जिले का कुल क्षेत्रफल 5,217 वर्ग किलोमीटर है।[1] यहाँ चम्बल नदी पूरे बारह महीने बहने वाली नदी है। सन् 1949 ई0 मे कोटा जिले का वृहद् राजस्थान में विलय हुआ।[2] कोटा बैराज एंव आलनियाँ डेम यहाँ के प्रमुख बांध है। यहाँ के अभ्यारणों में जवाहर सागर अभ्यारण व नेशनल चम्बल (घड़ियाल) अभ्यारण प्रमुख है।

यहाँ के ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों में अभेड़ा महल, विभिषण मंदिर, मथुराधीश मंदिर, कंसुवा का शिव मंदिर, चम्बल उद्यान, हाड़ौती यातायात प्रशिक्षण पार्क भीतरिया कुण्ड, प्रमुख दर्शनीय स्थल माने जाते है।

कोटा के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में केरियर पॉइंट, रेजोनेन्स, आकाश, ऐलन इत्यादि प्रमुख कोचिंग संस्थान माने जाते है। यहाँ तीन विश्वविद्यालय स्थापित किए गये है।

ifjogu

यह जिला रेल व सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है एवं हवाई सेवा के लिये प्रयासरत् है।

---

1. कुँवर कनक सिंह राव ''राजस्थान धरोधर'' पृष्ठ संख्या .82
2. .....वही पृष्ठ

ckjka

,frgkfld i"B Hkfe

बारां जिला 14वी व 15वीं शताब्दी में सोलंकी राजपूतों के आधीन था। उस समय इसके अन्तर्गत बारह गांव ही आते थे, इसलिए यह नगर बारां के नाम से पुकारा जाने लगा। इसका प्राचीन नाम वराह नगरी होने का भी एक पुष्ट प्रमाण है। बारां समुद्र तल से 262 मीटर की ऊंचाई पर कालीसिंध, पार्वती व परवन नदियों के बीच स्थित है। मार्च 1949 को राजस्थान का पुनर्गठन होने पर बारां जिले को तोड़कर उपखण्ड में बदल दिया गया। तभी से बारां कोटा जिले का एक बड़ा कस्बा व उपखण्ड बन गया। कई आन्दोलनों के बाद 10 अप्रेल 1991 को पुनः बारां को जिले का दर्जा दे दिया गया।[1]

Hkkxkfyd ifjn';

बारां जिला राजस्थान के मानचित्र में दक्षिण–पूर्वी भू–भाग पर 24′25′ से 25′55′ उत्तरी अंक्षाश तथा 76′12′ से 76′26′ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। मध्यप्रदेश की श्योपुर कला, व शिवपुरी व गुना जिलो की सीमाएँ पूर्व में कोटा जिले की सीमाएँ उत्तर–पश्चिम तथा झालावाड़ जिले की सीमाएँ दक्षिण में स्पर्श करती है।

इस जिले की प्रमुख नदियों में पार्वती, कूक, ल्हासी, रेतम व परवन आदि नदियाँ यहाँ बहती रहती हैं।[2]

ifjogu

1. ये जिला सड़क व रेल दोंनों ही मार्गो से जुड़ा हुआ है।

1.आनन्द जोशी की 'पत्रिका इयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 781

2. ″ ″ ″ ″ ″ वही पृष्ठ संख्या

>kykokM+

>kykokM+ dh ,frgkfld i"B Hkwfe

राजस्थान का दक्षिण–पूर्वी सीमान्त जिला झालावाड़ जहाँ राजपूताना शैली की सांस्कृतिक विरासत को अपने में समेटे हुए है, वहीं मालवा की सांस्कृतिक समृद्धि भी यहीं पर पल्लवित हुई है। राज्य के हाड़ौती क्षेत्र में स्थापित यह जिला मालवा व राजपूत शैली की संस्कृतियों का अनूठा संगम स्थल है। मुगल काल में यह जिला मालवा प्रदेश का ही एक भाग माना जाता था, परन्तु बाद में झाला शासकों ने ही यहाँ के साहित्यिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रवृत्तियों के मार्ग को प्रशस्त किया है। स्वतन्त्र भारत और वृहद् राजस्थान में इस क्षेत्र को मिलाने का कार्य यहाँ के अन्तिम शासक हरिशचन्द्र सिंह ने किया था। यहाँ की प्राकृतिक, भौगौलिक और खनिज सम्पदा से समृद्ध इस जिले में बहुत विकास हुआ है। झालावाड़ को झालाओं की भूमि से परिभाषित किया गया है।[1]

वृहद् राजस्थान में इस क्षेत्र को मिलाने का श्रेय यहाँ के अन्तिम शासक महाराजा हरिशचन्द्र सिंह को है।[2]झालावाड़ पर झाला शासकों का अधिकार होने के कारण, झाला शासकों के आधार पर ही इस जिले का नाम झालावाड़ रखा गया है। यहाँ की प्राकृतिक छटा सदैव अपनी और आकर्षित करती रहती है।

>kykokM+ dh Hkkxkfyd fLFkfr

यह जिला राजस्थान के दक्षिणी–पूर्वी कोने पर उत्तरी अंक्षाश में 23'45'20' से 24'52'17' एवं उत्तरी अंक्षाश एवं 75'27'35' से 76'56'48' पूर्वी देशान्तर मे मालवा पठार के किनारे पर स्थित है ।[3] यहाँ के ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों में गागरोन का दुर्ग, मनोहर थाना का किला, भवानी नाट्य शाला, तथा सूर्य मंदिर प्रमुख आकर्षण का केन्द्र माने जाते है।

1 डॉ अमर सिंह राठौड़ 'राजस्थान सुजस पृष्ठ संख्या 1179

2 आनन्द जोशी ''पत्रिका ईयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 774

3 आनन्द जोशी ''पत्रिका ईयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 773

<<kM {k= dk ifjp;

ढूंढ़ाड़ राजस्थान राज्य का एक ऐतिहासिक क्षेत्र रहा है। इस क्षेत्र को समय–समय पर भिन्न–भिन्न नामों से जाना जाता था। जैसे आमेर राज्य, जयपुर राज्य व कछवाहा राज्य इत्यादि। यह क्षेत्र राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है। यह पूरा क्षेत्र अरावली की पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इस क्षेत्र पर अधिंकाश कछवाहा शासकों का आधिपत्य रहा है। कछवाहा वंश राजस्थान के इतिहास मंच पर पर 12 वीं शताब्दी से दिखाई देता हैं। इस वंश का प्रमुख शासक दुल्हैराय था। जिसने 1136 ई0 में ढूंढ़ाड. राज्य की स्थापना कर दौसा को कछवाहा राज्य (ढूंढ़ाड. राज्य) की प्रथम राजधानी बनाया था।[1]

दौसा के पश्चात् कछवाहा शासकों ने जमवारामगढ़ को ढूंढ़ाड़ राज्य की दूसरी राजधानी बनाया। इसके बाद दुल्हैराय के सुपुत्र कोकिल देव ने आमेर को तीसरी राजधानी बनाकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।[2] ढूंढ़ाड़ प्रदेश की महिमा का बखान करते हुए कवि ब्रह्यमल्ल ने लिखा है।

nsl <<kgM] lkHkk/k.kh] iqtS rgk¡ vyh eu r.khA
fueZy ry unh cgQjh] lyHk cls lkxkuqjhAA[3]

यह राज्य कला एवं संस्कृति का गढ़ रहा है,। पर्यटक की दृष्टि से भी यह राज्य समृद्वशाली राज्य रहा है। ढूंढ़ाड. राज्य की प्रमुख निजामतों में जयपुर, दौसा, गंगापुर, कोटकासिम, सवाईमाधोपुर, मालपुरा, साम्भर व शैखावटी की गणना की जाती थी।[4] ढूंढ़ाड. राज्य के प्रमुख ठिकानों में बरवाड़ा, चौमु, डिग्गी, दूनी, अचरोल, पदमपुरा, शाहपुरा, कालवाड़, डॉगर थल, दूदू, मंडा, बाहेड़ा व डूँगरी इत्यादि गांवो की गणना की जाती थी। इस राज्य का प्राकृतिक सौन्दर्य सदैव अपनी और आकर्षित करता रहता है। वर्तमान समय में भी इस राज्य को ढूंढ़ाड़ राज्य के नाम से ही जाना जाता है।

---

1. हरिमोहन सक्सैना, राज्य अध्ययन भाग–प्रथम पृष्ठ संख्या 12
2. आनन्द जोशी, पत्रिका इयर बुक 2013, पृष्ठ संख्या 831
3. चन्द्रमणि सिंह, जयपुर राज्य का इतिहास पृष्ठ संख्या 171

<।<kM dk vFk

प्राकृतिक आधार पर, सोता, साबी, कॉटली, चम्बल और बनास नदियों के बीच बसे हुये क्षेत्र का नाम ढूंढ़ाड़ है।[1] ''ढूंढ़ाड़ के बारे में दुसरा रोचक तथ्य यह भी है कि ढूंढ़ नदी के आस–पास के क्षेत्र को ढूंढ़ाड़ कहा है। रेत के टिलों की वजह से दौसा, जयुपर और टोंक के कुछ भाग को ढूंढ़ाड़ कहा गया है।''[2] आधुनिक जयपुर के पास बहने वाली ढूंढ़ नदी के समीपवर्ती भाग को ढूंढ़ाड़ कहते है।[3]

ढूंढ़ाड़ के बारे में तीसरा रोचक तथ्य यह है कि महमूद गजनवी ने अजमेर के शासक बीसल देव पर आक्रमण कर दिया था। महमूद गजनवी के डर से बीसलदेव जोबनेर में जाकर छुप गया और पुनः शक्ति को एकत्रित कर महमूद गजनवी के सैनिकों को ढूंढ़–ढूंढ़ कर उनका विनाश किया, इस कारण इस भू–भाग का नाम कालान्तर मे ढूंढ़ाड़ पड़ा।[4]

<।<kM {k= dh lhek,¡

प्रायः ढूंढ़ाड क्षेत्र की सीमाएँ उत्तर मे कोठपुतली, पूर्व में अलवर में बैराठ, पश्चिम में साभंर और शैखावटी तक बतायी गयी है। इस राज्य में वर्तमान जयपुर, दौसा, सीकर, झुंझुनू एवं सवाईमाधोपुर जिलों के कुछ भू–भाग सम्मिलित थे।[5] इन सभी क्षेत्र में क्षेत्रीय भाषा (झाड़शाही) ढूंढ़ाड़ी ही बोली जाती है। इस ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के अन्तर्गत टोंक का कुछ भाग, जयपुर व दौसा जिले ही आते है।

---

1. डॉ.अमर सिंह राठौड़ संदर्भिका राजस्थान सुजस पृष्ठ संख्या 938
2. सम्पादक आनन्द जोशी की 'पत्रिका इयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 698
3. कुँवर कनक सिंह राव 'राजस्थान धरोहर' पृष्ठ संख्या 114
4. डा.अमर सिंह राठौड़ संदर्भिका राजस्थान सुजस पृष्ठ संख्या 938
5. चन्द्रमणि सिंह जयपुर राज्य का इतिहास' पृष्ठ संख्या 160

Tk ; ij

राजस्थान की राजधानी जयपुर पूर्व का पेरिस तथा गुलाबी नगरी के नाम से प्रसिद्व है। इस शहर की स्थापना कछवाहा वंश के महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने 18 नवम्बर 1727 ई0 को की थी। जयपुर का निर्माण ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के सिद्वान्तों के आधार पर किया गया है।

इस शहर का वास्तु नियोजन पंडित विद्याधर भट्ट ने किया था। उन्होंने शहर को नौ वर्गो के सिद्वान्त के आधार पर बसाने का फैसला किया एवं जयपुर के राजमार्ग ज्यामितिक सूत्रों और गणितीय सिद्वान्तों को ध्यान मे रखकर बनाऐं गये है।[1] इस नगर के चारों और सात प्रवेश द्वार बनायें गये है। इनमे चाँद पोल गेट, अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, घाट गेट, सूरजपोल गेट, गंगापोल गेट व जोरावर सिंह गेट, आज भी जन–जीवन के साक्षी बने हुये है।[2]

सवाई जयसिंह ने जयपुर को कला के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए अनेक कलाकारों और विशेषज्ञों को विभिन्न स्थानों से लाकर उन्हे जयपुर में बसाया और राज्याश्रय प्रदान किया। इससे यह शहर शिल्पकला , चित्रकारी, मीनाकारी,जवाहारात, पीतल की नक्काशी, हस्त निर्मित कागज, रत्नाभूषण तथा छपाई कला आदि सभी कलाओं में उत्कृष्टता अर्जित कर सका है।

प्रिंस ऑफ वेल्स के सन् 1876 मे जयपुर आगमन के समय शहर को एकरूपता प्रदान करने के लिए गुलाबी रंग से रंगा गया एवं इसके बाद से ये शहर विश्व में ''गुलाबी'' नगरी के नाम से विख्यात हुआ।[3]

---

1. सम्पादक आनन्द जोशी की 'पत्रिका इयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 683
2. डॉ.अमर सिंह राठौड़ संदर्भिका राजस्थान सुजस पृष्ठ संख्या 1143
3. '' '' '' '' '' वही पृष्ठ संख्या

Hkkxkfyd ifjn';

ये जिला राजस्थान के पूर्वी भाग में 26′23′ से 27′51′ उत्तरी अक्षांश एवं 74′55′ से 76′50′ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। इसके उत्तर में सीकर व हरियाणा का महेन्द्रगढ़ जिला दक्षिण में टोंक, पूर्व में अलवर, दौसा एवं सवाईमाधोपुर तथा पश्चिम में नागौर व अजमेर जिले है।[1] इस जिले का क्षेत्रफल 11,143 वर्ग कि.मी. है। इस जिले की प्रमुख नदियों मे बाणगंगा, ढूंढ़, मोरेल, बांडी और डाई प्रमुख नदियाँ है।[2]

यहाँ के प्रमुख ऐतिहासिक एवं दार्शनिक स्थलों में आमेर का किला, सिटी पैलेस, जन्तर–मन्तर, हवामहल, जलमहल, गलताजी, बी.एम.बिड़ला सभागार, तथा सांभर झील प्रमुख है। यहाँ की प्रमुख शिक्षण संस्थाओं में महाराजा कॉलेज, महारानी कॉलेज, राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, राजस्थान संगीत संस्थान, तथा जयपुर कथक केन्द्र इत्यादी प्रमुख शिक्षा के केन्द्र माने जाते है।

nkSlk

भारत के राजस्थान प्रान्त में स्थित दौसा जिला एक भव्य शहर है। जिसका निर्माण राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 10 अप्रेल, 1991 को जयपुर जिले की पाँच तहसीलों दौसा, सिकराय, बसवा, बाँदीकुई व लालसोट इत्यादि तहसीलों को पृथक कर इस जिले का गठन किया गया है। सवाईमाधोपुर जिले की महुवा तहसील को भी दिनांक 15 अगस्त, 1992 को इस जिले में शामिल किया गया है। इस जिले की प्रमुख सीमाएँ जयपुर, टोंक, सवाईमाधोपुर, अलवर, भरतपुर, एव करौली जिले से लगती है। इस जिल को प्रमुख तहसीलों बसवा, दौसा, लालसोट, महवा, सिकराय इत्यादि तहसीलों की गणना की गई है।[3]

---

1. सम्पादक आनन्द जोशी की 'पत्रिका इयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 684
2. ....वही पृष्ठ
3. आनन्द जोशी, पत्रिका इयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 69

Hkkxkfyd ifjn'

ये जिला 25'33' से 27'33' के मध्य उत्तरी अंक्षाश एवं 76'50' से 76'90' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। इस जिले का क्षेत्रफल 3432 वर्ग किलो.मी. है। यहाँ की प्रमुख नदियों में बाणगंगा व रूपारेल, आदि नदियों की गणना की जाती है। यहाँ ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों में रामगढ़ का किला, गीजगढ़ का किला प्रमुख है।[1]

Vkd

यह जिला बनास नदी के किनारे पर बसा हुआ है। मध्यकाल में मुगल साम्राज्य के सम्राट अकबर के शासनकाल में जयपुर के राजा मानसिंह ने टारी और टोकरा नामक जिलों को अपने अधिकार में लिया और टोकरा के 12 गाँवों की देख–रेख भोला नामक ब्राह्मण को सोंपी, इन 12 गाँवों के समूह को टोंक नाम दिया। तब से लेकर आज तक इस जिले को टोंक के नाम से ही जाना जाता है।[2]

Hkkxkfyd ifjn'

टोंक जिला राजस्थान के उत्तरी–पूर्वी भाग मे 25'.41' से 26'.24' उत्तरी अंक्षाश तथा 75'.19' से 76'.16' अंक्षाश पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। जिले के उत्तर में जयपुर, दक्षिण में बून्दी एंव भीलवाड़ा, पश्चिम में अजमेर और पूर्व में सवाईमाधोपुर जिला स्थित है।[3]

यहाँ के ऐतिहासिक तथा पर्यटक स्थलों में भूमगढ़ का किला, सुनहरी कोठी, ककोड़ का किला, घण्टाघर, जोधपुरिया देव नारायण मंदिर, डिग्गी कल्याण मंदिर, तथा बीसलपुर बांध परियोजना प्रसिद्व स्थल है।

---

1. आनन्द जोशी, पत्रिका इयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 699
2. आनन्द जोशी, पत्रिका इयर बुक 2013 पृष्ठ संख्या 748
3. डॉ. अमर सिंह राठौड़ 'राज. सुजस पृष्ठ संख्या 1187

^^laxhr f'k{k.k

laLFkkvksa dh LFkkiuk

ls

iwoZ dk ifjos'k**

lxhr f'k{k.k lLFkkvk dh LFkkiuk ls iwo dk ifjo'k

राजस्थान के हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संगीत शिक्षण संस्थाओं की स्थापना से पूर्व, संगीत शिक्षा का स्वरूप गुरू शिष्य परम्परा ही रहा है। 19वीं शताब्दी से पूर्व सम्पूर्ण भारत वर्ष में संगीत शिक्षा घराना परम्परा द्वारा ही दी जाती थी। संगीत को प्रोत्साहन देने हेतु जयपुर राज्य के प्रमुख शासक महाराजा रामसिंह द्वारा संगीत साधकों के लिए एक गुणीजन खाने के स्थापना की गई। यह गुणीजन खाना कलाकारों की प्रमुख शरण स्थली ही नहीं अपितु दुनियाँ भर के घरानेदार कलाकारों के आकर्षण का केन्द्र भी बना रहा एवं राज्य संरक्षण में अपना विकास करते हुए देशभर में अपनी कला का परचम लहराया तथा गायन, वादन तथा नृत्य तीनों ही कलाओं का विकास प्रगति पर था एवं शिक्षा का माध्यम गुरू–शिष्य परम्परा ही रहा।

इस प्रकार संगीत के गायन वादन तथा नृत्य की शिक्षा घरानों में ही दी जाती थी। इन प्रमुख घरानों में जयपुर का डागर घराना, ख्याल घराना, जयपुर का सैनिया घराना, कथक घराना, जयपुर का परवाज घराना, संगीत शिक्षा के प्रमुख केन्द्र रहे है। हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की संगीत परम्परा को निम्न प्रकार से दर्शाया गया है।

gkM+kSrh {k= dh lxhr ijEijk

राजस्थान का कोटा, बूंदी, बारां, तथा झालावाड़ जिला मिलकर हाड़ौती प्रदेश कहलाता है। इस प्रदेश की प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से गौरवपूर्ण परम्पराएँ रही है। संगीत की दृष्टि से इस क्षेत्र में कई अच्छे कलाकार हुए है जिन्होंने अपने–अपने समय में संगीत प्रचार–प्रसार एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संगीत की सभी बोलियों अथवा विधाओं का मूल स्त्रोत लोक संगीत रहा है। अतः हाड़ौती की परम्पराओं का विवेचन करते समय इस क्षेत्र के लोक संगीत पर दृष्टि डालना युक्ति संगत प्रतीत होता है। हाड़ौती में भी अन्य क्षेत्रों के समान लोक संगीत की ऐसी समृद्ध परम्पराएँ रही है

जिनसे शास्त्रीय संगीत को काफी कुछ प्राप्त हुआ है। सिनेमा के प्रचार के पूर्वजन मनोरंजन हेतु कई–कई दिनों तक गोपीचन्द भरतरी, राजा मोरध्वज आदि के तमाशे आयोजित किये जाते थे। इनके सभी पात्र गायन में काफी निष्णात होते थे। क्योंकि सारे कथानक सभी पात्रों द्वारा गाकर प्रस्तुत किये जाते थे तथा कथानक के सभी भाव वातावरण एवं समय के अनुकूल रागों तथा स्वरालियों में बांधे जाते थे।

इसी प्रकार हाड़ौती के लोक गीतों में भी संगीतिक सौन्दर्य तथा रागात्मकता कूट–कूट कर भरी हुई दिखाई देती है। निहाल दे, तेजाजी, हालीजी और अन्य अनेक लोकगीत कई गीतों कई रागों के आधार पर गाये जाते है।[1] लोक संगीत की परम्परा को यहीं छोड़ कर यदि हम इस क्षेत्र की अन्य सांगीतिक परम्पराओं पर विचार करें तो सुविधा की दृष्टि से उन्हे निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है।[1]

'kkL=h; xk;u dh ijEijk

राज्याश्रय के कारण गायन की परम्परा इस क्षेत्र की सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं समृद्व परम्परा रही है। अतरोली घराने के फिदा हुसैन खाँ साहब जी रंगीले घराने के वंश परम्परागत अनुयायी थे उनकी आवाज उत्तरांग वाली थी। गीत के स्थायी अन्तरे को गाकर राग के स्वरों से बोलों का श्रृंगार कर भावाभिव्यक्ति करते थे।

विलम्बित की ताने लयबद्व करते थे एवं तान में गीत के बोलों का सार्थक उच्चारण करते हुए ख्याल में ध्रुवपद अंग का दिग्दर्शन कराते थे। जिस बल से आरोही की ताने पलटे गाते थे उसी बल से अवरोही में ताने व पल्टे गाकर सम दिखाते थे। इनके पुत्र इब्राहीम खाँ साहब भी अच्छे गायक थे जिनकी शिष्य परम्परा में वर्तमान में सुरैया बाई एवं माणक बाई प्रसिद्व गायिकाएं है।[2]

1. स्मारिका परम्परा, संगीतिका को कोटा, पृष्ठ संख्या 19 सन्. 2007
2. .स्मारिका परम्परा, संगीतिका को कोटा, वही पृष्ठ संख्या

कोटा के गायकों में दुसरा सर्वाधिक चर्चित नाम उस्ताद कादर खाँ साहब का रहा है। ये देश के विख्यात आगरा घराने के गायक फैयाज खाँ साहब के शिष्य थे तथा ख्याल गायकों के साथ ही साथ ठुमरी, मांड, गजल आदि संगीत विधाओं पर भी उनका पूर्ण अधिकार था। इसलिए उनको चौमुखा गवैया कहा जाता था।

इस परम्परा में कोटा की श्रीमती राजेश कुमारी बिब्बो, झालावाड़ की अख्तर बेगम व पूरण चन्द प्रमुख रहे है। कोटा के गुणीजन खाने में करम इलाही नामक गायक बहुत विख्यात रहे है।[1] कोटा की शास्त्रीय गायन की परम्परा में श्री सोहन भैया का नाम अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सोहन भैया का नाम ग्वालियर के प्रसिद्व गायक मेंहदी हुसैन खाँ के शिष्य थे तथा मूलतः कथावाचक होते हुए भी उनकी गायकी अत्यधिक प्रभावशाली थी। वे यमन, बसन्त, पूरिया व मियाँ मल्हार आदि राग गाते थे तथा उनकी आवाज खुली मधुर व जवारीदार थी। लम्बे सांस व सुरीली गमकों के माध्यम से वह गंभीर गायकी प्रस्तुत करने में समर्थ थे तथा तबला बजाते हुए भी ध्रुवपद की कठिन लयकारिता करना व बड़े ख्याल आदि में तान आलाप करना उनकी विशेषता थी।

सोहन भैया के शिष्यों में श्री आयदान राव, मोतीलाल ली भुज वाले, श्री गोपीचन्द जी व मोतीलाल जी कुन्हाड़ी वाले आदि का नाम प्रख्यात गायकों के रूप में लिया जा सकता है। मोतीलाल जी भुज वाले अल्पआयु में स्वर्गवासी हो गये अन्यथा जिन्होने उन्हें सुना वे लोग कहते है कि उनकी आवाज बिसमिल्ला की शहनाई जैसी मधुर व सुरीली थी तथा गायकी भी अत्यन्त तैयार एवं प्रभावशाली थी। यदि वह जीवित रहते तो निश्चय ही देश के ख्याति प्राप्त कलाकारों में उनकी गिनती हो सकती थी।[2]

---

1. स्मारिका परम्परा, संगीतिका को कोटा, पृष्ठ संख्या 19 सन्. 2007
2 स्मारिका परम्परा, संगीतिका को कोटा, पृष्ठ संख्या 20 सन्. 2007

सोहन भैया के दूसरे शिष्यों में आयदान राव शास्त्री भी इस क्षेत्र के विख्यात कलाकार है। कोटा गुणीजन गाने के अन्य उल्लेखनीय गायकों में श्री अमरलाल जी, मुमताज वहीदन एवं शकूरनबाई के नाम से प्रसिद्व है। इनमें शकूरबाई को पीछे से देखने वाले यह नहीं समझ सकते कि वे गा रही है या बैठी हैं। किन्तु वे टप्पे की लच्छेदार तानों तथा जमजमों को आसानी से गाकर पेश करती थी। कोटा के अतिरिक्त झालावाड़ में भी शास्त्रीय गायन की अत्यधिक समृद्ध परम्परा दृष्टिगोचर होती है।[1]

झालावाड़ के नरेश भवानी सिंह जी तत्पश्चात् राजेन्द्रसिंह जी एवं उनके बाद हरिशचन्द्र सिंह जी नाटक के परम पृष्ठ पोषक एवं गुण ग्राही रहें है। इसी कारण झालावाड़ में महाराज भवानी सिंह जी ने भवानी नाट्यशाला का निर्माण करवाया जो देश का श्रेष्ठ ऑडिटोरियम माना जा सकता है तथा उस काल में नाटक संगीत के माध्यम से ही प्रस्तुत किये जाते थे। अतः जहाँ भी नाट्यशाला व नाटक मंडलियाँ स्थापित होती थी वहीं उच्च कोटि के संगीतकारों को उनमें स्थान दिया जाता था। इस कारण संगीत क्षेत्र में झालावाड़ का अतीत बहुत ही उज्जवल एवं गौरवपूर्ण रहा है। गायन परम्परा के अन्तर्गत झालावाड़ के प्यारे इमामुद्दीन का नाम काफी प्रसिद्व रहा है।[2]

इनके शिष्यों में कोटा के श्री मलूकचन्द्र जी अच्छे गायक रहे है। झालावाड़ के संगीत जगत से सर्वाधिक जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण नाम श्रीनवल किशोर जी का है । श्री नवल किशोर जी को झालावाड़ दरबार में तत्कालीन सुप्रसिद्व गायक श्री नारायण राव व्यास के पास शिक्षा प्राप्त करने हेतु भेजा था। श्री नवल किशोर जी की अत्यन्त सुरीली, स्पष्ट आवाज मार्मिक एवं हृदयग्राही सुसंगतियों से गायन सज्जा एवं भाव प्रणवता श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध करने में समर्थ थी। श्री नवल किशोर जी भजन गायन में भी अपना विशिष्ट स्थान रखते थे। वर्तमान में उनके शिष्यों में श्री स्व0 रामगोपाल डाँगी तथा स्व0 नवल किशोर जी के सुपुत्र श्री तेजकरण राव आदि प्रसिद्व गायक हुए है। कंठ संगीत की इस परम्परा में बून्दी के श्री काले खाँ का नाम लिया जाना भी आवश्यक है। जिनके शिष्य श्री भँवर लाल जी अच्छे गायक रहे है।[3]

---

1. स्मारिका परम्परा, संगीतिका कोटा, पृष्ठ संख्या 20 सन्. 2007
2. स्मारिका परम्परा, संगीतिका कोटा, पृष्ठ संख्या 19 सन्. 2007
3. .....वही पृष्ठ

lkjxh oknu dh ijEijk

कंठ संगीत के बाद हाड़ौती क्षेत्र की सर्वाधिक चर्चित एवं विकसित परम्परा सारंगी वादन की रही है। इस विषय में सबसे महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण नाम उस्ताद श्री लाल जी का है। उस्ताद श्री लाल जी के पिता का नाम श्री नन्दलाल जी था जो स्वंय एक अच्छे सांरगी वादक थे किन्तु उन्होने बालक श्री लाल को तत्कालीन प्रसिद्ध गायक फिदा हुसैन खाँ साहब से तालीम लेने के अतिरिक्त उस्ताद श्री लाल जी ने तलवंडी घराने के उस्ताद अलाउद्दीन खाँ तथा झज्झर घराने के काले खाँ साहब से भी शिक्षा प्राप्त की ।

इन सबने उस्ताद श्री लाल जी को एक उत्कृष्ट सांरगी वादक के रूप में स्थापित करने में सफलता प्राप्त की। उस्ताद श्री लाल का सांरगी वादन तत्कालीन सुप्रसिद्ध सांरगी वादक बुन्दॅू खाँ, बादल खाँ, मजीद खाँ, गोपाल मिश्रा से भी जोड़ अंग के मामले में अनूठा था।[1]

इसके प्रतिकार स्वरूप बुन्दू खाँ साहब के शिष्य मजीद खाँ कई सांरगी वादकों को प्रतियोगिता में हराते हुए श्री लाल जी से मुकाबला करने को आये तथा मुकाबला होने पर श्री लाल जी के वादन से अत्यन्त प्रभावित होकर उन्होने अपनी सांरगी पर लगी हुई झण्डी लाल जी की सांरगी पर लगा दी।

सांरगी वादन की परम्परा में झालावाड़ के उस्ताद भँवरलाल जी ने बम्बई फिल्म कम्पनी में भी सांरगी वादन किया जो अत्यन्त सुरीला एवं उच्च कोटि का था एवं जिसकी झलक कुछ वर्षो तक उनके प्रख्यात शिष्य उस्ताद छीतरलाल जी तथा पुत्र श्री चाँदमल जी के सांरगी वादन में देखी जा सकती थी। छीतर जी गायन में भी अत्यधिक दक्ष थे इसके अतिरिक्त झालावाड़ के सारंगी वादकों में श्री धन्नालाल जी एवं पुत्र माँगीलाल जी का नाम भी काफी रहा है। बूंदी के सांरगी वादकों में स्व0 धोकल जी सुकदेव जी एवं छोटुलाल जी प्रसिद्ध रहे है।[2]

---

1. स्मारिका परम्परा, संगीतिका को कोटा, पृष्ठ संख्या 19 सन्. 2007
2. .....वही पृष्ठ

rcyk oknu dh ijEijk

हाड़ौती क्षेत्र में तबला एवं पखावज वादन की परम्परा भी अत्यधिक समृद्व रही है। कोटा में इस प्रसंग में सर्वप्रथम श्री गणपत राव पखावजी का नाम लिया जाना आवश्यक है। उनके हाथ में बहुत तैयारी थी तथा कठिन तालों में विभिन्न लयकारी की परणें सहजतापूर्वक बजाने में दक्षता प्राप्त थी। कोटा के तबला वादकों में उस्ताद मांगीलाल जी उनके पुत्र स्व0 रामकरण जी बहुत अच्छे वादक माने जाते थे। इस परम्परा के वर्तमान वयोवृद्व कलाकारों में श्री किशोर जी छोटे रामकरण जी आदि का नाम उल्लेखनीय है। झालावाड़ के तबला वादकों में सर्वप्रथम उस्ताद मथुरालाल जी का नाम उल्लेखनीय है। तबला तथा पखावज दोनों पर इनका समान अधिकार था। इनके पुत्र धन्नालाल जी भी उच्च कोटि के तबला वादक थे तथा संगत करने में उनको विशेष दक्षता प्राप्त थी एवं उनके संगति करने पर गायन वादन में विशेष सुन्दरता व आकर्षण उत्पन्न हो जाता था। इनके छोटे भाई श्री देवीलाल जी के तबला वादन की महत्ता इसी बात से जानी जा सकती है कि भरतपुर दरबार के यहाँ एक कार्यक्रम में एक भारत विख्यात तबलावादक उस्ताद थिरकवा खाँ साहब ने देवलाल जी का तबला वादन सुनकर उनका हाथ चुमते हुए कहा कि हिन्दुस्तान में दुसरा थिरकवा पैदा हो गया है। बूंदी के तबला वादकों में उस्ताद मोडू लाल जी नाम उल्लेखनीय रहा है।[1]

go;yh lxhr dh ijEijk

हाड़ौती क्षेत्र में कई प्रसिद्व वैष्णव मन्दिर होने से इस क्षेत्र में हवेली संगीत की परम्परा विद्यमान रही है। इस प्रसंग में सर्वाधिक महत्वपूर्ण नाम मथुराधीश जी के कीर्तनकार श्री रामचन्द्र जी समाधानी का रहा है। गौरी चेता गौरी, झीलफ, जैसी कठिन एवं अप्रचलित रागों में सूर पदों को कठिन तालों में बांध कर गणपत जी पखावजी जैसे धुरन्दर वादक के साथ सहजता और शुद्धता से प्रस्तुत कर पाना समाधानी जी के ही वश की बात थी।[2]

---

1. स्मारिका परम्परा, संगीतिका को कोटा, पृष्ठ संख्या 21 सन्. 2007
2. .....वही पृष्ठ

यह कहा जा सकता है कि राज्य के हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं की स्थापना से पूर्व संगीत शिक्षा गुरू–शिष्य परम्परा द्वारा ही प्रदान की जाती थी। यहाँ की सांगीतिक परम्परा सदैव आकर्षण का केन्द रही है एवं संगीत की उन्नति दोनों ही क्षेत्रों में सुचारू रूप से हुई है।

यहाँ गायन वादन व नृत्य तीनों ही क्षेत्रों में संगीत कला की अथाह प्रगति हुई है तथा वर्तमान में संगीत शिक्षा गुरू–शिष्य परम्परा व संस्थागत शिक्षण दोनों ही पद्वतियों के द्वारा किया जा रहा है। शिक्षण संस्थाओं की स्थापना से पूर्व यहाँ शासकों द्वारा गुणीजन खाने स्थापित किए गये थे एवं यह गुणीजन खाने ही संगीत शिक्षा व साधना के प्रमुख केन्द्र माने जाते थे।

<<kM+ {k= esa çpfyr laxhr ?kjkus

सदारंग तथा तानरस खाँ का दिल्ली घराना

तानरस खाँ के परम मित्र अली बख्श तथा इनके बेटे मुहम्मद सिद्वीकी मशहुर गायक हुये जिन्हे अलवर जयपुर तथा टोंक राज्यों में सम्मान मिला। मोहम्मद बख्श के शिष्य कादिर बख्श और उनके तीनों पुत्रों कुतुब बख्श जो तानरस खाँ के नाम से प्रसिद्व हुये, वे दरबारी गायक के रूप में जयपुर तथा अलवर भी रहे। टोंक नवाब के आश्रय में रहे अली बख्श और फतह अली इन्ही तानरस खाँ के शिष्य बने जिनसे आगे चलकर पटियाला घराने को विकसित किया।[1]

jTtc vyh dk chudkj ?kjkuk

t;iqj ds egkjktk jkeflag ds le; ds lqifl} chudkj jTtc vyh ls chudkj dk ;g ?kjkuk vfLrRo esa vk;kA[2]

1- Mk- vej flag jkBkSM+ ^jktLFkku lqt l^ i"B l[;k 984

2- Mk- vej flag jkBkSM+ ^jktLFkku lqt l^ i"B l[;k 985

lgkjuiqj ?kjkuk

संगीतज्ञ इसे बहराम खाँ डागर का घराना मानते है, इन्होने ध्रुवपद शैली की परम्परा सुरक्षित की एवं बहराम खाँ जयपुर आकर बस गये और इन्ही के वंशज डागर परिवार के सदस्यों ने जयपुर, उदयपुर व अलवर राज्यों को अपना प्रमुख केन्द्र बनाया।[1]

Tk;iqj ?kjkuk

जयपुर घराने का जनक मनरंग को माना जाता है। इन्ही के वंशज मुहम्मद अली खाँ कोठी वाले को उसे लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है। कालान्तर में इसकी दो शाखाएँ पटियाला और अतरौली बनी।

एक बात और उल्लेखनीय है कि उस समय शास्त्रीय संगीत का कोई भी कलाकार किसी भी विद्या में रहा हो वह ध्रुवपद को ही अपना आधार मानता था।

इसलिए ध्रुवपद के हर घराने के कलाकार राजस्थान में ही पनपे तथा चतुश्वाणियों में ये खण्डहारी, गोबरहारी डागुर एवं नौहार वाणियों से सम्बद्व थे। ख्वाजा मुहम्मद खाँ एवं उनके वंशज डागुर वाणी, मन्नु खाँ एवं इमाम बख्श खण्डार वाणी के गायक थे। जयपुर घराना करामत खाँ एवं मुबारक अली के नाम से भी जाना जाता है।[2]

t;iqj dk Mkxj ?kjkuk

जयपुर के महाराजा कला प्रोत्साहक महाराजा रामसिंह ने अनेक गुणी कलाकारों से अपने राज्य एवं दरबार को सुशोभित किया, जहाँ इस घराने के प्रवर्तक बाबा बहराम खाँ भी आसीन रहे।[3]

---

1. डॉ. अमर सिंह राठौड़ 'राजस्थान सुजस' पृष्ठ संख्या 98
2. संगीत कला बिहार अगस्त 2011, अखिल भारतीय गान्धर्व महाविधालय मण्डल मुम्बई. पृष्ठ संख्या .8
3. संगीत कला विहार अगस्त 2011, अखिल भारतीय गान्धर्व महाविधालय मण्डल मुम्बई. पृष्ठ संख्या 9

इस घराने के कलाकारों ने जयपुर को विश्व के मानचित्र पर अंकित कर दिया जहाँ इस घराने के वंशजो ने इसको एकनिष्ठ होकर साधा वहीं जयपुर को अपनी समृद्व साधना से जीवन्त रखा। 1700 ई. के लगभग सहारनपुर जिले के अबेठा गांव में जन्में बहराम खाँ सन् 1857 में सवाई रामसिंह के निमन्त्रण पर जयपुर आए एवं यही सन् 1877 में दिवगन्त हुए। 1857 में बाबा के जयपुर आगमन के समय मुबारक अली रजब अली, घग्धे खुदा बख्श, हेदर बख्श आदि गुणी कलाकारों से सुशोभित था।[1]

t ; ij dk dFkd ?kjkuk

राजस्थान के ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में यह घराना काफी प्रचलित रहा है। इस घराने का सूत्रपात 13वीं सदी माना जाता है तथा सन् 1830 से 1947 तक जयपुर कथक के श्रेष्ठतम कलाकारों का गढ़ रहा है। जयपुर व राजस्थान के मानचित्र पर लखनऊ घराने सहित अनेक कथकाचार्य रहे जिनमें उल्लेखनीय है ठाकुर प्रसाद एवं नत्थूलाल पंडित सुखदेव प्रसाद, जानकी प्रसाद, पंडित शंकर लाल,पंडित हरिप्रसाद, पंडित हनुमान प्रसाद, पंडित सुन्दर प्रसाद, पंडित जयलाल, पंडित मथुरा प्रसाद, पंडित नारायण प्रसाद, पंडित बद्रीप्रसाद, गोपाल जी, हीरालाल एवं कृष्ण कुमार आदि कलाकारों के नाम अग्रण्य है।[2]

t ; ij dh i[kkot ijEijk

जयपुर राज्य में पखावज के 300 वर्षो के इतिहास का प्रमाण पंडित घनश्याम दास कृत मृदंग सागर में प्राप्त होता है। आमेर से प्रारम्भ जयपुर में विकसित इस परम्परा का पुष्पायन नाथद्वारा में हुआ।[3]

---

1. संगीत कला विहार अगस्त 2011, अखिल भारतीय गान्धर्व महाविधालय मण्डल मुम्बई. पृष्ठ संख्या 9
2. संगीत कला विहार अगस्त 2011, अखिल भारतीय गान्धर्व महाविधालय मण्डल मुम्बई. पृष्ठ संख्या 10
3. संगीत कला विहार अगस्त 2011, अखिल भारतीय गान्धर्व महाविधालय मण्डल मुम्बई. पृष्ठ संख्या 11

रूप राम के नाम से विख्यात लगभग 275 वर्षो पूर्व आमेर निवासी पंडित तुलसीदास से प्रारम्भ यह घराना उनके वंशजो हालूजी, हरभगत, पोखरदास, विष्णुदास, सेवादास, चिमनाजी, मानजी, जैसे महान् कलाकार हुए है तथा रूपराम जी के पुत्र वल्लभदास इनके तीन पुत्र चतुर्भज दास, शंकरलाल व खेमलाल मृदंग सागर के प्रेणेता घनश्याम दास जी मुख्यतः मन्दिर की ध्रुवपद परम्परा से सम्बद्व रहे है।[1]

t ;ij dk lfu;k ?kjkuk

सेनिया घराने का संबंध तानसेन के पुत्र सूरत सेन तथा विलास खाँ से माना गया है। तानसेन के पुत्र वंश में ध्रुवपद गायन के साथ–साथ वीणा तथा रबाब वादन और पुत्री वंश में ध्रुवपद के साथ वाणी और सितार वादन का समावेश हुआ। विलास खाँ के वंश में रहीम सेन तथा उनके पुत्र और पौत्रों ने सितार की एक स्वतन्त्र शैली को विकसित किया। तानसैन के पुत्री वंश में सदारंग हुये। ये प्रसिद्व बीनकार किशनगढ़ नरेश समोखन सिंह की वंश परम्परा मे है। तानसेन की पुत्री का विवाह इन्ही सम्मोखन सिंह के पुत्र मिश्री सिंह से हुआ था।[2]

[;ky dk t ;ij ?kjkuk

18वीं व 19वीं सदी मे सेनिया वंश के अनेक कलाकारों ने राजस्थान की विभिन्न रियासतों में आश्रय पाया। तानसेन की वंश परम्परा अधिकतर राजस्थान में ही फली–फूली जिसकी अन्तिम पीढ़ी जयपुर गुणीजन खाने के मूर्धन्य कलाकार कायम सेन का नाम आज भी लोगों की जुबान पर है। आधुनिक काल में सेनिया घराने के संगीतज्ञों से ही गायन तथा वादन के विभिन्न घराने बने तथा ख्याल का सदारंग–अदारंग का घराना प्रमुख रहा है। जिसके विस्तार में ग्वालियर, आगरा, दिल्ली तथा जयपुर घराने का निमार्ण हुआ।[3]

---

1. संगीत कला विहार अगस्त 2011, अखिल भारतीय गान्धर्व महाविधालय मण्डल मुम्बई. पृष्ठ संख्या 9
2. डॉ. अमर सिंह राठौड़ 'राजस्थान सुजस' पृष्ठ संख्या 985
3. .....वही पृष्ठ

^^laxhr f’k{k.k laLFkkvksa

dh

LFkkiuk

ds ckn dk ifjn`’;**

lxhr f'k{k.k lLFkkvk dh LFkkiuk ds ckn dk ifjn'

भारतीय संगीत अपने आंचल में अपनी प्राचीन परम्परा को समेटे हुए है। हमारा संगीत निरन्तर विकास की और बढ़ रहा है। प्राचीन काल से ही हमारे संगीत पंडितों व संगीत महारथियों ने संगीत को गुरूमुखी विद्या ही माना है। प्राचीन काल में संगीत शिक्षा गुरूकुल पद्वति के अनुसार संगीत–विद्यालयों, आश्रमों व गुरू के सानिध्य में रहकर ही प्राप्त की जा सकती थी।

संगीत का महत्वपूर्ण स्थान माना जाता था। परन्तु आधुनिक समाज में इसका महत्व कृतिम प्रदर्शन व आचरण के साथ ही बहुत अधिक बढ़ गया है। इसके साथ ही संगीत शिक्षा भी जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन गई है। हमारे देश में संगीत शिक्षा की वर्तमान में दो पद्धतियाँ प्रचलित है।

एक तो प्राचीन कालीन गुरू शिष्य परम्परा और दूसरी संस्थागत शिक्षण प्रणाली, वर्तमान में इस पद्वति का प्रचार–प्रसार अत्यधिक रूप में हो रहा है। भारतीय संगीत को सर्वप्रथम 20 वीं शताब्दी से पूर्व पंडित भातखण्डे व पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर के अथक प्रयासों से इसे विद्यालय शिक्षा में समाविष्ट किया गया। संगीत शिक्षा की सर्व सुलभता पाठ्य पुस्तकों की रचना, पाठ्यक्रमों का निर्माण आदि कई क्रान्तिकारी परिवर्तन हमारे समक्ष प्रकट हुए है।

पंडित भातखण्डे व पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर जी के अथाह प्रयासों से ही भारतीय संगीत को अन्य विषयों की भांति विद्यालय, महाविद्यालय, तथा विश्वविद्यालयों में ऐच्छिक विषय के रूप में पढ़ाया जाने लगा है। फलस्वरूप आज सम्पूर्ण भारत वर्ष में संगीत शिक्षा को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है।

देश के सभी राज्य सरकारों ने संगीत विषय को विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में अन्य विषयों की भाँति पाठ्यक्रम में समाविष्ट किया गया है। यहाँ राजस्थान के हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में स्थापित संगीत शिक्षण संस्थाओं की स्थापना के बाद के परिदृश्य पर प्रकाश डाला गया है।

आधुनिक हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं की स्थापना होने के बाद यहाँ संगीत शिक्षा तथा संगीत का व्यापक प्रचार–प्रसार हुआ है। हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में प्रचलित विश्वविद्यालयों में संगीत विषय को स्नातक, अधिस्नातक, एम.फिल तथा पीएच.डी. के पाठ्यक्रमों में समाविष्ट किया गया है एवम् बीए., एम.ए, बी.म्यूज, एम.म्यूज, तथा एम. फिल स्तर के पाठ्यक्रमों का निर्माण किया गया है। यहाँ के शासकीय व अशासकीय दोनों ही प्रकार के विद्यालयों व महाविद्यालयों में संगीत विषय का अध्ययन करवाया जा रहा है।

इन संगीत विद्यालयों व महाविद्यालय में भूषण प्रभाकर, विशारद, निपुण, बी.ए. तथा एम.ए. की कक्षाएँ संचालित की जा रही है। फलस्परूप आज दोनो ही क्षेत्रों में कई विद्यार्थियों ने संगीत में स्नातक, अधिस्नातक, एम,फिल, तथा पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया है एवं कई संगीत शिक्षार्थी इस कार्य में संल्गन है।

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संचालित बनस्थली विद्यापीठ (डिम्ड विश्वविद्यालय) तथा राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर में संगीत की विद्यायें गायन, वादन तथा नृत्य (कथक) में मध्यमा से लेकर निपुण तक की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। हाड़ौती क्षेत्र में भी राजकीय प्रभाकर माध्यमिक संगीत विद्यालय कोटा तथा झालावाड़ में संचालित है जिनमें भूषण तथा प्रभाकर गायन, वादन तथा नृत्य तीनों ही विद्याओं की शिक्षा प्रदान की जा रही है।

फलस्वरूप आज यहाँ के असंख्य संगीत विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे है तथा संगीत में शोध कर रहे छात्र–छात्राओं को सरकार द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है एवं कई विद्यार्थी संगीत में एम.ए. तथा पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर चुके है। कई संगीत विद्यार्थी नेट व स्लेट की उपाधि प्राप्त कर संगीत प्राध्यापक के रूप में कार्य कर रहे है एवं कई विद्यार्थी देश के प्रमुख विद्यालयों जैसे नवोदय विद्यालय, केन्द्रिय विद्यालय आदि में संगीत शिक्षक रूप में अपनी सेवाऐं दे रहे है। वर्तमान में इंटरनेट का प्रयोग शिक्षा के सभी क्षेत्रों में हो रहा है एवं इंटरनेट के द्वारा संगीत कला के सैद्वान्तिक एवं क्रियात्मक दोनों ही पक्षों को किसी भी स्थान पर सरलता से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

इंटरनेट के द्वारा संगीत सम्बन्धी विभिन्न जानकारियाँ जैसे संगीत संस्थाओं की जानकारियाँ एवं उनमें संचालित पाठ्यक्रम तथा कलाकारों सम्बन्धी विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती है। आधुनिक युग में संगीत विद्यार्थी इंटरनेट की सहायता से देश के प्रख्यात कलाकारों की बंदिशों को सुन एवं डाउनलोड कर लाभान्वित हो रहे है। इंटरनेट के माध्यम से संगीत कला के विकास एवं नवीन प्रवृतियों में वृद्वि हुई है। आज क्षेत्र की सभी शिक्षण संस्थाओं में इलेक्ट्रोनिक वाद्य यंत्रों द्वारा शिक्षण कार्य किया जाना लगा है।

इन शिक्षण संस्थाओं से कई नामी कलाकार निकले है जिनमें प्रो0 सुमन यादव, डॉ. मधुभट्ट तैलंग, डॉ. रोशन भारती, डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी, डॉ. आरती भट्ट तैलंग, पार्श्व गायिका रेखा राव, पार्श्व गायक क्षितिज तारे, पार्श्व योगेश गंधर्व, चंचल काबरा, नीतू सोलंकी, विजेन्द्र गौत्तम, तथा डॉ. निशा भट्ट तैलंग का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

आज हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में अंसख्य संगीत विद्यार्थी संगीत शिक्षा का ज्ञान प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे है। यहाँ की प्रमुख संगीत शिक्षण संस्थाओं में देश की प्रसिद्व संस्था स्पीक मेके के द्वारा राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित कर गायन, वादन तथा नृत्य के कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है जिससे संगीत विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे है।

संगीत उन्नयन में ढूंढ़ाड क्षेत्र की प्रमुख संगीत संस्थायें जिनमें ध्रुवपद धाम रसमंजरी संगीतोपासना केन्द्र तथा दर्शक संगीत संस्था जयपुर एवं हाड़ौती क्षेत्र में संगीतिका, स्वरनिनाद कला केन्द्र, लेम्प संगीत संस्था अपना प्रमुख योगदान दे रही है।

राजस्थान के हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संगीत शिक्षण संस्थाओं की स्थापना होने के पश्चात् हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संगीत का व्यापक प्रचार–प्रसार हुआ है। यहाँ की संगीत शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन कर असंख्य संगीत विद्यार्थी संगीत के शास्त्रात्मक व क्रियात्मक दोनो ही भागों की गहन शिक्षा प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे है तथा संगीत उन्नति की और अपने कदम बढ़ा रहा है।

laxhr f'k{k.k laLFkkvksa

dk

orZeku Lo:Ik

lxhr f’k{k.k lLFkkvk dk orleku Lo:i

शिक्षा मानव के सम्यक विकास का आधार है। सामान्य शिक्षा मानसिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। शिक्षा का सामाजिक, नैतिक तथा बौद्धिक दृष्टि से व्यापक अर्थ है जिसके कारण समाज व संस्कृति के नैतिक उत्थान का कारण बनती है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा मानव को सभ्य व संस्कारों से परिपूर्ण बनाया जा सकता है तथा मानव का आन्तरिक व बाह्य विकास भी शिक्षा के द्वारा ही सम्भव है।

शिक्षा मानव के संर्वागीण विकास का एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्तित्व का विकास किया जा सकता है एवं शिक्षा के द्वारा ही हमारे समाज व राष्ट्र को नवीन दिशा प्रदान की जा सकती है। संगीत शिक्षा का अर्थ केवल स्वर युक्त धुनों व रागों को सीखना ही नहीं अपितु संगीत के साधना पक्ष को प्रबल बनाने हेतु विद्यार्थियों का ध्यान संगीत की और आकर्षित करना है। इसी उद्धेश्य को ध्यान में रखते हुए इस विषय को शिक्षा से जोड़ा गया है।

बालकों के संर्वागीण विकास हेतु संगीत कला को सशक्त माध्यम बताया गया है एवं संगीत के द्वारा किसी भी कार्य को सरलता के साथ किया जा सकता है। संगीत शिक्षा के माध्यम से शिक्षार्थियों का चहुमुखी विकास किया जा सकता है तथा शिक्षार्थियों के विकास में संगीत महत्वपर्ण भूमिका निभाता है।

भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही संगीत शिक्षा का विशेष महत्व रहा है। प्राचीन परम्पराओं व शिक्षा प्रणालियों की अनवरत धारा से ही वर्तमान संगीत शिक्षण प्रणाली प्रभावित हुई है। शिक्षा का अर्थ अध्ययन या ज्ञान अर्जित करना है। इसे गुरू के समीप रहकर ही प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य जीवन को उन्नत व सभ्य बनाया जा सकता जाता है। वैदिक समय में भी यही विश्वास था कि शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आध्यात्मिक विकास होता है।

वर्तमान में भी इसी विश्वास पर शिक्षा की नींव रखी गयी है। प्राचीन शिक्षा पद्धति पर किसी राज्य सरकार या साम्प्रदायिक दल का नियन्त्रण नहीं होने के कारण शिक्षा केवल गुरू के नेतृत्व में ही दी जाती थी। हर स्त्री पुरूष को शिक्षा सुलभ हो इसके लिए निःशुल्क शिक्षा व जीवन यापन के लिए भिक्षावृति को धर्म का नाम देकर उचित ठहराया एवं भरण–पोषण का उत्तर दायित्व समाज पर ही होता था।

अतः गुरूकुल या संगीत विद्यालय ही शिक्षा के केन्द्र थे। शिक्षा की विधि मूलतः मौखिक ही थी। क्योंकि शिक्षा की विधि में गुरू का अनुकरण एवं शंका समाधान के लिए वाद–विवाद व शास्त्रार्थ का प्रावधान था। मध्यकाल में संगीत शिक्षा घरानों के रूप में ही दी जाती थी। संगीत शिक्षण की गुरू शिष्य परम्परा अत्यन्त उच्च कोटि की थी। इसमें शिष्य कठिन से कठिन स्वरावलियों को गुरू मुख से सुनकर सीख लिया करते थे एवं विधार्थियों का सांगीतिक स्तर भी उच्च कोटि का होता था।

शिक्षा गुरूजनों द्वारा मौखिक रूप से ही दी जाती थी। घराना परम्परा में स्वरलिपि का प्रचलन नहीं था। घराना परम्परा में संगीतज्ञ संगीत की शिक्षा अपने पुत्रों व शिष्यों को ही दिया करते थे। इन प्रमुख घरानों में जयपुर, ग्वालियर, किराना, दिल्ली अतरौली, पटियाला, आगरा इत्यादि प्रमुख घराने थे, जिनके माध्यम से संगीत शिक्षा दी जाती थी। आधुनिक काल में संगीत शिक्षा विद्यालयों तथा महाविद्यालयों द्वारा प्रदान की जाने लगी है।

वर्तमान हाड़ौती एवम् ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में प्रचलित संगीत शिक्षण संस्थाओं का वर्तमान स्वरूप निम्न प्रकार से है।

आधुनिक समय में राजस्थान के हाड़ौती एवम् ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संगीत शिक्षा का व्यापक प्रचार–प्रसार हुआ है। यहाँ संगीत के विद्यालय, महाविधालय संचालित किए जा रहे है जो संगीत शिक्षा के प्रमुख केन्द्र बने हुये है।

इन शिक्षण संस्थानों में राजकीय संगीत महाविद्यालय, निजी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय संगीत विभागों की गणना की जाती हैं।

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्तर के दो शिक्षण संस्थान संचालित है जिन्हे राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर तथा बनस्थली विद्यापीठ के नाम से जाना जाता है। यह दोनो ही विश्वविद्यालय संगीत शिक्षा के प्रमुख केन्द्र माने जाते है। राजस्थान विश्वविद्यालय संगीत विभाग की स्थापना विश्वविद्यालय परिसर में ही की गई है।

संगीत विभाग में कंठ संगीत तथा वादन (सितार) की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। यह संगीत विभाग सहशिक्षा का प्रमुख केन्द्र है। जिसमें असंख्य संगीत विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त का लाभान्वित हो रहे है। इस संगीत विभाग में बी.म्यूज, एम.म्यूज, एम.ए. संगीत की कक्षाओं का संचालन कंठ संगीत तथा (सितार) वादन के रूप में किया जा रहा है एवम् संगीत विभाग में शोध कार्य करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक पाठ्यक्रमों की अवधि तीन वर्ष, अधिस्नातक पाठ्यक्रमों की अवधि दो वर्ष तथा बी.म्यूज पाठ्यक्रमों की अवधि चार वर्ष रखी गयी है। इन सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षा प्रति वर्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा आयोजित की जाती है एवं संगीत पाठ्यक्रम को प्रायोगिक व शास्त्रात्मक दो भागों में बांटा गया है। ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित सभी राजकीय तथा निजी महाविद्यालय जिनमें संगीत विषय को ऐच्छिक विषय के रूप में चलाया जा रहा है।

ये सभी महाविद्यालय राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से सम्बद्वता प्राप्त है एवं सभी महाविद्यलायों में परीक्षा इसी के द्वारा आयोजित की जाती है। जयपुर स्थित राजस्थान संगीत संस्थान जो संगीत का अधिस्नातक महाविद्यालय है। यह महाविद्यालय राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर तथा निदेशालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर से सम्बद्धता प्राप्त होने के साथ–साथ यह सहशिक्षा का प्रमुख केन्द्र माना जाता है।

इस महाविद्यालय में गायन, वादन (सितार, वायलिन, तबला) तथा कथक, नृत्य, की कक्षाओं का संचालन मध्यमा से लेकर निपुण स्तर किया जा रहा है। इस महाविद्यालय की बी.म्यूज तथा एम.म्यूज की परीक्षाओं का आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है एवं मध्यमा से लेकर निपुण स्तर तक की परीक्षाओं का आयोजन निदेशालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर, द्वारा किया जाता है।

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित बनस्थली विद्यापीठ (डिम्ड विश्वविद्यालय) बनस्थली महिला शिक्षा का प्रमुख केन्द्र माना जाता है। यह विश्वविद्यालय ग्राम वनस्थली तहसील निवाई, जिला टोंक में स्थित है। यह विश्वविद्यालय पंचमुखी शिक्षा का प्रमुख केन्द्र माना जाता है एवम् पंचमुखी शिक्षा के अन्तर्गत संगीत शिक्षा को प्रमुख स्थान दिया गया है। इस विश्वविद्यालय के संगीत विभाग को सुर मन्दिर के नाम से जाना जाता है।

राजस्थान स्थित सभी विश्वविद्यालयों में बनस्थली विद्यापीठ एक ऐसा विश्वविद्यालय है जहाँ प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक संगीत की शिक्षा गायन, वादन तथा नृत्य के रूप में प्रदान की जा रही है। बनस्थली विद्यापीठ द्वारा संगीत के डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन गायन, वादन, (सितार, वायलिन) तथा नृत्य (कथक, मणिपुरी, भरतनाट्यम) के रूप में किया जा रहा है एवं सभी परीक्षाओं का आयोजन बनस्थली विद्यापीठ द्वारा ही किया जाता है।

इस विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों की अवधि तीन वर्ष, अधिस्नातक पाठ्यक्रमों की अवधि दो वर्ष, एम.फिल की अवधि एक वर्ष तथा पीएच.डी. पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष रखी गयी है। यह संगीत विभाग ढूंढ़ाड़ क्षेत्र का सबसे प्राचीन तथा विशालतम संगीत विभाग रहा है तथा विश्वविद्यालय संगीत विभाग में प्यूजन संगीत का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। यह संगीत विभाग गुरू–शिष्य परम्परा तथा संस्थागत शिक्षण दोनो का प्रमुख शिक्षा केन्द्र माना जाता है।

वर्तमान हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में केवल संगीत के विद्यालय तथा ऐच्छिक विषय के रूप में अध्ययन कराने वाले विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय संगीत प्रचार–प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इन सभी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश अंको तथा सांगीतिक परीक्षण के आधार पर दिया जाता है तथा शिक्षण शुल्क भी वर्ष में एक बार ही लिया जाता है।

हाड़ौती क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में राजकीय महाविद्यालय बून्दी, राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा, राजकीय माध्यमिक प्रभाकर संगीत विद्यालय कोटा तथा झालावाड़ एवम् सेक्रेड हार्ट महाविद्यालय कोटा का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

राजकीय महाविद्यालय बून्दी में कंठ संगीत तथा राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा में गायन तथा (सितार) वादन की कक्षाएँ बी.ए. तथा एम.ए. स्तर तक चलाई जा रही है। इन सभी महाविद्यालयों में परीक्षाओं का आयोजन कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक पाठ्यक्रम की अवधि तीन वर्ष तथा अधिस्नातक पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष रखी गई है।

राजकीय संगीत विद्यालय कोटा तथा झालावाड़ में संगीत भूषण तथा प्रभाकर गायन, वादन तथा नृत्य की कक्षाएँ संचालित है जिनकी वार्षिक परीक्षाएँ पंजीयक प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान बीकानेर द्वारा आयोजित की जाती है तथा इन विद्यालयों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम ही चलाएँ जा रहे है।

इनके अतिरिक्त विभिन्न संगीत संस्थाएँ कार्य कर रही है जिनमें रसमंजरी संगीतोपासना केन्द्र जयपुर, दर्शक संगीत संस्था जयपुर, संगीतिका कोटा, स्वरनिनाद कला केन्द्र एवम् लैम्प संस्था का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। यह सभी संस्थाएँ गुरू–शिष्य परम्परा की पद्धति को आज भी जीवित रखे हुए है। राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय के अतिरिक्त हाड़ौती क्षेत्र की सभी शिक्षण संस्थाएँ सह शिक्षा पर आधारित संस्थाएँ है।

भारतीय संस्कृति में संगीत का विशेष स्थान रहा है। वैदिक काल से ही संगीत शिक्षा गुरू शिष्य परम्परा पर आधारित रही हैं। प्राचीन काल व मध्यकाल में भी संगीत शिक्षा का माध्यम गुरू शिष्य परम्परा ही रहा हैं परन्तु आधुनिक काल में संगीत की शिक्षा के गुरू–शिष्य परम्परा व संस्थागत शिक्षण दोनों के द्वारा दी जा रही है। इन सभी शिक्षण संस्थाओं ने संगीत जगत को उच्च कोटि के कलाकार प्रदान किए है।

f}rh; v/;k;

gkMkrh o <<kM {ks= dh

laxhr f'k{k.k laLFkk,¡

1. संगीत शिक्षक की अवधारणा एवं प्रारम्भिक पाठ्यक्रम
2. स्वाधीनता से पूर्व स्थापित संगीत शिक्षण संस्थान
3. स्वाधीनता के बाद स्थापित संगीत शिक्षण संस्थान
4. विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान
5. महाविद्यालय स्तर के संस्थान
6. निजी एवं अशासकीय शिक्षण संस्थान

gkMkSrh o <w<kM+ {ks= dh laxhr f'k{k.k laLFkk;s

राजस्थान के हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संगीत की जो शिक्षण संस्थाये संचालित है उनमें संगीत विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय सम्मिलित है। इन सभी शिक्षण संस्थाओं में गायन वादन तथा नृत्य की शिक्षा प्रदान की जाती है।

gkMkSrh {ks= dh f'k{k.k laLFkk;s

राजस्थान के हाड़ौती क्षेत्र में संचालित संगीत शिक्षण संस्थाओं में वर्तमान समय में दो राजकीय अधिस्नातक महाविद्यालय है जिनको राजकीय महाविद्यालय बून्दी तथा राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा के नाम से जाना जाता है। यह दोनों ही महाविद्यालय कोटा विश्वविद्यालय, कोटा से सम्बद्वता प्राप्त है। इन दोनों ही महाविद्यलायों में संगीत विषय को अधिस्नातक स्तर पर संचालित किया जा रहा है।

राजकीय महाविद्यालय बून्दी में केवल गायन की कक्षाएँ ही संचालित की जा रही है। राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा में गायन तथा वादन (सितार) की कक्षाएँ संचालित की जा रही है। इन महाविद्यालयों के अतिरिक्त इस क्षेत्र में संगीत के दो राजकीय संगीत विद्यालय संचालित है जिन्हे राजकीय माध्यमिक प्रभाकर संगीत विद्यालय, कोटा, तथा राजकीय माध्यमिक प्रभाकर संगीत विद्यालय, झालावाड़ के नाम से जाना जाता है।

यह दोनों ही विद्यालय प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान बीकानेर से सम्बद्धता प्राप्त है तथा दोनों ही विद्यालयों में भूषण व प्रभाकर, गायन, वादन व नृत्य की कक्षाएँ संचालित की जा रही है। इनके अतिरिक्त यहाँ एक निजी महाविद्यालय भी संचालित है जिसे सेक्रेड हार्ट महाविद्यालय के नाम से जाना जाता है। यह महाविद्यालय संगीत विषय को स्नातक स्तर तक ही संचालित कर रहा है एवं कोटा विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त है।

इस महाविद्यालय में केवल गायन की ही कक्षाएँ संचालित है। इस क्षेत्र में निजी स्तर पर और भी संस्थाएँ काम कर रही है जिनमें संगीत संस्थान दादाबाड़ी प्रमुख है। यह विद्यालय अखिल भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मण्डल, मुम्बई से सम्बद्धता प्राप्त एवं उसका परीक्षा केन्द्र है। जहाँ गायन, वादन व नृत्य में कई छात्र–छात्राएँ प्रति वर्ष नियमित व स्वयपाठी परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होते है। इस विद्यालय के अतिरिक्त एक विद्यालय बसन्त बिहार, कोटा मे संचालित है जो प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से सम्बद्धता प्राप्त है।

इस विद्यालय में गायन, वादन व नृत्य की कक्षाएँ संचालित है। इस विद्यालय में प्रतिवर्ष छात्र–छात्राएँ नियमित व स्वयपाठी परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होकर शिक्षा प्राप्त कर रहे है। इसके अतिरिक्त निजी स्तर पर एक संगीत विद्यालय बारां में भी संचालित है जो अखिल भारतीय गान्धर्व महाविधालय मण्डल, मुम्बई से सम्बद्धता प्राप्त है। इस क्षेत्र में कुछ अन्य संस्थाएँ भी संगीत के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है जिनमें लेम्प व संगीतिका संस्था प्रमुख है। वर्तमान में यहाँ तीन विश्वविद्यालय संचालित है जिनमें एक भी विश्वविद्यालय में संगीत विभाग की स्थापना नहीं की गई है।

<<kM {k= dh lxhr f'k{k.k lLFkk;

राजस्थान का ढूंढ़ाड़ क्षेत्र संगीत के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस क्षेत्र में संगीत शिक्षण संस्थानों की अत्यधिक भरमार है। यहाँ राजकीय तथा निजी स्तर पर कई विद्यालय, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय संचालित है। यहाँ के राजकीय महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय महारानी कॉलेज तथा राजस्थान संगीत संस्थान का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

यह दोनों ही महाविद्यालय राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से सम्बद्वता प्राप्त है। इन महाविद्यालयों में महारानी महाविद्यालय केवल छात्राओं के लिए है तथा राजस्थान

संगीत संस्थान सहशिक्षा का प्रमुख केन्द्र है जिसे राजस्थान संगीत संस्थान के नाम से जाना जाता है।

यह महाविद्यालय शिक्षा संकुल जयपुर में संचालित किया जा रहा है। इस महाविद्यालय में गायन, वादन व नृत्य के पाठ्यक्रम संचालित है जिनकी परीक्षाएँ निदेशालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा आयोजित की जाती है। इस महाविद्यालय में बी.म्यूज तथा एम.म्यूज की परीक्षाएँ राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा आयोजित की जाती है। इस क्षेत्र के कई महाविद्यालयों में संगीत विषय को स्नातक व अधिस्नातक दोनों ही स्तरो पर संचालित किया जा रहा है। इन महाविद्यालयों में जो प्रमुख महाविद्यालय है उनके नाम निम्न प्रकार से है।

स्नातक स्तर के महाविद्यालय

1. सेन्ट विल्फ्रेड पी.जी. महाविद्यालय मानसरोवर, जयपुर
2. परिष्कार महाविद्यालय, मानसरोवर जयपुर
3. स्टेनी मेमोरियल महाविद्यालय, जयपुर
4. कानोंड़िया महिला महाविद्यालय, बापू नगर जयपुर
5. वीर बालिका महाविद्यालय, जयपुर
6. भवानी निकेतन महाविद्यालय, जयपुर

अधिस्नातक स्तर के महाविद्यालय

7. वैदिक कन्या महाविद्यालय, मानसरोवर जयपुर
8. राजस्थान संगीत संस्थान, शिक्षा संकुल जयपुर
9. सत्य सांई पी.जी. महिला महाविद्यालय, जवाहर नगर जयपुर

इन सभी महाविद्यालयों में संगीत को स्नातक व अधिस्नातक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। वीर बालिका महाविद्यालय व सत्य साई महाविद्यालय में संगीत को अधिस्नातक स्तर तक संचालित किया जा रहा है। ये सभी महाविद्यालय राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से सम्बद्धता प्राप्त है।

इस क्षेत्र में वैसे तो कई निजी विश्वविद्यालय संचालित है परन्तु बनस्थली विद्यापीठ राजस्थान के हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र का एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जहाँ गुरू–शिष्य परम्परा व संस्थागत शिक्षण द्वारा संगीत की शिक्षा दी जा रही है। इस विश्वविद्यालय में संगीत को प्राथमिक शिक्षा लेकर उच्च शिक्षा तक सम्मिलित किया गया है जिसमें गायन, वादन तथा नृत्य के पाठ्यक्रम संचालित है।

बनस्थली विद्यापीठ व राजस्थान विश्वविद्यालय दोनों ही शोध कार्य करने की सुविधा उपलब्ध करवाते है। इस विभाग में गायन, वादन (सितार) की कक्षाओं का संचालन स्नातक व अधिस्नातक स्तर पर किया जा रहा है इस संगीत विभाग में छात्र व छात्राएँ दोनों ही विद्या अध्ययन के लिए आते है तथा सभी संगीत परीक्षाओं का आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा ही किया जाता है।

इस पूरे क्षेत्र में निजी संगीत विद्यालय भी संचालित है जिनमें कल्पना संगीत विद्यालय, अनुराग संगीत संस्थान, तानसैन संगीत महाविद्यालय, दर्शक संगीत संस्थान, बापू नगर, तथा महाराजा सवाई मान सिंह संगीत महाविद्यालय, प्रमुख शिक्षा केन्द्र है। इन सभी विद्यालयों में गायन, वादन व नृत्य की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

इन विद्यालयों के अतिरिक्त अन्य संगीत संस्थायें भी संगीत के क्षेत्र में अपना महत्वपर्ण योगदान दे रही है जिनमें ध्रुपद–धाम, रस–मंजरी संगीतोपासना केन्द्र तथा दर्शक संगीत संस्था का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। जहाँ गुरू–शिष्य परम्परा के अनुसार ही संगीत की शिक्षा प्रदान की जाती है।

lxhr f'k{kd dh vo/kkj.kk ,oa çkjfEHkd ikB~;dze

Lkaxhr f'k{kd dk ifjp;

संगीत शिक्षक वह शिक्षक होते है जो संगीत विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में संगीत विषय की शिक्षा प्रदान करते है। इन शिक्षकों के अन्तर्गत पुरूष व महिला दोनो ही शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ये संगीत कला के दोनों ही पक्षों (शास्त्र व क्रियात्मक) में निपुण होते है। इन शिक्षकों का मुख्य कार्य संगीत विद्यार्थियों को संगीत विषय की शिक्षा प्रदान करना है। वर्तमान परिदृश्य में इन शिक्षकों को कई नामों से सम्बोधित किया जाता है। जैसे संगीत–गुरू, संगीताचार्य, संगीत अध्यापक, संगीत मास्टर, संगीत प्राध्यापक, संगीत व्याख्याता व संगीत प्रोफेसर इत्यादि। अंग्रेजी भाषा में संगीत अध्यापकों को म्यूजिक टीचर **(music teacher)** कहा जाता है। संगीत की प्राचीन घराना परम्परा में इन शिक्षकों के लिए गुरू या उस्ताद शब्द का प्रयोग किया जाता था। जिन कलाकारों ने गुरू–शिष्य प्रणाली से संगीत शिक्षा प्राप्त की है वे लोग आज भी अपने गुरू या उस्ताद के नाम पर कानों को स्पर्श कर उनको सम्मान प्रदान करते है। संगीत के क्षेत्र में इन संगीत शिक्षकों को आदर की दृष्टि से देखा जाता है। संगीत शिक्षण में इन शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

गुरू शब्द की महानता का बखान हमारे प्राचीन ग्रन्थों में किया गया है। गुरू की महिमा को निम्न श्लोक में दर्शाया गया है।

xq: czãk xq: fo".kq xq: nsok egs'oj%A
xq:% lk{kkr~ ijczã] rLeS Jh xqjos ue%!![1]

उपरोक्त श्लोक में गुरू को परब्रह्म के समान ही बताया गया है। अर्थात् गुरू को पूज्यनीय बताया गया है। क्योंकि गुरू ही शिष्य का सही मार्गदर्शक होता है।

1. अमरेश चन्द्र चौबे, संगीत की संस्थागत शिक्षण प्रणाली' पृष्ठ संख्या 6

महाकवि कालिदास ने कहा है– ''यस्यो–भयं साधु स शिक्षकाणं/धुरि प्रतिष्ठापयित्व्य एव अर्थात् कालिदास जी ने उसी शिक्षक को श्रेष्ठ बताया है जो स्व्यं कला निपुण होते हुए शिष्यों को भी निपुण बनाने की क्षमता रखता है। श्रेष्ठ संगीत आचार्य के लिए संगीत में निपुणता तथा शिक्षा–दान दोनों ही आवश्यक माने गये है।

जिस प्रकार एक बागवान पौधों को परिश्रम द्वारा पानी सींच–सींचकर उनको विशाल पेड़ बना देता है, ठीक उसी प्रकार यदि एक सच्चा संगीत शिक्षक चाहे तो अपने शिष्य को सांगीतिक तत्वों का सच्चा ज्ञान कराकर उसको भी एक महान् कलाकार बना सकता है।[1] हमारे प्राचीन भारतीय शास्त्रों में गुरू के तीन भेद माने गये है– आचार्य, उपाध्याय और गुरू जो ब्राहमण शिष्य का उपनयन कर यज्ञ, विद्या एवं उपनिषद् सहित वेद पढ़ाएँ उन्हे आचार्य कहा गया है यथा–उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्याययेद द्विजः।

संकल्पं सरहस्यं च तमाचार्य प्रचक्षते।।'[2]

जीविका के लिए जो वेद के एकांश या वेदांगों को पढ़ाता है वही उपाध्याय' कहलाता है। यथा–

'एकदेशं तु वेदस्य वे दांगाज्यदि वा पुनः।

यो डध्यायर्थात वृत्यर्थमुपाध्यायः स उच्चते!![3]

जे विप्र निषेक आदि कर्मो को विधि पूर्वक करता है और दूसरे उपायों से भी सम्माननीय बनाता है वह 'गुरू' कहलाता है। यथा–

निषेका दीनि कर्माणि यः करोति यथाविधि।

सम्भावयति चान्येन स विप्रों गुरूरूच्यते।।[4]

---

1. डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग 'संगीत परीक्षा' अंक जनवरी–फरवरी 1987' पृष्ठ संख्या 130
2. मधुबाला सक्सैना 'भारतीय संगीत शिक्षण प्रणाली एवं उसका वर्तमान स्तर' पृष्ठ संख्या 5
3. .....वही पृष्ठ
4. .....वही पृष्ठ

शिक्षक के इन तीनों रूपों में शिष्यों को पूर्ण विद्वान बनाने की प्रवृति निहित है। शैक्षणिक प्रक्रिया में शिक्षक की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वह शिक्षार्थी के लिए आदर्श, सर्वगुण सम्पन्न तथा श्रेष्ठ अनुकरणीय व्यक्तित्व होता है। वर्तमान समय में विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा संगीत के अनेक विश्वविद्यालयों में अनेक शिक्षक अपनी संगीत की सेवाएँ दे रहे है, एवं अपने जीवन का निर्वाह भी कर रहे है।

एक संगीत शिक्षक का उद्वेश्य केवल धन कमाना ही नहीं होना चाहिए अपितु संगीत विद्यार्थियों को उचित दिशा प्रदान करना एक शिक्षक का कर्त्तव्य होना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी में बुद्वि–चातुर्य निः सन्देह विद्यमान है, किन्तु सही तालीम के अभाव में और लम्बी अवधि तक शिक्षण न मिलने के कारण ये युवक–युवतियाँ कला की पराकाष्ठा पर पहुँचने मे असमर्थ है।

उचित समय व सुव्यवस्थित शिक्षण से अर्थात् एक सुयोग्य कुशाग्र व कुशाल शिक्षक के सानिध्य में विद्यार्थी प्रशिक्षण विहित समय में प्राप्त करें तो संगीत व संगीतकार दोनों का ही विकास सम्भव है। संगीत की शैक्षणिक प्रक्रिया में संगीत शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गयी है।

वह अपने गुणों के आधार पर ही संगीत शिक्षार्थी के व्यक्तिगत व सामाजिक विकास में उनकी उपयोगिता सिद्व करनें में सहायक बनता है, इसी कारण संगीत शिक्षक का गुणवान होना आवश्यक है। इन गुणों के अभाव में एक सच्चा संगीत शिक्षक नहीं कहा जा सकता है। इन गुणों को निम्न बिदुंओं के आधार पर प्रदर्शित किया जा सकता है।

laxhr f'k{kd ds xq.k

1- laxhr f'k{kd dk O;fDrRo %&

संगीत शिक्षक संगीत विद्यार्थी के व्यक्तित्व के विकास में उत्तरदायी होता है, अतः उसको भी अच्छे व्यक्तित्व वाला आदर्शवादी शिक्षक होना चाहिए। अपने स्वच्छ व्यक्तित्व से ही संगीत के विद्यार्थी को अपनी और आकर्षित कर सकता है।

2- laxhr f'k{kd dk e`nHkk"kh gksuk %&

शिक्षक को सदेव मीठे–शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी संगीत शिक्षार्थी के साथ कटु शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि प्रेम हमेशा सबको अपनी और आकर्षित करता है, एवं कटु व्यक्ति से सभी दूर भागने की कोशिश करते है। अतः शिक्षक का मृदभाषी होना आवश्यक है।

3- laxhr f'k{kd }kjk 'kCnksa dk lgh mPpkj.k djuk %&

संगीत शिक्षक का यह कर्तव्य है कि वह संगीत की शिक्षा देते समय, विधार्थियों के समक्ष शब्दों का सही उच्चारण करे। शिक्षक द्वारा गलत उच्चारण करने पर विद्यार्थी भी दोहराते हुए उसका गलत ही उच्चारण कर सकता है। अतः शिक्षक को सावधानी पूर्वक शब्दों का सही उच्चारण करना चाहिए।

4- vkRefo'oklh %&

संगीत शिक्षक में इस गुण का होना अति आवश्यक है। कई बार ऐसा देखा गया है कि संगीत शिक्षक के अथाह परिश्रम के बावजूद भी संगीत विद्यार्थी, शिक्षक द्वारा सीखाई गई बंदिश को नहीं गा पाते है। इस स्थिति में संगीत शिक्षक थोड़ी देर के लिए विचलित हो जाता है।

अतः शिक्षक के बार–बार प्रयास करने से वह विद्यार्थी अवश्य ही संगीत सीख सकता है। अतः संगीत शिक्षक का आत्मविश्वासी होना आवश्यक है।

5- laxhr f'k{kd dh 'kkUr çofr %&

संगीत शिक्षक में इस प्रवृति का होना अति आवयश्क है। कई बार विद्यार्थी बेसुरा गाने लग जाते है या ताल तोड़ देते है तो संगीत शिक्षक मुहँ बनाने लग जाता है एवं विद्यार्थी को डाटने लग जाता है। इस डॉट की वजह से विद्यार्थी का मनोबल गिर सकता है। अतः शिक्षक को संगीत सीखाते समय शान्त रहना आवश्यक है।

6- laxhr f'k{kd dh U;k; fç;rk %&

संगीत शिक्षक में इस गुण का होना बहुत ही आवश्यक है । कई बार विद्यालयों व महाविद्यालयों में संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता है। इस स्थिति में संगीत शिक्षकों को निर्णायकों के रूप में आमन्त्रित किया जाता है। वहाँ पर चाहे घर का सदस्य ही भाग क्यों नहीं ले रहा हो, उस जगह अपनी न्यायप्रियता का परिचय देना चाहिए। अतः संगीत शिक्षक के जीवन में यह गुण अत्यधिक महत्व रखता है।

7- fo|kfFkZ;ksa esa laxhr dh :fp mRiUu djus esa l{ke %&

संगीत शिक्षक का दायित्व है की वह संगीत का प्रचार–प्रसार करने के साथ–साथ संगीत का ऐसा माहौल उत्पन्न करे जिससे अत्यधिक विद्यार्थी संगीत के प्रति अपनी रूचि बनाएँ रखे क्योंकि संगीत का अनुकूल वातावरण बनाए रखने से ही संगीत का विकास संभव है।

8- laxhr l`tu esa fuiq.k %&

संगीत के क्षेत्र में शिक्षकों को नवीन प्रयोग करते रहना चाहिए। ऐसा करने से विद्यार्थियों को नयी–नयी चीजों की प्राप्ति होगी, और वह संगीत के प्रति अपनी रूचि को बनाएँ रखेगें। क्योंकि संगीत नवीनता पर ही आधारित होता है।

9- laxhr f'k{kd }kjk fu;fer vH;kl djuk%&

संगीत शिक्षक को नियमित रूप से संगीत का अभ्यास करना चाहिए एवं संगीत के विद्यार्थियों को भी नियमित अभ्यास के लिए सलाह देनी चाहिए। क्योंकि संगीत में

साधना का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके बिना कला में सुन्दता उत्पन्न नहीं की जा सकती है। संगीत की साधना के बारे में ऐसा कहा जाता है कि साधो तो स्वर है न साधो तो जीवन बेसुरा है। अर्थात संगीत में साधना करना अति आवश्यक है। संगीत शिक्षक का यह भी एक प्रमुख दायित्व है कि वह अपने विद्यार्थियों को पिता तुल्य सम्मान प्रदान करें। क्योंकि शिक्षक होने के साथ–साथ शिक्षक पिता तुल्य भी होता है।

10- lxhr f'k{kd dk fo"k; e ikjxr gkuk %&

संगीत शिक्षक का यह भी एक आवश्यक गुण माना गया है। संगीत शिक्षक का धर्म है कि वह अपने विषय में पूर्ण जानकारी रखता हो। अन्यथा एक छोटी सी भूल भी उसको प्रभावित कर सकती है। अतः संगीत शिक्षक को अपने विषय में पूर्ण जानकारी रखना चाहिएA

11- f'k{k.k vuHko %&

संगीत शिक्षक में यह गुण कुछ समय बाद उत्पन्न होता है। जब वह 4 या 5 वर्ष तक संगीत अध्यापन कर लेता है तो उसमें अपने विषय के प्रति अनुभव हो जाता है। उच्च कक्षाओं के अध्यापन में तो इस गुण का होना बहुत ही आवश्यक है।

संगीत विषय ऐसा विषय है जिसमें गहनता की आवश्यकता होती है। क्योंकि संगीत शिक्षक यदि संगीत में दक्षता प्राप्त नहीं करेगा तो उसका व्यवसाय प्रभावित हो सकता है। वर्तमान समय में कई शिक्षक प्राईवेट ट्यूशन पढ़ाकर अपना व अपने परिवार का भरण–पोषण कर रहे है। अगर संगीत शिक्षक अपने विषय में निपुण नहीं होगें तो ऐसी स्थिति में उसका व्यवसाय प्रभावित हो सकता है। अतः शिक्षक का धर्म है कि वह अपने व्यवसाय के प्रति ईमानदारी से काम करें एवं अपने व्यवसाय के प्रति प्रेम की भावना बनाएँ रखे।

12- le; dk ikcUn gkuk %&

संगीत शिक्षक का यह भी एक प्रमुख गुण माना गया है। संगीत शिक्षक को सभी कार्य एक निश्चित समय पर ही पूर्ण करना चाहिए। अगर शिक्षक सरकारी कर्मचारी है तो उसे समय पर ही विद्यालय या महाविद्यालय में आना–जाना चाहिए। संगीत शिक्षक

का धर्म है कि वह संगीत विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम भी समय पर ही पूर्ण करवायें। अतः शिक्षकों में इस गुण का होना अति आवश्यक है।

13- lxhr f'k{kd e feyu lkjrk dk gkuk %&

संगीत शिक्षक में इस गुण का होना बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि यदि संगीत शिक्षक में यह गुण विद्यमान है तो वह सभी लोगों का हितैषी बन सकता है तथा सभी लोग ऐसे शिक्षक को आदर व सत्कार की दृष्टि से देखते है। कई बार अधिकारी वर्ग संगीत शिक्षकों को भी विद्यालय महाविद्यालय संबंधी कार्य बता देते है। अतः शिक्षकों का धर्म है कि वह उन कार्यो को करने में आना–कानी नहीं करें। इस गुण से संगीत के विद्यार्थियों में भी मिलनसार वाली भावना का उदय होगा। अतः संगीत शिक्षक में इस गुण का होना आवश्यक है।

lxhr dh f'k{k.k fof/k;k vkj lgk;d lkexh

संगीत शिक्षक का धर्म है की वह संगीत शिक्षण के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए संगीत में प्रयुक्त होने वाली समस्त शिक्षण विधियों एवं सहायक सामग्री के द्वारा ही संगीत की शिक्षा प्रदान करें। क्योंकि यह संगीत विद्यार्थियों को लाभान्वित कर सकती है। अतः संगीत शिक्षक को संगीत शिक्षण में निम्नलिखित शिक्षण विधियों व सहायक सामग्री प्रयोग कर संगीत की शिक्षा देनी चाहिए।

1- Hkk"k.k fof/k%&

इस विधि के अनुसार शिक्षक जो कुछ भी विद्यार्थी को बताता है, वह उसे ध्यान पूर्वक सुनता व समझता है, एवं उसे आत्मसात् करने का प्रयास करता है। इस विधि में शिक्षक विषय वस्तु को संगठित रूप तथा मौखिक रूप से ही प्रस्तुत करता है। इस विधि के अन्तर्गत शिक्षक क्रियाशील रहता है और विद्यार्थी निष्क्रिय रहते है, एवं ध्यानपूर्वक शिक्षक द्वारा बतायी गई विषय वस्तु को ग्रहण करता रहता है। इस विधि का प्रयोग संगीत के सैद्वान्तिक पक्ष के लिए किया जाता है। इस पद्वति का प्रयोग संगीत

के उच्च शिक्षण में अत्यन्त उपयोगी है। इस शिक्षण विधि में यदि भाषण विधि के साथ प्रश्न विधि का भी सहारा लिया जाए तो उसकी उपयोगिता और भी बढ़ जाती है।

2- Xo'k.kkRed fof/k %&

इस विधि के द्वारा शिक्षक विद्यार्थियों को विषय से सम्बन्धित सामान्य जानकारी देता है और उसे स्वंय खोजने के लिए प्रेरित करता है। इस विधि से विद्यार्थियों की बुद्धि, तर्क–वितर्क, शक्ति, आत्म निर्भरता एवं मौलिकता का विकास होता है।

3- çn'kZu&vuqdj.k fof/k %&

संगीत शिक्षण की यह सबसे प्राचीन विधि है। आज भी संगीत शिक्षण का प्रमुख आधार यही विधि है। जिसे संगीत शिक्षण की सभी परम्पराओं में मान्यता प्राप्त है। संगीत कला का मुख्य रूप से सम्बन्ध कलात्मक परिपक्वता से है। इसी कारण संगीत शिक्षण में प्रदर्शन विधि अति उत्तम मानी गयी है।

4- y?kq çf'k{k.k vof/k %&

इसके पद्धति में संगीत शिक्षक वार्षिक परीक्षा होने से पूर्व ही संगीत शिक्षक छोटे–छोटे समूह में विद्यार्थियों की परीक्षा लेते है। कुछ अंक निर्धारित करके उन्हे उर्त्तीण या अनुत्तीर्ण घोषित करते है। इससे विद्यार्थी को अपने परीक्षात्मक स्तर का अनुमान समय रहते ही हो जाता है।

5- çn'kZukRed fof/k %&

इसके अन्तर्गत शिक्षक भिन्न–भिन्न वाद्यों के आश्रय से चार्ट या ग्राफ आदि के माध्यम से संगीत के सैद्वान्तिक अंगो को प्रयोगात्मक रूप में दर्शाता है। वैज्ञानिक संयन्त्रों के माध्यम से ध्वनि की तारता लय के विभिन्न प्रयोगों, वाद्यों की बनावटे व उनकी विशेषता, श्रुति सारणा आदि की व्यवस्था को प्रमाणित रूप में विधार्थियों के लिए ग्राहय बना सकता है।

6- lsfeukj

क्रियात्मक या सैद्वान्तिक रूप से इन आयोजनों में विद्यार्थियों को मंच प्रदर्शन का अवसर मिलता है। लेख पढ़ने तथा उस लेख पर अन्य विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं को जानने का सुअवसर प्राप्त होता है।

7- ekf[kd çfØ;k %&

इस प्रक्रिया में शिक्षक व विद्यार्थी भावनात्मक स्तर पर एक दूसरे के साथ सम्बद्ध हो यह अत्यन्त आवश्यक है, अतः एक या दो अथवा तीन विद्यार्थियों के छोटे–छोटे समूह बनाना आवश्यक है। वैयक्तिक सम्बन्द्वता से शिक्षक विद्यार्थी को कंठ साधना प्रदर्शन का तरीका तथा शास्त्रीय संगीत में निहित सौन्दर्यात्मक तत्वों को अधिक कुशलता से समझ सकता है। क्रियात्मक पक्ष के शिक्षण हेतु यह सर्वोत्कृष्ट प्रक्रिया है। शास्त्रों में निहित सौन्दर्यात्मक तत्वों को अधिक कुशलता से समझा सकता है। क्रियात्मक पक्ष के शिक्षण हेतु यह सर्वोत्कृष्ट प्रक्रिया है। शास्त्र में निहित सैद्वान्तिक सामग्री या राग व ताल का सैद्वान्तिक विवेचन बड़े समूहों में भी व्याख्यान के रूप में सम्भव है।

8- ikB~; çfØ;k %&

इस विधि में विद्यार्थियों को बोलने या लिखकर उत्तर देने का अवसर अधिक मिलता है। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से मौखिक रूप में या एक निर्धारित समय में एक या दो प्रश्नों के उत्तर लिखकर विद्यार्थी अपनी ग्राहयता का परिचय देता है। सामयिक चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा ही प्रश्न पूछे जाने के प्रयास भी विद्यार्थियों में शोधात्मक प्रवृति का विकास करते है। उपरोक्त सभी विधियाँ स्नातक व स्नात्कोत्तर स्तर पर बहुत ही प्रभावशाली सिद्ध होती हैं।

Lkxhr f'k{k.k dh lgk;d lkexh

¼ikB;Øe½

वर्तमान युग विज्ञान का युग माना जाता है। विज्ञान की सर्वतोमुखी प्रगति ने मानव जीवन के सभी पक्षों को प्रभावित किया है। वर्तमान समय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सम्मिलित मानविकी एवं वैज्ञानिक विषयों के अध्ययन के लिए अनेक शिक्षण संस्थानों में नये–नये वैज्ञानिकों उपकरणों द्वारा शिक्षा प्रदान की जा रही है। इन उपकरणों द्वारा शिक्षणों को प्रभावी बनाया जा सकता है। संगीत विषय की शिक्षा भी वैज्ञानिक उपकरणों द्वारा दी जाये, तो संगीत शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। संगीत विषय के वातावरण निमार्ण में और शिक्षण में सरलता व सजीवता लाने में ये उपकरण अत्यधिक सहायक होते है। संगीत शिक्षण के अनुकूल सहायक उपकरणों का चयन करने से पूर्व कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए।

1. संगीत शिक्षक को संगीत का शिक्षण करते समय ऐसे उपकरणों का चयन करना चाहिए, जिससे संगीत विद्यार्थियों को विषय सम्बन्धी जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाए।
2. संगीत शिक्षक को इस बात का ध्यान रखना चाहिए की वह संगीत शिक्षण में उपकरणों का प्रयोग विद्यार्थियों के अनुभव तथा उसकी परिपक्वता को ध्यान में रखते हुए करना चाहिए।
3. संगीत शिक्षण में उन्ही उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए जो संगीत सम्बन्धी समस्याओं का समाधान कर संगीत विद्यार्थियों को लाभान्वित करनें में सक्षम हो। सामग्री के अन्तर्गत आने–वाले सभी उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए। इस शिक्षण क्रिया से संगीत विद्यार्थियों के ज्ञान में अभिवृर्दि के साथ–साथ संगीत शिक्षण का स्तर भी उच्च कोटी का बन जाता है। संगीत शिक्षण की समस्याओं के निवारण में ये सहायक उपकरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। संगीत शिक्षण में इनकी सफलता संगीत शिक्षक की रूचि, कल्पना शक्ति एवं अन्तर दृष्टि पर निर्भर करती है।

lxhr f'k{k.k dh n';kRed lkexh

संगीत शिक्षण की इस सामग्री के अन्तर्गत चार्ट,ग्राफ, मानचित्र, डायग्राम, मॉडल व श्याम पट्ट आदि उपकरणों की गणना की गई है। इन उपकरणों के द्वारा संगीत के पारिभाषिक अंगो व उपांगों, राग वर्गीकरण, स्वरलिपि लेखन तथा कुछ ऐतिहासिक तथ्यों को प्रेरेणात्मक रूप ग्रहण करता है।

1. lxhr e fp=k dk ç;kx %&संगीत शिक्षण में चित्रों का प्रयोग कर संगीत के सैद्वान्तिक व क्रियात्मक दोनों ही पक्षों को प्रभावशाली बनाया जा सकता है। संगीत कक्षों में महान् संगीतकारों के छाया चित्र लगे हुए होने चाहिए जिससे संगीत विद्यार्थियों में प्रेरणात्मक भावों का विकास होता है। इन चित्रों के माध्यम ये वाद्य यन्त्रों का रख–रखाव, उनको बजाने का ढ़ग, सही बैठक व्यवस्था व वादन विधि व विभिन्न प्रकार की नृत्य मुद्राओं से अवगत कराया जा सकता है। इन चित्रों के माध्यम से संगीत विधार्थी संगीत विषय का ज्ञान सरलता से प्राप्त कर सकता है। अतः संगीत शिक्षण में संगीत से सम्बन्धित चित्रों का प्रयोग करना चाहिए।
2. lxhr lEcfU/kr ekufp=k dk ç;kx djuk %&संगीत के सैद्वान्तिक पक्ष के अन्तर्गत अनेक ऐसे विषय आते है। जिनका क्रमबद्व ऐतिहासिक विवरण विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करना होता है। उन विषयों का विवरण प्राप्त करने में मानचित्र एक अति उत्तम माध्यम सिद्व होते है। घरानों की परम्पराओं तथा उनका विभिन्न स्थानों से सम्बन्ध, कलाकारों तथा संगीतज्ञों का कार्य क्षेत्र, विभिन्न प्रदेशों के लोकगीत और उनकी परम्पराओं के शिक्षण के लिए मानचित्र सहायक होते हैं। परन्तु मानचित्रों के चुनाव उनकी विश्वसनीयता तथा शुद्धता के लिए शिक्षक को बड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है।
3. संगीत शिक्षण में श्याम–पट्ट का प्रयोग :–संगीत शिक्षण में श्याम–पट्ट का अत्यधिक महत्व बताया गया है। इसके माध्यम से शिक्षक विषय सम्बन्धी जानकारी लिखकर के विद्यार्थियों को बता सकता है।

जैसे ताल की दुगुन, तिगुन, चौगुन, व छः गुन की लयकारियों को लिखकर विद्यार्थियों को उनका ज्ञान करवाया जा सकता है।

फिल्म स्ट्रिप :—ये फिल्म स्ट्रिप प्रोजेक्टर की सहायता से चलाई जा सकती है। इसके द्वारा शिक्षक उन्ही चित्रों को दिखा सकता है। जिन्हे वह उपयोगी तथा आकर्षक समझता है। चित्रों को दिखाने से पूर्व उन्हे क्रमबद्व कर लिया जाता है।

4. चित्रविस्तारक यन्त्र :—इस यन्त्र के द्वारा अपार दर्शक सूक्ष्म वस्तुएँ भी बड़ी दिखाई देने लगती है। इसके माध्यम से चित्र, रेखाचित्र व अन्य वस्तुएँ भी परदे पर दिखाई जा सकती है। छायाचित्र पर इनका प्रदर्शन विशेष प्रभावशाली होता है। इससे संगीत शिक्षण में सजीवता आती है।

5. संगीत सम्बन्धित चार्टो का प्रयोग करना :—संगीत शिक्षण में संगीत से सम्बन्धित चार्टो का महत्वपूर्ण योगदान होता है। क्योंकि इन चार्टो के माध्यम से किसी भी सूचना या विषय को योजना बद्व तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है। संगीत से सम्बन्धित विषय जैसे राग—वर्गीकरण, नाद, श्रुति, स्वरों के नाम, विभिन्न तालों का संकलन, गायकों के विभिन्न घरानों का तुलनात्मक अध्ययन आदि विषयों को सरलता के साथ दर्शाया जा सकता है।

6. डायग्रामों का प्रयोग :—संगीत शिक्षण में डायग्राम की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डायग्राम सरल एवं चित्रमय लेख होते है, जो संगीत की विषय वस्तु की संक्षेप में व्याख्या करते है। इसमें सूक्ष्म तथ्यों को भी स्थूल रूप दिया जाता है। ये डायग्राम चार्ट से अधिक आकर्षक तथा रोचक होते है। डायग्राम को बनाना शिक्षक की योग्यता व उसकी निपुणता पर निर्भर होता है।

7. ग्राफ :—विषय की दुरूहता को कम करने में ग्राफ विशेष रूप से सहायक होते है। ध्वनि की गति, कम्पन, स्वरों का पारस्परिक अन्तराल इतिहास कारों द्वारा वर्णित श्रुतियों पर स्वरों की स्थापना का ग्राफ के माध्यम से स्पष्ट किया जा सकता है।

श्रव्यात्मक सामग्री के अन्तर्गत उन उपकरणों की गणना की जाती है। जो ध्वनि उत्पादन में सहायक होते है। इन उपकरणों की सहायता से संगीत शिक्षक किसी भी सिद्ध कलाकार की गायन शैली व वादन शैली को सुनाकर संगीत विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि कर सकता है। श्रव्यात्मक सामग्री के अन्तर्गत रेडियो, टेपरिकार्डर, ग्रामोफोन, मेट्रोनेम आदि की गणना की जाती है।

1. रेडियो :–

रेडियो पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों में संगीत शिक्षण के कार्यक्रमों का प्रसारण उच्च कोटि के संगीतज्ञों का गायन या वादन, शास्त्र चर्चा आदि संगीत विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त लाभप्रद है। कक्षा में दी गई शिक्षा के अतिरिक्त केवल पाठ्य पुस्तकों के माध्यम से जो विचारणीय केन्द्र स्पष्ट नहीं हो पाते वह नए कार्यक्रमों के माध्यम से संक्षिप्त रूप में विद्यार्थी के समक्ष आ जाते है, जिन्हे पढ़कर नहीं वरन् सुनकर मानसिक रूप से ग्रहण कर लेता है।

2. टेपरिकार्डर :

टेपरिकार्डर के द्वारा संगीत विद्यार्थियों को एक ही राग को बार–बार सुनाया जा सकता है। इससे उन्हे अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

3. ग्रामोफोन :

ग्रामोफोन का आविष्कार टेपरिकार्डर से बहुत पहले हो चुका था। टेपरिकार्डर के आविष्कारक के पश्चात् ग्रमोफोन का अब कोई विशेष महत्व नहीं रह गया है। यह उपकरण भी संगीत शिक्षण के लिए बड़ा ही लाभदायक है। एक ही रिकार्ड को बार–बार बजाकर किसी भी कलाकार के गायन–वादन को सुना जा सकता है।[1]

---

1. डॉ0 पुष्पेन्द शर्मा 'संगीत की उच्च स्तरीय शिक्षण प्रणाली' पृष्ठ संख्या 90

विभिन्न गायकों तथा वादकों की गायन तथा वादन शैली का तुलनात्मक अध्ययन करने के लिए ग्रामोफोन का प्रयोग किया जा सकता है। इन महाविद्यालयों तथा विशविद्यालयों में विभिन्न कलाकारों के रिकार्डो की लायब्रेरी होनी चाहिए तथा समय–समय पर विद्यार्थियों को भिन्न–भिन्न कलाकारों के रिकार्ड सुनवाए जाने चाहिए ताकि उनके क्रियात्मक पक्ष को विकसित किया जा सके।

मैट्रोनेम :

मैट्रोनेम के आविष्कारक का श्रेय एमस्ट्रेड के वैज्ञानिक विकल को जाता है। यह एक निश्चित गति से टिक–टिक की ध्वनि करता हुआ चलता है, जिसकी गति को इच्छानुसार घटाया–बढ़ाया जा सकता है। इसका प्रयोग लय को पक्की करने में किया जाता हैं। विद्यार्थियों के प्रयोग गायन–वादन तथा नृत्य तीनों के लिए ही किया जाता है। शिक्षण संस्थाओं में सम्यक् जानकारी दी जानी चाहिए। ताकि विद्यार्थी अभ्यास करते समय इसकी पूरी–पूरी सहायता ले सके।[1]

उपरोक्त सभी बिन्दुओं के आधार पर ये कहा जा सकता है कि संगीत शि़क्षक वह शिक्षक होता है जो विद्यालय, महाविद्यालय, व विश्वविद्यालय में संगीत विषय की शिक्षा प्रदान करता है। इन संगीत शिक्षकों को हमारे समाज में सम्मानीय दृष्टि से देखा जाता है। हमारे प्राचीन ग्रन्थों में शिक्षक को साक्षात् ब्रह्म के समान बताया गया है। परन्तु एक उच्च कोटी के संगीत शिक्षकों में कुछ नैतिक गुणों का होना आवश्यक है संगीत शिक्षक को संगीत शिक्षण विधियों का ज्ञान होना भी आवश्यक है। एक अच्छे संगीत शिक्षक की विशेषता है कि वह संगीत शिक्षा प्रदान करते समय शिक्षण में संगीत की श्रव्य तथा दृश्य दोनों ही प्रकार की शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर संगीत की शिक्षा प्रदान करना चाहिए। संगीत शिक्षक को संगीत का एक निश्चित पाठ्यक्रम भी बना लेना चाहिए क्योंकि इससे संगीत शिक्षण में क्रमबद्वता बनी रहती हैं। ये पाठ्यक्रम संगीत विद्यार्थियों के अनूरूप ही होना चाहिए। उपरोक्त सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए यदि शिक्षण कार्य किया जाये तो शिक्षण को प्रभावशाली बनाया जा सकता है।

---

1. डॉ0 पुष्पेन्द शर्मा 'संगीत की उच्च स्तरीय शिक्षण प्रणाली' पृष्ठ संख्या 91

çkjfEHkd&ijh{kk ¼ikB~;Øe½

vf[ky Hkkjrh; xk/koZ egkfo|ky; eaMy] eqacbZ

<u>çkjfEHkd xk;u</u>

fØ;kRed

¼v½ LojKku %

शुध्द स्वर अलग–अलग तथा सरल समुदाय में गाना/बजाना तथा पहचानना। निम्नलिखित स्वर अलंकारों से प्रारम्भिक परिचय।

(1) सा रे ग म प ध नी सां – सां नी ध प म ग रे सा
(2) सा,सारेसा,सारेगरेसा...............सां,सांनीसां,सांनीधनीसां
(3) सारेग,रेगम..........सांनिध,नीधप
(4) सारेगम,रेगमप..........सांनिधप,नीधपम
(5) सारेसारेग,रेगरेगम..........सांनीसांनीध,नीधनीधप
मनोरंजन के क्षेत्र मे संगीत का विशिष्ट स्थान माना जाता है। इसका उपयोग फिल्म संगीत, नाटक, एकाभिनय तथा मूकाभिनय के अन्तर्गत होता है। आज बच्चे बूढ़े सभी कम्प्यूटर गेम खेलते हुए दिखाई देते है। इन कम्प्यूटर गेमों कों आकर्षक बनाने हेतु साउण्ड इफैक्ट स्पेशलिस्ट की आवश्यकता होती है। आज कई लोग विभिन्न कम्पनियों में साउण्ड इफैक्ट स्पेशलिस्ट रूप में अपना व्यवसाय कर रहे है।

12- E;qftd LVwfM;ks }kjk laxhr O;olk; %

संगीत व्यवसाय के क्षेत्र में यह एक नवीन आयाम माना जाता है, चाहे किसी भी प्रकार का संगीत हो उसे स्टूडियों में ही रिकार्ड किया जाता है। इन स्टूडियों में कई कलाकार प्रति प्रोग्राम के हिसाब से अपना धन अर्जित करते है। कई कलाकारों को स्टूडियों द्वारा नियमित कलाकार के रूप में नियुक्त किया जाता है एवं उन्हे आकर्षक वेतनमान दिया जाता है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है की संगीत ने व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी जड़े गहरी जमा ली है। व्यावसायिक दृष्टि से संगीत का क्षेत्र अति उत्तम है तथा इसमें रोजगार की अपार संम्भावनाएँ निहीत है।

prqFkZ v/;k;

laxhr f'k{k.k laLFkkvksa

ds laxhr f'k{kd]

dykdkj

,oa

mudk ;ksxnkuA

lxhr f'k{k.k lLFkkvksa ds lxhr f'k{kd dykdkj ,oe mudk ;kxnku

राजस्थान के हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में ऐसे अनेक संगीत शिक्षक कलाकार हुये है, जिन्होने अपनी साधना व चिन्तन शक्ति से शास्त्रीय संगीत को सजाया सवाँरा है। यहाँ के सभी संगीत शिक्षक कलाकारों ने संगीत के शास्त्रीय एवं क्रियात्मक पक्ष के प्रति समर्पित होकर संगीत कला को समृद्ध किया है। इन शिक्षक कलाकारों में विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय संगीत शिक्षकों की गणना की जाती है, जिन्होने संगीत के उन्नयन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर संगीत कला को परिवक्व एवं समृद्व बनाया हैं।

आज भी संगीत को संरक्षित करने और शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए संगीत शिक्षक कलाकारों द्वारा अनेक ग्रन्थों तथा संगीत पुस्तकों का सृजन किया जा रहा है। हाड़ौती तथा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के संगीत शिक्षण संस्थानों में सेवारत एवं सेवानिवृत संगीत शिक्षक कलाकार जिन्होने संगीत उन्नयन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है उन सभी शिक्षक कलाकारों के सांगीतिक योगदान तथा उनके जीवन परिचय पर अंग्राकित प्रकाश डाला गया है।

इस अध्याय में सम्मिलित सभी गुणीजनों का जीवन परिचय, उनके द्वारा उपलब्ध करवायी गयी जानकारियों के आधार पर तैयार किया गया है।

<i<kM {k= d ie[k lxhr f'k{kd dykdkj

Jh vfdr HkV~V ¼çk/;kid fl rkj½

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के प्रसिद्व युवा संगीत शिक्षक एवं सितार वादक श्री अंकित भट्ट का जन्म 18 नवम्बर 1982 को जयपुर के प्रसिद्व संगीत गुरू श्री चन्द्रमोहन भट्ट के यहाँ हुआ था। आपने संगीत की शिक्षा गुरू शिष्य प्रणाली व संस्थागत शिक्षण के द्वारा प्राप्त की है।

श्री अंकित भट्ट सेनिया घराने के प्रमुख गुरू एवं कलाकार पंडित शशी मोहन भट्ट के परम शिष्य है। आपके विभिन्न सांगीतिक लेख संगीत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है। आप निदेशालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सफल परीक्षक हैं।

आपको आकाशवाणी द्वारा बी हाई ग्रेड प्रदान की गई है। आपको हिन्दी मूवी डिजायर में पार्श्व गायक हरिहरण के साथ कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपको विभिन्न संस्थाओं द्वारा सुरमणी अवार्ड से नवाजा गया है। आपने टाइम्स म्यूजिक एलबम में अपना सितार वादन किया है। वर्तमान में आप बनस्थली विद्यापीठ के संगीत विभाग में प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्री अंकित भट्ट द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- T;kfr xkLokeh ¼ ik/;kfidk dFkd uR;½

प्रसिद्ध नृत्यागंना डॉ0 ज्योति गोस्वामी का जन्म 1963 को गुलाबी नगर जयपुर में हुआ था। डॉ0 ज्योति गोस्वामी संगीत साहित्य लेखन में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। डॉ0 ज्योति गोस्वामी ने जयपुर घराने के प्रसिद्व नृत्य गुरू पंडित गिरधारी महाराज से शिक्षा प्राप्त की है।



डॉ0 ज्योति भातखण्डे संगीत विद्यापीठ लखनऊ व राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर की सफल परीक्षक है। आपने विभिन्न नृत्य नाटिकाओं का आयोजन कर कथक नृत्य के प्रचार–प्रसार में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

आपने विभिन्न संगीत सेमिनारों में कथक का सौन्दर्य पक्ष, विषय पर व्याख्यान दिए है तथा आप विभिन्न प्रतियोगिताओं की निर्णायक रही है। डॉ0 ज्योति को सन् 2013 में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी अवार्ड, 1993 में सुर सिंगार संमसद मुम्बई द्वारा श्रृंगार मणी की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

आपने ''कथक नृत्य के विकास में बीकानेर संभाग का योगदान'' विषय पर शोध कार्य कर संगीत जगत को नवीन दिशा प्रदान की है। वर्तमान में आप राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर में संगीत प्राध्यापिका के रूप में अपनी सेवाएँ दे रही है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ. ज्योति गोस्वामी द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- lhek lDlsuk ¼lxhr çk/;kfidk dB lxhr½

ख्याल गायिका डॉ0 सीमा सक्सैना का जन्म 1964 को जयपुर में हुआ था। डॉ0 सीमा सक्सैना संगीत–साहित्य लेखन में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। आप भातखण्डे

संगीत विद्यापीठ लखनऊ एवं बनस्थली विद्यापीठ द्वारा करवाये जा रहे है शोध कार्यो में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। आप आकाशवाणी तथा दूरदर्शन की सफल कलाकार है। डॉ0 सीमा के विभिन्न सांगीतिक लेखों का प्रकाशन संगीत मासिक पत्रिका हाथरस द्वारा किया जा चुका है। आपके प्रमुख लेखों में ख्याल का सांगीतिक पक्ष एवं समय सिद्वान्त की प्रासंगिकता सफल लेख रहे है। आपको राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर तथा महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा सदस्यता प्रदान की गई है।

आपको आकाशवाणी द्वारा बी हाई ग्रेड प्रदान की गई है। आप बनस्थली विद्यापीठ, कोटा विश्वविद्यालय तथा राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर की सफल परीक्षक रही है। डॉ0 सीमा को 1991 में साहित्य कला संस्थान द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

आपने विभिन्न अतंरमहाविद्यालय प्रतियोगिताओं में संगीत निर्णायक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ0 सीमा ने ‘‘सदा रंगीले की ख्याल बंदिशों का काव्य शास्त्रीय अध्ययन’’ विषय पर शोध कार्य कर संगीत जगत को एक नीवन दिशा प्रदान की है। वर्तमान में आप राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर में संगीत प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवायें दे रही है। आपका सांगीतिक योगदान सराहनीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ. सीमा सक्सैना द्वारा दी गई जानकारी।

Mk0 ';ke lqUnj 'kekZ ¼lxhr ik/;kid dBB lxhr½

ध्रुपद गायक डॉ0 श्याम सुन्दर शर्मा का जन्म 25 जून, 1979 को जयपुर में हुआ था। डॉ0 श्याम सुन्दर शर्मा, ने ग्वालियर एवं डागर घराने के प्रसिद्व कलाकार पंडित लक्ष्मण भट्ट तैंलंग तथा डॉ0 मधु भट्ट तैलंग से ध्रुपद एवं धमार गायन का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त किया है। आपने देश के विभिन्न संगीत समारोहों में डॉ0 मधु भट्ट तैलंग के साथ अपनी भव्य प्रस्तुतियों का परिचय दिया है। डॉ0 श्याम ने विभिन्न संगीत सेमीनारों में ध्रुपद तथा धमार विषय पर व्याख्यान दिए है। आप राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर एवं अखिल भारतीय गार्न्धव महाविद्यालय मंडल मुम्बई द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निर्णायक हैं।

आपने पंडित औंकार नाथ ठाकुर द्वारा प्रवीत ग्रन्थ संगीताजली भाग प्रथम व द्वितीय की ध्रुपद व धमार बन्दिशों का सांगीतिक विश्लेषण'' विषय पर शोध कार्य पूर्ण कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

डॉ0 श्याम ने संगीत शिक्षण पद्वति एवं समकालिन कलाओं में संगीत एवं समाज ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य अवलोकन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए है। आपको राजस्थान के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में डॉ0 श्याम सेन्ट विल्फ्रेड पी.जी. कॉलेज मानसरोवर जयपुर में संगीत प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे है। डॉ0 श्याम का यह सांगीतिक योगदान सराहनीय है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ0 श्याम सुन्दर शर्मा द्वारा दी गई जानकारी।

Jh jfo HkVV rSyax ¼laxhr f'k{kd½



ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के प्रसिद्व युवा संगीत शिक्षक एवं वायलिन वादक श्री रवि भट्ट का जन्म जयपुर में यहाँ हुआ था। आपने संगीत की शिक्षा गुरू शिष्य प्रणाली व संस्थागत शिक्षण के द्वारा प्राप्त की है। श्री रवि भट्ट डागर व ग्वालियर घराने के प्रमुख गुरू एवं कलाकार पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग के पुत्र एवं शिष्य है। आपके विभिन्न सांगीतिक लेख संगीत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है। श्री रवि भट्ट आकाशवाणी व दूरदर्शन के सफल कलाकार माने जाते है। आपका संगीतिक योगदान सरहानीय रहा है।

iafMr y{e.k HkVV rSyax ¼lsokfuo`Rr f'k{kd½



भारत के सुप्रसिद्व ध्रुपद विशेषज्ञ पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग का जन्म जयपुर में हुआ है। पंडित जी भारतीय संगीत की प्राचीन शैली ध्रुपद तथा धमार के विशेष प्रतिनिधी माने जाते है एवम् पंडित जी ग्वालियर तथा डागर घराने के सिद्व हस्त कलाकार के रूप में जाने जाते है। आप गायन तथा वादन दोनो ही शैलियों में पारंगत है। पंडित जी ने अपनी संतान के रूप में सात स्वरों को ईजाद किया है । मेरी कल्पना के अनुसार शोभा से सा, रवि से रे, उषा से ग, मधु से म, पूनम से प, आरती से ध, निशा से नि। ये सभी संगीत की सभी विद्याओं में निपुण है। पंडित जी ने कई बंदिशों की नवीन रचना कर संगीत जगत को लाभान्वित किया है। आप गायन, वादन तथा साहित्य क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते है। आपके प्रमुख शिष्यों में डॉ. मधु भट्ट तैलंग, डॉ आरती भट्ट तैलंग, डॉ निशा भट्ट तैलंग, डॉ श्याम सुन्दर शर्मा, श्री ओम प्रकाश नायर, श्री ब्रज मोहन ड़ांगी, डॉ हनुमान सहाय तथा गणेश लाल बारेठ का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्री रवि भट्ट तैलंग द्वारा दी गई जानकारी।
- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में पंडित लक्ष्मण भट्ट द्वारा दी गई जानकारी।

Mk0 lftr no /kfj;k ¼çk/;kid ok;fyu½

प्रसिद्ध वायलिन वादक डॉ0 सुजित देव धरिया का जन्म पश्चिम बंगाल में हुआ था। आपने संगीत की शिक्षा गुरू शिष्य परम्परा एवं संस्थागत शिक्षण द्वारा प्राप्त की है। आप बनारस घराने के प्रमुख संगीत गुरू पंडित वनिष प्रसाद के प्रमुख शिष्य रहे है। डॉ0 धरिया के विभिन्न सांगीतिक लेख छायानट पत्रिका में प्रकाशित होते रहे है।

आप अपने कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा संगीत समारोहों के द्वारा देते रहते है। डॉ0 धरिया ने संगीत संबंधी विषय पर रविन्द्र भारती विश्वविद्यालय में कई पत्रों का वाचन किया है।

आप आकाशवाणी द्वारा बी ग्रेड प्राप्त कलाकार रहे है। वर्तमान में आप बनस्थली विद्यापीठ के संगीत विभाग में वायलिन प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे है। आपका सांगीतिक योगदान सराहनीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ0 सुजित देव धरिया द्वारा दी गई जानकारी।

Jh ?ku';ke tknku ¼çk/;kid] daB laxhr½



ख्याल गायक श्री घनश्याम सिंह जादोन का जन्म जयपुर में हुआ था। आप प्रसिद्ध ख्याल गायक बाबा श्री सुखदेव जी महाराज के परम शिष्य रहे है। आप शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की दोनों ही विधाओं में निपुण है तथा गायन के साथ–साथ आप तबला संगत का भी अनुभव रखते है। श्री जादोन ने संगीत शिक्षा गुरू शिष्य परम्परा तथा संस्थागत शिक्षण के द्वारा प्राप्त की है।

श्री जादोन ने सांगीतिक धरोहर को सुरक्षित रखने एवं संगीत प्रचार–प्रसार हेतु संगीत को अपना लक्ष्य बनाया है। आप संगीत के कार्यक्रम संगीत समारोहों के द्वारा देते रहते है।

आपने विभिन्न संगीत सेमीनारों में ख्याल गायकी विषय पर व्याख्यान दिए है। वर्तमान में श्री घनश्याम सिंह जादोन भवानी निकेतन महाविद्यालय जयपुर में संगीत प्राध्यापक के रूप में 15 वर्षो से अपनी सेवाएँ दे रहे है। आप राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षक है। है। आपका सांगीतिक योगदान सराहनीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में घनश्याम जादोन द्वारा दी गई जानकारी।

Jh vke çdk'k uk;j ¼çk/;kid dB laxhr½

प्रसिद्व युवा ध्रुपद गायक श्री ओम प्रकाश नायर का जन्म 27 फरवरी 1985 को जयपुर में हुआ था। ग्वालियर एवं डागर घराने के प्रसिद्व संगीत विशेषज्ञ पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग तथा डॉ0 मधु भट्ट तैंलंग के सानिध्य में आपने संगीत की गहन शिक्षा प्राप्त की है।

श्री नायर ने कई राष्ट्रीय मंचों पर अपनी भव्य प्रस्तुतियाँ दी है। आपको बाल गन्धर्व संस्था जयपुर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सुर श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

श्री नायर को आकाशवाणी के ज्ञानवाणी चैनल पर संगीत विशेषज्ञ के रूप में आमन्त्रित किया गया था। जिसके अन्तर्गत आपका सांगीतिक व्याख्यान ''टॉक शो'' के द्वारा प्रसारित किया गया।

वर्तमान में आप परिष्कार पी.जी. कॉलेज मान सरोवर, जयपुर में संगीत प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में ओम प्रकाश नायर द्वारा दी गई जानकारी।

Mk0 vkjrh HkVV rlyx ¼çk/;kfidk dB lxhr½

ख्याल गायिका डॉ0 आरती भट्ट तैलंग का जन्म 26 सितम्बर 1969 को हुआ था। आप ग्वालियर घराने के प्रसिद्ध गायक पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग की शिष्या एवं सुपुत्री है। डॉ0 आारती भट्ट संगीत साहित्य लेखन में अपना विशिष्ट स्थान रखती है एवं आपके निर्देशन में कई शिक्षार्थी शोध उपाधि प्राप्त कर चुके है।

डॉ0 आरती भट्ट कई विश्वविद्यालयों की परीक्षक है। आपको कई संस्थाओं द्वारा सांगीतिक प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में आमन्त्रित किया जाता रहा है। डॉ0 आरती आकाशवाणी तथा दूरदर्शन की सफल कलाकार रही है।

डॉ0 आरती भट्ट ने ग्वालियर घराने के राजू भैया पूछ वाले का भारतीय संगीत के विकास में अमूल्य योगदान शीर्षक पर शोध कार्य पूर्ण किया है एवंम घरानेदार चीजों को आगे बढ़ाना ही आपका परम उद्देश्य रहा है।

वर्तमान में डॉ0 आरती भट्ट तैलंग राजस्थान विश्वविद्यालय संगीत विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही है। आपका सांगीतिक योगदान सराहनीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ0 आरती भट्ट तैलंग द्वारा दी गई जानकारी।

Mk0 e/kq HkVV rSyax ¼çk/;kfidk daB laxhr½

प्रसिद्ध ध्रुपद गायिका डॉ0 मधु भट्ट तैलंग का जन्म 28 मार्च 1961 को जयपुर में हुआ था। डॉ0 मधु भट्ट डागर व ग्वालियर घराने के प्रसिद्व गायक पंडित लक्ष्मण भट्ट तेलंग की परम शिष्या व सुपुत्री है।

आप संगीत साहित्य लेखन में अपना विशिष्ट योगदान रखती है। डॉ0 मधु भट्ट के निर्देशन में कई संगीत शिक्षार्थी शोध कार्य कर शोध उपाधि प्राप्त कर चुके है।

आप कई वर्षो से अनेक विश्वविद्यालयों की परीक्षक एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों की सदस्या है। आपने कई संगीत सम्मेलनों एवं राष्ट्रीय संगीत कार्यशालाओं में अपने कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियाँ दी है। डॉ0 मधु भट्ट ने अनेक राष्ट्रीय स्तर की संगीत कार्यशालाओं का आयोजन कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

आपने कई राष्ट्रीय एवं अन्तर राष्ट्रीय संगीत समारोहों में विभिन्न सांगीतिक विषयों पर व्याख्यान दिए है। आप आकाशवाणी व दूरदर्शन की सफल कलाकार है। डॉ0 मधु भट्ट के यू.एस.ए. व जयपुर बी.एम.बी. म्यूजिक कम्पनी द्वारा एलबम भी रीलीज किए गए है। आप ध्रुपद में कई नवीन प्रयोग धर्मी रचनाएँ करती रहती है।

आपकी प्रमुख कृतियों में ध्रुपद परम्परा एवं हिन्दस्तानी संगीत के पखावज वादन को वल्लभ सम्प्रदाय की देन व आपका प्रसिद्व लेख राजस्थान की समृद्व संगीत परम्परा के नाम से प्रकाशित हुआ है। वर्तमान में डॉ0 मधु भट्ट राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के संगीत विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। आप अनगिनत पुरस्कारों व सम्मानों से नवाजी गयी है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ0 मधु भट्ट तैलंग द्वारा दी गई जानकारी।

Mk0 y{eh jkuh ekFkqj ¼lsokfuo`r] çk/;kfidk½

डॉ0 लक्ष्मी रानी माथुर का जन्म 3 नवम्बर 1948 को अजमेर राजस्थान में हुआ था। आप प्रसिद्व ख्याल गायक डॉ0 विद्याधर राव व्यास की प्रमुख शिष्या रही है। आप ग्वालियर घराने की ख्याल गायिका रही है तथा विभिन्न आकाशवाणी केन्द्रों से आपकी सांगितीक वार्ताओं का प्रसारण किया जा चुका है।

डॉ0 लक्ष्मी रानी को आकाशवाणी तथा दूरदर्शन की प्रमुख कलाकार रही है। आपके द्वारा लिखे गये कई सांगितीक लेखों का प्रकाशन विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में हो चुका है। आपने संगीत शिक्षा गुरू शिष्य परम्परा एवं संस्थागत शिक्षण के द्वारा प्राप्त की है।

डॉ0 लक्ष्मी रानी राजस्थान के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों की पाठ्यक्रम समिति में सदस्यता प्राप्त है। आप राजस्थान लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में विषय विशेषज्ञ के रूप में योगदान देती आयी है तथा विभिन्न महाविद्यालयों में परीक्षक के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुकी है। आप आकाशवाणी द्वारा बी. ग्रेड कलाकार है आपने ई.टी.वी. राजस्थान द्वारा आयोजित संगीत प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अपना योगदान दिया है तथा राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर, राजकीय महाविद्यालय बून्दी तथा राजकीय महाविद्यालय अलवर, में अध्यापन कार्य किया है। डॉ0 लक्ष्मी रानी ने राजकीय महाविद्यालय बून्दी में संगीत विषय का शुभारम्भ कर महत्पवपूर्ण योगदान दिया है। आपने ''राजस्थान के लोक देवी देवताओं से सम्बन्धित गीतों का सांगीतिक अध्ययन'' विषय पर शोध कार्य किया है। संगीत जगत आपके अथाह योगदान का आभारी है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ0 लक्ष्मी रानी माथुर द्वारा दी गई जानकारी।

çk- lqeu ;kno ¼ dB laxhr½

भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में प्रोफेसर सुमन यादव का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। प्रोफेसर सुमन यादव ऑल इंडिया रेडियो से ए ग्रेड की कलाकार रही है। प्रो. सुमन ग्वालियर घराने की प्रसिद्व गायिका डॉ. लीलावती अड़सले की प्रमुख शिष्या रही है। आपकी गायकी में ग्वालियर घराने की गायकी के अतिरिक्त किराना तथा जयपुर घराने का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है।

प्रो. सुमन यादव ने गायन शैलियों में कई नवीन प्रयोग किए है। जिनमें कई देशो के स्थानीय संगीत को राजस्थानी लोक संगीत में ढ़ाला है। फलस्वरूप कई बेहतरीन रचनाएँ सामने आई और लोगों ने उन्हे बेहद पसन्द किया है। प्रो. सुमन शास्त्रीय संगीत की सभी विद्याओं में निपुण है।

आप विभिन्न संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ देती रही है। प्रसिद्व संगीत कम्पनी टाईम्स म्यूजिक द्वारा आपकी गज़लों का एक एलबम रिलिज हुआ है। इन सभी गज़लों का कम्पोजिशन स्वंय सुमन जी द्वारा ही किया गया है तथा सुमन जी ने बेल्जियम की प्रसिद्व म्यूजिक कम्पनी ब्लू प्लेम द्वारा राजस्थानी फोक गीतों का एलबम रिलिज किया है।

वर्तमान में आप राजस्थान विश्वविद्यालय संगीत विभाग में संगीत प्रोफेसर के रूप में कार्यरत है। आपके निर्देशन में कई संगीत शोधार्थी शोध कर चुके है। आपका सांगीतिक योगदान सदैव सरहानीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में प्रोफेसर सुमन यादव द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- fu'kk HkV~V r|y|x ¼l|xhr çk/;kfid½

डॉ0 निशा भट्ट तैलंग का जन्म 26 सितम्बर 1957 को राजस्थान की गुलाबी नगरी जयपुर में हुआ था। आपके पिता एवं गुरू पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग जो भारतीय शास्त्रीय संगीत में ध्रुपद विशेषज्ञ के नाम से जाने जाते है। आपको बचपन से ही सांगीतिक वातावरण प्राप्त हुआ जिसके फलस्वरूप आपके गुरू एवं पिता पंड़ित लक्ष्मण भट्ट तैंलग से संगीत की शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

डॉ. निशा ने संगीत की शिक्षा गुरू शिष्य परम्परा तथा संस्थागत शिक्षण के द्वारा प्राप्त की है। आपने संगीत के प्रचार–प्रसार एवं सांगीतिक धरोहर को सुरक्षित रखने हेतु संगीत को अपना लक्ष्य बनाया है।

डॉ. निशा आकाशवाणी द्वारा A^+ ग्रेड प्राप्त कलाकार रही है। आपको राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों की पाठयक्रम समिति में सदस्यता प्राप्त है। आपने ''आगरा घराने के सुप्रसिद्व संगीताचार्य स्व. पंडित श्रीकृष्ण नारायण रातजंकर'' विषय पर शोध कार्य कर संगीत जगत को अमूल्य योगदान दिया है।

डॉ. निशा राजकीय महाविद्यालय बून्दी में संगीत प्राध्यापिका के रूप में अपनी सेवायें प्रदान कर चुकी है। वर्तमान में आप राजकीय महाविद्यालय टोंक में प्राचार्या के पद पर सेवायें दे रही है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ0 निशा भट्ट तैलंग द्वारा दी गई जानकारी।

Mk-xkjo tu ¼çk/;kid dB lxhr½

प्रतिष्ठित संगीत शिक्षक कलाकार : डॉ.गौरव जैन अध्यापन के क्षेत्र में स्नातकोत्तर राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर में संगीत प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवायें दे रहें है। डॉ.गौरव ने संगीत की शिक्षा संस्थागत शिक्षण के द्वारा प्राप्त की है। डॉ. गौरव ने समय–समय पर फिल्म संगीत पर अपने आर्टिकल प्रकाशित करवायें है।

डॉ. गौरव ने आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा संगीत समारोहों के द्वारा अपने कार्यक्रमों की कई प्रस्तुतियाँ दी है। डॉ. गौरव आकाशवाणी द्वारा **B** ग्रेड प्राप्त कलाकार है। डॉ. गौरव ने सरल रामायण एवं गा मेरे संग गा टी.वी. सीरीयल में अपनी मधुर आवाज दी है तथा कई संगीत कम्पनियों ने आपके एलबम रीलीज किये हैं जिनमें राधारमण हरि बोल, सुन्दरकाण्ड, (टी.सीरीज) वीणा कैसेट्स द्वारा रीलीज एलबम वतन ये हमारा प्यारा हिन्दुस्तान कॉफी लोकप्रिय रहा है।

डॉ. गौरव ने विभिन्न विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगताओं में निर्णायक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. गौरव ने, ''हिन्दी फिल्म संगीत की लोकप्रिय गज़लों का सांगीतिक विश्लेषण संगीतकार मदनमोहन के विशिष्ट सन्दर्भ में'' सांगीतिक विषय पर शोध कार्य किया है। डॉ. गौरव सरल स्वभाव तथा मृदुभाषी व्यक्ति है। वर्तमान में डॉ. गौरव राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर में संगीत प्राध्यापक के रूप में सेवाएँ दे रहे है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ.गौरव जैन द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- çHkk ekFkqj ¼ çk/;kfidk d.B laxhr½

प्रसिद्व ख्याल गायिका डॉ. प्रभा माथुर का जन्म 31 मार्च 1962 को जयपुर, राजस्थान में हुआ था। आप ग्वालियर घराने के प्रसिद्व गायक श्री एस.एस. पाण्डेय की परम शिष्या रही है।

आपके कई लेख संगीत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है। डॉ. प्रभा विभिन्न विश्वविद्यालयों की सफल परीक्षक मानी जाती है। डॉ. प्रभा ने नेशनल सेमिनार ऑन म्यूजिक रिसर्च मुम्बई में जयपुर का गुणीजन खाना विषय पर पत्र वाचन कर अपना अमूल्य योगदान दिया है।

डॉ. प्रभा विभिन्न प्रतियोगिताओं की सफल निर्णायक रही है। आपने 'भारतीय संगीत' को जयपुर राज्य की देन'' विषय पर शोध कार्य कर ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की सांगीतिक उपलब्धियों को उजागर किया है। वर्तमान मे डॉ. प्रभा राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर में संगीत प्राध्यापिका के रूप में अपनी सेवायें दे रही है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ. प्रभा माथुर द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- gueku Igk;

डॉ. हनुमान सहाय का जन्म 25 नवम्बर 1960 को ग्राम पदमपुरा जिला जयपुर में हुआ था। आप भारत के सुप्रसिद्ध ध्रुपद–विशेषज्ञ पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग के प्रमुख शिष्य रहे है। आपने उपशास्त्रीय संगीत की अन्य विद्याऐं जैसे ठुमरी, दादरा, माँढ़ इत्यादि की शिक्षा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध संगीत गुरू एवं कलाकार पंडित चिंरजी लाल तंवर से प्राप्त की है।

डॉ. हनुमान आकाशवाणी द्वारा B^+ ग्रेड प्राप्त कलाकार है। आपने देश के विभिन्न संगीत समारोहों तथा शिक्षण संस्थानों में अपने कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियाँ दी है तथा संगीत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में आपके सांगीतिक लेख प्रकाशित होते रहते है।

डॉ. हनुमान भातखंडे विश्वविद्यालय लखनऊ के परीक्षक रहे है। आपने बनस्थली विद्यापीठ, सत्यसाई कॉलेज, परिष्कार कॉलेज आदि कई शिक्षण संस्थाओं में अध्यापन कार्य कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

डॉ. हनुमान ने ''ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के कवि, गायकों की संगीत साधना पर विश्लेषणात्मक अध्ययन'' शीर्षक विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया है। वर्तमान में आप अपने निवास स्थान पर ही संगीत विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहे है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ. हनुमान सहाय द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- laxhrk xksdVs ¼laxhr çk/;kfidk] dB laxhr½

डॉ. संगीता गोकटे का जन्म 31 जुलाई, 1966 को इन्दौर मध्यप्रदेश में हुआ था। आपने

संगीत की शिक्षा गुरू शिष्य प्रणाली तथा संस्थागत शिक्षण के द्वारा प्राप्त की है। आप ग्वालियर घराने के सुप्रसिद्ध कलाकार श्री वसन्त खेर की प्रमुख शिष्या रही है। डॉ. संगीता आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की प्रमुख कलाकार मानी जाती है। आप आकाशवाणी द्वारा **B** ग्रेड प्राप्त कलाकार है।

आपके कई सांगीतिक लेख संगीत कला विहार मासिक पत्रिका में प्रकाशित होते रहते है। आपको गार्न्धव महाविद्यालय मण्डल मुम्बई द्वारा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. संगीता ने ''प्रोफेसर बी.आर. देवधर का सांगीतिक व्यक्तित्व विषय'' पर शोध कार्य किया है। आपने संगीत के प्रचार–प्रसार एव सांगीतिक धरोहर को सुरक्षित रखने हेतु संगीत को अपना लक्ष्य बनाया है।

आपके द्वारा संगीत का एक विद्यालय जयपुर में वसन्त म्यूजिक इन्सट्ीयूट के नाम से चलाया जा रहा है। जिसमें कई विद्यार्थी संगीत की शिक्षा प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे है। वर्तमान में डॉ. संगीता वैदिक कन्या महाविद्यालय मानसरोवर जयपुर में संगीत प्राध्यापिका के रूप में अपनी सेवायें दे रही है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ. संगीता गोकटे द्वारा दी गई जानकारी।

gkMkSrh {ks= ds çeq[k laxhr f'k{kd dykdkj

Jherh çsj.kk 'kekZ ¼çk/;kfidk flrkj½

सितार वादिका श्रीमती प्रेरणा शर्मा का जन्म 1 जुलाई 1969 में हुआ था। आपने संगीत की शिक्षा डॉ0 कविता चक्रवती से प्राप्त की है। आपके कई सांगीतिक लेख संगीत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते है। श्रीमती प्रेरणा शर्मा को कोटा विश्वविद्यालय, कोटा व महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में सदस्यता प्रदान की गयी है।

आप विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्नात्तक व स्नात्तकोत्तर स्तर की परीक्षक है। आप आकाशवाणी व दूरदर्शन की सफल कलाकार है। आपको सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं द्वारा आयोजित संगीत प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में आमन्त्रित किया जाता रहा है।

वर्तमान में आप राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय, कोटा में संगीत संगीत प्राध्यापक (सितार) के रूप में अपनी सेवाएँ दे रही है। आपको सांगीतिक योगदान सराहनीय है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- fuf'k ekFkqj ¼laxhr çk/;kfidk] dkB laxhr½

डॉ. निशि माथुर का जन्म 6 जून 1956 को शिक्षा नगरी अजमेर राजस्थान में हुआ था। डा. निशि संगीत साहित्य एवं शोध कार्यो में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। आपके निर्देशन में कई छात्र–छात्राएँ तथा सेवारत व्याख्याता पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर चुके है।

आप कई वर्षो से अनेक विश्वविद्यालयों की परीक्षक एवं विभिन्न समितियों की सदस्या है। डॉ. निशि के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 1999, 2004 एवं 2009 में लघु शोध स्वीकृत हुए है। आपने कई संगीत सम्मेलनों, राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स में विभिन्न सांगीतिक पत्रों का वाचन किया है। आपने आकाशवाणी के माध्यम से अनेक सांगीतिक वार्ताओं की प्रस्तुतियाँ दी है।

डॉ. निशि को श्री भारतेन्दू समिति द्वारा साहित्य श्री की उपाधि से सम्मानित किया गया है। डा. निशि वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय बून्दी संगीत विभाग में संगीत विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। आपका सांगीतिक योगदान सरहानीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ. निशि माथुर द्वारा दी गई जानकारी।

श्री गोविन्द प्रकाश गन्धर्व (नृत्य शिक्षक)

हाड़ौती क्षेत्र के प्रतिष्ठित संगीत नृत्य शिक्षक श्री गोविन्द प्रकाश गन्धर्व का जन्म का जन्म 2 जुलाई, 1959 को कोटा में हुआ था। श्री गोविन्द ने संगीत शिक्षा गुरू शिष्य प्रणाली एवं संस्थागत शिक्षण द्वारा प्राप्त की है। श्री गोविन्द जयपुर घराने के प्रसिद्व नृत्य गुरू पण्डित गिरधारी जी महाराज के परम शिष्य माने जाते है। श्री गोविन्द ने दूरदर्शन तथा विभिन्न संगीत समारोहों द्वारा अपने नृत्य के कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियाँ दी है। आपको राजस्थान सरकार द्वारा नृत्य की उत्कृष्ट सेंवाओं के लिए वर्ष 2006 में सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में श्री गोविन्द राजकीय माध्यमिक संगीत प्रभाकर विद्यालय रामपुरा, कोटा में कार्यरत है। सांगीतिक योगदान सराहनीय रहा है।[1]

Kku Un d ekj xIrk ¼lokfuo`r f'k{kd½

हाड़ौती क्षेत्र के प्रतिष्ठित संगीत नृत्य शिक्षक श्री ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता का जन्म का जन्म इटावा उत्तरप्रदेश में हुआ था। श्री ज्ञानेन्द्र ने संगीत शिक्षा गुरू शिष्य प्रणाली एवं संस्थागत शिक्षण द्वारा प्राप्त की है। श्री ज्ञानेन्द्र ने जयपुर घराने के प्रसिद्व नृत्य गुरू पण्डित बद्रीप्रसाद जी से शिक्षा प्राप्त की है। श्री ज्ञानेन्द्र ने विभिन्न संगीत समारोहों द्वारा अपने नृत्य के कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियाँ दी है। आपको राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा नृत्य की उत्कृष्ट सेंवाओं के लिए वर्ष 2008 में कला पुरोधा की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। श्री ज्ञानेन्द्र राजकीय माध्यमिक संगीत प्रभाकर विद्यालय रामपुरा, कोटा में संगीत शिक्षक (कथक नृत्य) के पद पर अपनी सेवाऐं देते हुए सेवानिवृत हो चुके है। आपका सांगीतिक योगदान सराहनीय रहा है।

---

1. शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्री गोविन्द प्रकाश गन्धर्व द्वारा दी गई जानकारी।
3 शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्री ज्ञानेंन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- jk'ku Hkkjrh ¼çk/;kid] dB laxhr½

राजस्थान के एक मात्र तथा हाड़ौती क्षेत्र की शान, मधुर आवाज के धनी सुप्रसिद्ध गज़ल गायक डॉ. रोशन भारती का जन्म 2 मई 1967 को भारत की राजधानी नई दिल्ली में हुआ था। डॉ. रोशन भारती सेनिया घराने के प्रसिद्व कलाकार माने जाते है। डॉ. रोशन संगीत साहित्य एवं लेखन में अपना विशिष्ट स्थान रखते है। आपके निर्देशन में कई शोधार्थी शोध कार्य कर चुके है । डॉ.रोशन आकाशवाणी द्वारा टोप ग्रेड कलाकार माने जाते है। आपको राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर तथा कई विश्वविद्यालयों द्वारा सदस्यता प्रदान की गयी है। डॉ. रोशन ने देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा है तथा संगीत की विभिन्न कम्पनियों द्वारा आपके एलबम रिलीज हुए है। जिनमें दाग़, एहसास गज़ल गोल्ड, शामे गज़ल, उल्फत ख्वाहिशें इत्यादि आपके सफल एलबम रहे है। आपको कई पुरस्कारों द्वारा नवाजा गया है। वर्तमान में डॉ. रोशन राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय, कोटा संगीत विभाग में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है। आपका सांगीतिक योगदान सराहानीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में डॉ. रोशन भारती द्वारा दी गई जानकारी।

Jh çekn 0;kl ¼lxhr f'k{kd½

श्री प्रमोद व्यास का जन्म 2 फरवरी 1956 को बून्दी में हुआ था। आप आगरे घराने के प्रसिद्व ख्याल गायक उस्ताद सादिक हुसैन कुरेशी के परम शिष्य रहे है। आपके कई सांगीतिक लेख संगीत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते है। श्री प्रमोद व्यास को आकाशवाणी द्वारा B^+ ग्रेड प्रदान की गई है। आपने ई.टी.वी. राजस्थान पर कई लोक गीतों की प्रस्तुतियाँ दी है।



आपके कई राजस्थानी एलबम टी. सीरीज कम्पनी द्वारा रीलीज किए गये है। जिनमें हेरयाई रे कोटा बून्दी एवं टड़ मेंढ़को एलबम काफी सफल रहा है।

वर्तमान में आप राजकीय माध्यमिक प्रभाकर संगीत विद्यालय, रामपुरा में वरिष्ठ संगीत अध्यापक के पद पर कार्यरत है। श्री प्रमोद राजकीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के परीक्षक रहे है। आपका सांगीतिक योगदान सरहानीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्री प्रमोद जी व्यास द्वारा दी गई जानकारी।

Mk- jktsUnz ekgs’ojh ¼çk/;kid daB laxhr½

प्रतिष्ठित संगीत शिक्षक कलाकार डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी का जन्म 16 सितम्बर 1967 को हुआ था। डॉ. राजेन्द्र के कई सांगीतिक लेख संगीत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते है। डॉ.राजेन्द्र ने राष्ट्रीय सेमिनार में भक्ति संगीत व समाज विषय पर पत्र वाचन किया है। डॉ. राजेन्द्र पटियाला घराने के प्रसिद्ध गायक उस्ताद बाखर खाँ के परम शिष्य रहे है। आपको शास्त्रीय संगीत की विभिन्न गायन शैलियों में निपुणता प्राप्त है। डा. राजेन्द्र को राजस्थान के प्रमुख विश्वविद्यालयों व भारतखण्डे संगीत विद्यापीठ लखनऊ द्वारा सदस्यता प्रदान की गयी है। डॉ राजेन्द्र आकाशवाणी और दूरदर्शन पर अपने कार्यक्रमों की सफल प्रस्तुतियाँ देते रहते है।

डॉ. राजेन्द्र कॉलेज शिक्षा निदेशालय जयपुर, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर , राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर तथा महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के सफल परीक्षक माने जाते है। डॉ. राजेन्द्र ने जवाहर कला केन्द्र जयपुर में कार्यक्रम अधिकारी (संगीत व नृत्य) के पद पर कार्य करते हुए विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का सफल आयोजन करवाया है।

डॉ. राजेन्द्र ने राजस्थान के विभिन्न अंचलो के कलाकारो को पंजीकृत कर उनकी कला से समाज को अवगत कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डा. राजेन्द्र संगीत शोध कार्यो में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। वर्तमान में डॉ. राजेन्द्र राजकीय जानकी बजाज कन्या महाविद्यालय, कोटा में कार्यरत है। डॉ. राजेन्द्र ने ''गणपत लाल डाँगी व्यक्तित्व एवं कृतित्व राजस्थान लोक गीत एवं पारसी थियेटर के संबंध'' में शीर्षक पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। आपका सांगीतिक योगदान सदैव सरहानीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्री डॉ. राजेन्द्र द्वारा दी गई जानकारी।

Jh jkenkl jko ¼lxhr f'k{kd½

श्री रामदास राव का जन्म 21 जून 1944 को हुआ था। आपको संगीत की शिक्षा पारिवारीक वातावरण में ही प्राप्त हुई है। आप संगीत की सभी गायन शैलियों में निपुण है। आपने अनेक देश भक्ति गीतों एवं गज़लों का सृजन किया है। श्री रामदास आकाशवाणी द्वारा B^+ हाई ग्रेड प्राप्त कलाकार रहे है। आप के कई कार्यक्रम आकाशवाणी तथा दूरदर्शन केन्द्र जयपुर से प्रसारित होते रहते है। आपने प्रित न जाने रीत' (जी.टी.वी.) चैनल पर प्रसारित होने वाले सीरियल में अपना संगीत दिया है तथा स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन मुम्बई में सन् 1981–82 में अपना शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया है। श्री रामदास ने डिस्कों को चूड़ो व छोरी बीकानेर की, टी.सीरीज कम्पनी द्वारा रिलीज एलबम में अपना संगीत दिया है।

आप राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर व पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ बीकानेर के परीक्षक रहे है। श्री रामदास को सन् 1979–80 मे सुर सिंगार संसद मुम्बई द्वारा सुरमणि की उपाधि से सम्मानित किया गया है तथा अखिल भारतीय गज़ल प्रतियोगिता कटनी मध्यप्रदेश में स्वर्ण कमेटी द्वारा भी आपको सम्मानित किया जा चुका है। आपने विभिन्न संस्थाओं में निर्णायक महोदय के रूप में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है।

श्री रामदास को निर्देशक द्रोण द्वारा हिन्दी फिल्म 'लव इन डेजर्ट' के लिए पार्श्व गायक के रूप में साईन किया है। आपका सांगीतिक योगदान सरहानीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्री रामदास राव द्वारा दी गई जानकारी।

Jherh lq/kk vxzoky ¼çk/;kfidk lsokfuo`r½

प्रसिद्ध सितार वादिका व ख्याल गायिका श्रीमती सुधा अग्रवाल का जन्म 8 सितम्बर 1943 को हुआ था। आपने संगीत की शिक्षा डॉ0 प्रेम प्रकाश जोहरी से गायन व श्री दामोदर लाल काबरा से सितार की शिक्षा प्राप्त की है। इनके अतिरिक्त आपको उस्ताद अमीर खाँ व पंडित रविशंकर द्वारा भी संगीत शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्रीमती सुधा अग्रवाल संगीत साहित्य लेखन में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। आपने कई विश्वविद्यालयों में परीक्षक के रूप में अपनी सेवाएँ दी है। श्रीमती सुधा अग्रवाल की अनेक सांगीतिक वार्ताओं का प्रसारण आकाशवाणी कोटा द्वारा किया जा चुका है। श्रीमती सुधा अग्रवाल ने राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय, कोटा में सन् 1969 से 1998 तक संगीत प्राध्यापिका के रूप में अपनी सेवाएँ दी है। श्रीमती सुधा ने सन् 1998 के पश्चात् उपाचार्य का पद ग्रहण कर इस महाविद्यालय में संगीत स्नातकोत्तर गायन, वादन की कक्षाओं का शुभारम्भ करवाया।

आपको भारत सरकार द्वारा आकाशवाणी जयपुर केन्द्र में 1986 से 2003 तक ऑडिशन बोर्ड में सदस्यता प्रदान की गई। श्रीमती सुधा ने अजमेर विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग में डीन के रूप में अपनी सेवाएँ दी है। आपको राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा बोर्ड ऑफ स्टडीज की सदस्यता भी दी गई है। आपने संगीतिका व संगीत संकल्प संस्था कोटा में सचिव के पद पर कार्य कर संगीत उन्नयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आप 1998 से 2000 तक राजकीय महाविद्यालय टोंक में प्राचार्य के पद पर सेवाएँ देते हुए सेवानिवृति प्राप्त की है। आज भी श्रीमती सुधा अग्रवाल के पास कई शोधार्थी मार्ग दर्शन हेतु आते रहते है। आपका यह सांगीतिक योगदान अतुलनीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्रीमती सुधा अग्रवाल द्वारा दी गई जानकारी।

ifMr y[ku yky शर्मा ¼lxhr f'k{kd lsokfuo`r½

पंडित लखन लाल शर्मा का जन्म 3 दिसम्बर 1949 में हुआ था। आप भारतीय शास्त्रीय संगीत की सभी विधाओं में निपुण है। पंडित जी ने संगीत शिक्षा वल्लभ सम्प्रदाय के प्रसिद्ध गायक पंडित ब्रजमोहन शर्मा के सानिध्य में प्राप्त की है। पंडित जी ने लगभग

45 वर्ष तक राजकीय माध्यमिक प्रभाकर संगीत विद्यालय रामपुरा में संगीत शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान की है। पंडित जी द्वारा कई लेख संगीत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे है। पंडित जी द्वारा रचित कला निर्देशन एवं संगीत, संगीत और चिकित्सा, संगीत ज्योतिषी विधान, प्रमुख लेख है। आप राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर व पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ राजस्थान बीकानेर व अखिल भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मण्डल के सफल परीक्षक रहे है। आप आकाशवाणी व दूरदर्शन के सफल कलाकार रहे है।

आकाशवाणी द्वारा आपको बी हाई ग्रेड प्रदान की गई है। पंडित जी ने एल.सी.ई. आर.टी. दिल्ली द्वारा महिला बाल शिक्षा पर आधारित लघु फिल्म में संगीत निर्देशक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपने संगीत सेमीनार कोटा में संगीत की दशा व दिशा विषय पर राजकीय जानकी देवी बजाज महाविद्यालय में व्याख्यान दिया है। पंडित जी ने अखिल भारतीय संगीत कॉन्फ्रेन्स में भाग लेकर राजस्थानी माढ़ गायन व शास्त्रीय गायन में सर्वोच्य स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया है एवं संगीत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण भी दिया है। आपका सांगीतिक योगदान सराहनीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में पंडित लखन लाल शर्मा द्वारा दी गई जानकारी।

Jherh lxhrk lDlsuk ¼v/;kfidk dsB lxhr½

प्रसिद्ध ख्याल गायिका श्रीमती संगीता सक्सैना का जन्म 3 नवम्बर 1968 को कोटा में हुआ था। आपने संगीत की शिक्षा गुरू शिष्य परम्परा व संस्थागत शिक्षण द्वारा प्राप्त की है। श्रीमती संगीता सक्सैना प्रसिद्ध ख्याल गायक प्रो0 पंडित रामाश्रय झा ''रामरंग'' की शिष्या रही है एवं आपके विभिन्न सांगीतिक लेख संगीत कला विहार में प्रकाशित हो चुके है। आपने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोही तथा राजकीय महाविद्यालय बांसवाड़ा में संगीत प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुकी है।

श्रीमती संगीता सक्सैना संस्कृति मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा (सी.सी.आर.टी.) मान्य गुरू है। आप आकाशवाणी तथा दूरदर्शन की सफल कलाकार मानी जाती है। आपने विभिन्न संगीत सेमीनारों में ख्याल गायिकी विषय पर व्याख्यान दिए है।

श्रीमती संगीता सक्सैना को 1992 में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा श्रेष्ठ गायिका के रूप में सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में आप संगीत गुरूकुल, आस्था मेलोडी के नाम से कोटा में संगीत की एक संस्था का संचालन कर रही है। जिसमें संगीत के कई विद्यार्थी संगीत शिक्षा प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे है। आपका यह सांगीतिक योगदान सराहनीय है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में श्रीमती संगीता सक्सैना द्वारा दी गई जानकारी।

mLrkn jtc vyh Hkkjrh ¼lxhr f'k{kd dykdkj½

राजस्थान के मात्र, हाड़ौती क्षेत्र की शान मधुर आवाज के धनी, संगीत शिक्षक तथा पार्श्व गायक उस्ताद रजब अली भारती का जन्म 14 दिसम्बर 1969 को कोटा में हुआ था। श्री रजब अली भारती संगीत–साहित्य सृजन में अपना विशिष्ट स्थान रखते है। आपके निर्देशन में संगीत के कई विद्यार्थी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दे चुके है। आपने संगीत की शिक्षा सेनिया घराने के प्रसिद्ध ख्याल गायक उस्ताद यासमीन भारती व डॉ0 रोशन भारती के सानिध्य में प्राप्त की है। श्री रजब शास्त्रीय व सुगम संगीत की विभिन्न गीत शैलियों में निपुण है। श्री रजब अली भारती ने यूनिवर्सल कम्पनी द्वारा रिलिज एलबम रूहानियत में गानों की रचना कर अपनी मधुर आवाज भी दी है। आपने कोटा सिंघानिया स्कूल का सुरतंरगिनी नामक एलबम भी रिलिज करवाया है। आप आकाशवाणी व दूरदर्शन के सफल कलाकार माने जाते है। आपको आकाशवाणी द्वारा बी हाई ग्रेड प्रदान की गयी है। श्री रजब अली ने टी.वी. सीरीयल महाभारत, कैसी लागी लगन, जो इश्क की मर्जी वो रब की मर्जी एवं नाजुक रिश्ते मूवी में अपनी मधुर आवाज दी है। इसके अतिरिक्त आपने बॉलीवुड मूवी देख भाई देख में भी पार्श्व गायन किया है। आपको भारत सरकार के सांस्कृतिक मन्त्रालय द्वारा गज़ल गायन में राष्ट्रीय छात्रवृति प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में आप 'सरपदमपत सिंघानियाँ विद्यालय, कोटा में **(H.O.D.)** संगीत विभागाध्यक्ष के पद पर कार्य करते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में रजब अली भारती द्वारा दी गई जानकारी।

mLrkn lkfnd gqlSu dqjs'kh ¼[;ky xk;d½

प्रसिद्ध ख्याल गायक उस्ताद सादिक हुसैन कुरेशी का जन्म 10 दिसम्बर 1946 को हुआ था। उस्ताद कुरेशी आगरे घराने के प्रसिद्ध ख्याल गायक उस्ताद अमीर मोहम्मद खाँ (टोंक वाले) के परम शार्गिद रहे है।

आप शास्त्रीय गायन व सुगम संगीत की दोनों ही विद्याओं में निपुण है। आपने कई संगीत सेमीनारों में ख्याल गायकी विषय पर कई व्याख्यान दिए है। आप अखिल भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मण्डल मुम्बई के सफल परीक्षक रहे है। उस्ताद कुरैशी विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाने वाली संगीत प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में आमन्त्रित किए जाते रहे है।

आपके प्रमख शिष्यों में प्रसिद्ध पार्श्वगायक क्षितिज तारे (मुम्बई) नीतू सोंलकी व श्री प्रमोद व्यास (संगीत शिक्षक) का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

वर्तमान में उस्ताद सादिक हुसैन कुरेशी अपने निवास स्थान पर ही संगीत विद्यार्थियों को संगीत की शिक्षा प्रदान कर रहे है। जिनमें कई विद्यार्थी महाविद्यालय स्तर के होते है। उस्ताद कुरेशी शान्त स्वभाव व मृदु भाषी के धनी व्यक्ति है। आप संगीत सेवा में निरन्तर संलग्न रहते है। आपका सांगीतिक योगदान सदा सराहनीय रहा है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में उस्ताद सादिक हुसैन कुरेशी द्वारा दी गई जानकारी।

पंडित महेश चन्द्र शर्मा (संगीत शिक्षक)

प्रतिष्ठित संगीत शिक्षक पंड़ित महेश चन्द्र शर्मा का जन्म 20 फरवरी 1939 को हुआ था। आप ग्वालियर घराने के प्रसिद्व ख्याल गायक श्री.ए.आर.शास्त्री के शिष्य रहे है। पंडित महेश चन्द्र शर्मा संगीत साहित्य लेखन में अपना विशिष्ट स्थान रखते है। आपकी आकाशवाणी कोटा केन्द्र द्वारा कई सांगीतिक वार्ताएं प्रसारित हो चुकी है। आपने विभिन्न संगीत सेमीनोरों में संगीत विषय से सम्बन्धित कई व्याख्यान दिए है। आपको राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर द्वारा संगीत कला पुरोधा का सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त आपको राजस्थान पत्रिका सम्मान पत्र एवं मुम्बई की संकल्प संस्था द्वारा आपकों संगीत ऋषि की उपाधि भी प्रदान की गयी है।

पंड़ित जी ने हाड़ौती क्षेत्र की अनेक संगीत प्रतिभाओं को तैयार किया है जिनमें पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल, शास्त्रीय गायिका संगीता सक्सैना, आर्दश सक्सैना, क्षितिज तारे का नाम प्रमुख है। पंडित जी को देश के ख्याति प्राप्त गायक कलाकारों जैसे पंडित जसराज, परवीन सुल्ताना, शुभा मृद्गल, डॉ0 प्रभा अत्रे, जैसे अनगिनत कलाकारों के साथ हारमोनियम पर संगीत करने का सौभाग्य प्राप्त किया है। पंडित शर्मा राजकीय माध्यमिक प्रभाकर संगीत विद्यालय रामपुरा, कोटा से सेवानिवृत हो चुके है एवं वर्तमान में पंडित जी अपने निवास स्थान पर ही संगीत विद्यार्थियों को संगीत शिक्षा प्रदान कर रहे है।

- शोधार्थी द्वारा दी गई प्रश्नावली के संदर्भ में पंडित महेश चन्द्र शर्मा द्वारा दी गई जानकारी।

भारतीय संगीत के विकास में राजस्थान के हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित संगीत शिक्षण संस्थाओं में पूर्व तथा वर्तमान में कार्यरत संगीत शिक्षक कलाकारों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगीत कला को इन सभी गुणीजनों ने अपने अथक प्रयास एवं निरन्तर साधना से सुरक्षित रखा है तथा संगीत के उन्नयन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इन गुणीजनों के अथक प्रयास एवं परिश्रम से ही भारतीय संगीत जगत को योग्य संगीत शिक्षक एवं कलाकार प्राप्त हुये है। संगीत के उन्नयन में जिन–जिन कलाकारों ने पूर्व तथा वर्तमान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है उन सभी गुणीजनों के नामों का उल्लेख निम्न प्रकार से किया गया है।

1. हाड़ौती क्षेत्र के पूर्व संगीत शिक्षक कलाकार :

श्री बालचन्द जैन, डॉ. नासिर मोहम्मद मदनी, श्री योगेन्द गुप्ता, श्री विजेन्द्र गौतम, श्री पूरणमल जैन, स्व0 डॉ0 चन्द्रकला सक्सैना, स्व0 श्री तेजकरण राव, स्व0 श्री रामगोपाल डांगी, स्व0 श्री केशरीलाल गंन्धर्व, स्व. श्री चांदमल राव, स्व0 नवलकिशोर राव, स्वः श्री रामकरण राव, स्वः छीतर जी राव, स्वः मांगीलाल जी पंवार, श्री ज्ञानेन्द्र गुप्ता, बुद्धीसिंह बाफना, आईदान शास्त्री जैसे गुणीजनों का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

2. वर्तमान शिक्षक कलाकार :

श्रीमती संगीता सोरल, सुश्री सुनिता वासुदेव, सुश्री दमयन्ती पंत, श्री राजेन्द्र कुमार तंवर, श्री देवेन्द्र सक्सैना, श्री गोविन्द गन्धर्व, श्रीमती चित्रकला सक्सैना, श्री ओमप्रकाश पांचाल, डॉ0 अभिलाषा, डॉ0 कल्याण सिंह हाड़ा, डॉ0 पुनिता श्री वास्तव, श्रीमती विभा माथुर आदि संगीत शिक्षक कलाकारों का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।

<<kM {k= d iol rFkk orleku f’k{kd dykdkj

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के पूर्व तथा वर्तमान संगीत शिक्षक कलाकार जिन्होने संगीत क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया उन प्रमुख गुणीजनों के नाम निम्न प्रकार से है।

1. <<kM {k= d iol lxhr f’k{kdk d uke :

डॉ0 आभा व्यास, डॉ0 रमेश चन्द्र नाडकर्णी, डॉ0 राजीव वर्मा, डॉ0 अपेक्षा पेडांकर, डॉ0 अनुसुया पाठक, डॉ0 माया रानी टॉक, प्रभा भारद्वाज, जैसे गुणीजनों को नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

2. <<kM {k= d orleku lxhr f’k{kd dykdkj :

डॉ0 शिवा व्यास, श्री राजीव अग्रवाल, श्री गीत सुधा भट्ट पारिक, डॉ0 शची भट्ट, श्री मोहन माथुर, श्री मोहनलाल, श्री हर्षित वेयर, श्रीमती उमा विजय, श्रीमती उर्मिला उपाध्याय, डॉ0 कविता सक्सैना, डॉ0 सुनिता श्री माली, डॉ0 ओमनाथ व्यास, डॉ0 सन्तोष पाठक, श्रीमती प्रभा बजाज, श्रीमती कमलेश शर्मा, श्री अंकित पारीक, डॉ0 वन्दना कल्ला, श्रीमती अंजलिका शर्मा, डॉ0 नेहा जोशी, श्रीमती शिप्रा भट्ट, श्रीमती ऐश्वर्या भट्ट, श्रीमती गरिमा पारीक (बनस्थली) प्रो0 इना शास्त्री, प्रो0 किंशुका, श्री वास्तव, प्रो0 नीलम पारीक, प्रो0 शर्मीला टेलर, डॉ0 उर्वशी पारीक, डॉ0 वन्दना शर्मा, एम.एस. यकसिता वर्मा तथा डॉ0 वन्दना चौबे का नाम प्रमुखता से लिया जाता जा सकता है।



iape v/;k;

jkT; ,oa jk"Vªh; ifjos'k esa çpfyr laxhr f'k{kk dh n'kk o fn'kk

jkT; ,o jk"Vh; ifjos'k e çpfyr lxhr f'k{kk dh n'kk o fn'kkA

वैदिक युग का आरम्भ आर्यो के आगमन से माना जाता है। भारतीय संस्कृति का आधार वेदों को ही माना गया है। घरों में सभी लोग संगीत के द्वारा ही ईश–आराधना किया करते थे। संगीत की दो धारायें इस युग में प्रचलित थी तथा गायक, वादक तथा नर्तक तीनों ही प्रकार के कलाकार विधमान थे।

इस काल में वीणा का अत्यधिक महत्व था और वीणा स्त्रियों द्वारा बजाया जाने वाला वाद्य माना जाता था। वैदिक काल में रज्जू नृत्य, अरूण नृत्य, पुष्व नृत्य तथा वसन्त नृत्य आदि नृत्य प्रचलित थे। इस काल में कई धार्मिक मण्डलियाँ कार्य करती थी जिनका प्रमुख कार्य आध्यात्मिक तथा शास्त्रीय स्तर को विकसित कर पूर्णतया प्रदान करना था।

वैदिक काल में संगीत भक्ति के लिए ही था एवं कला तथा धर्म को पूरी तरह मिला दिया गया था ताकि कलाकार धर्म से विमुख ना हो। वैदिक काल में विभिन्न्न प्रकार के वाद्य यन्त्रो का भी प्रचलन था एवं वीणा के कई प्रकार थे जैसे महती, पिनाकी, कात्यानी, रावणी घोषावती जेष्ठा इत्यादि।

संगीत मुख्य रूप से यज्ञों का एक अभिन्न अंग बन गया था एवं यज्ञों के अवसरों पर नृत्यों का आयोजन किया जाता था। वैदिक काल में सप्त स्वरों का विकास हो चुका था जिन्हे क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र, अतिस्वार्य आदि नामों से पुकारा जाता था। इस युग की सबसे बड़ी विशेषता स्वर साधना रही है। भारतीय संगीत यहाँ के पवित्र मन्दिरों के प्रांगण में ही विकसित हुआ है। हिन्दू धर्म ग्रन्थों में सांगीतिक उपासना का विशेष महत्व माना गया है।

iwtk dksfV xq.k LÙkks=] LÙkks=kRdksfVxq.kks tik!
tikRdksfVxq.k xkua] xkukRijrja ufgAA[1]

अर्थात स्तोत्र पूजा से करोड़ गुना अधिक फलदायक है तथा स्तोत्र से करोड़ गुना अधिक फलदायक जप है। जप से करोड़ गुना अधिक फलदायक गायन है तथा गायन से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है।

इस प्रकार भारतीय आध्यात्मिक जगत में यज्ञादि अवसरों पर सामगायन का विशेष महत्व था तथा जो गायक यज्ञों में सामगायन करते थे वे विशेष आदर एवं सत्कार के पात्र समझे जाते थे।

oSfnd laxhr dh f'k{k.k ç.kkyh

वैदिक काल में संगीत शिक्षा का माध्यम गुरू शिष्य परम्परा ही था। इस परम्परा में शिष्य अपने गुरूजनों से सीखकर अन्य शिष्यों को सीखाता था।

शिक्षा ग्रन्थों में ऐसे संकेत निहित है जिनसे ज्ञात होता है की आरम्भिक युग में वैदिक शाखा, ब्राह्मण, आरण्यक उपनिषद, सूत्र, आदि विषयों का अध्ययन अध्यापन विद्यालयों में होता था जिन्हे प्राचीन साहित्य में चरण कहते थे। वैदिक साहित्य में साम प्रशिक्षण के तीन रूप प्रचलित थे।[2]

1. पिता पुत्र के रूप में
2. गुरू शिष्य परम्परा के रूप में
3. गुरूकुल में जाकर शिक्षा प्राप्त करना

1. डॉ. लक्ष्मी नारायण गर्ग, संगीत मासिक अंक, मार्च 2014 पृष्ठ संख्या 21
2. डॉ. मृत्युजंय शर्मा , संगीत मैनुअल पृष्ठ संख्या 382

fofHkUu mikf/k;k ,oa f'k{k.k l=

वैदिक काल में 12 वर्ष तक शिक्षा प्राप्त करने वाले को स्नातक, 24 वर्ष तक शिक्षा ग्रहण करने वालों को अधिस्नातक, 36 वर्ष तक शिक्षा ग्रहण करने वाले को रूद्र तथा 48 वर्ष तक शिक्षा प्राप्त करने वाले को आदित्य कहा जाता था। शिक्षा सत्र श्रावण मास की पूर्णिमा से लेकर पौष मास की पूर्णिमा तक चलता था। शिक्षा संस्थानों प्रातः काल का समय स्वाध्याय व अध्ययन के लिए छोड़कर 7 बजे से 11 बजे तक तत्पश्चात भोजनोपरान्त 2 बजे से सांय 6 बजे तक अध्यापन कार्य चलता था।[1]

शिक्षण शुल्क व परीक्षा विधि

संगीत व अन्य विषयों की शिक्षा प्रदान करने के पारितोषिक के रूप में वैदिक काल में आधुनिक समय की भॉति आर्थिक शुल्क का कोई प्रावधान नहीं था। शिक्षा समाप्त होने के पश्चात् शिष्य अपने गुरू के समक्ष अपने सामर्थ्य के अनुसार कुछ भी उपहार स्वरूप प्रस्तुत करते थे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ विद्यार्थी आगन्तुक शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करते थे। परीक्षा विधि भी अनोखी थी। शिक्षा सम्पूर्ण होने पर विद्यार्थी गुरूजनों एवं गुणीजनों के समक्ष बैठकर उनके प्रश्नों के उत्तर देता था और सही उत्तर देने पर ही वह योग्य कहलाता था।

इस सन्दर्भ में डॉ. महेश सिंघल कहते है कि गुरू ऋण से उन्मुक्त होने हेतु शिक्षण कार्य निःशुल्क किया जाता था। शिक्षा समाप्ति पर गुरू दक्षिणा के रूप में शिष्य अपने सामर्थ्य के अनुसार कुछ भी दे देता था। शिक्षा प्रणाली में आज के समान परीक्षाओं की व्यवस्था नहीं थी एवं शिक्षा समाप्ति पर विद्यार्थी को विद्वानों द्वारा किए गए प्रश्नों के उत्तर देने होते थे। इस प्रकार उस काल में विद्यार्थी का उद्देश्य परीक्षा उत्तीर्ण करना न होकर ज्ञान प्राप्त करना होता था। अतः वह बहुमुखी प्रतिभा से सम्पन्न होता था।[2]

---

1. डॉ. मृत्युजंय शर्मा , संगीत मैनुअल पृष्ठ संख्या 383
2. डॉ. मृत्युजंय शर्मा , संगीत मैनुअल वही पृष्ठ

शिक्षा समाप्ति के पश्चात् समावर्तन संस्कार आधुनिक दीक्षान्त समारोह के समकक्ष होता था जिसमें योग्य घोषित विद्यार्थी को नए वस्त्र, आभूषण, पगड़ी, छात्ता, आदि दिया जाता था तथा एक विशेष होम का आयोजन करके कुल देवता तथा गुरू की पूजा के उपरान्त स्नातक विद्यादान का व्रत लेता था। इस समय गुरू–शिष्य को जो अन्तिम उपदेश देता था उसे समावर्तन उपदेश कहा जाता था। संगीत एवं अन्य विषयों के शिक्षण संस्थान कोलाहल से दूर होते थे तथा एकान्त में स्वच्छ तथा शुद्व वातावरण में विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करते थे तथा शिष्यों की साधना में लग्न, कुशाग्र बुद्वि, गुरूजनों के प्रति निष्ठा आदि अनिवार्य गणु माने गए थे।[1]

भारतीय संगीत की प्राचीन शिक्षण व्यवस्था

भारत में वेंदो के समय से ही संगीत शिक्षा गुरूमुख से दी जाती थी। गुरूकुल में रहकर गुरूमुख से निःसृत वाणी को कठोर अनुशासन, नियमित एवं संयम जीवन व्यतीत करते हुए अनवरत रूप से ग्रहण करते जाना ही शिक्षा का एक मात्र साधन था। संगीत की दृष्टि से इस प्रकार की शिक्षा उचित है क्योंकि संगीत एक ऐसी कला है जो मस्तिष्क द्वारा कम तथा हृदय द्वारा अधिक ग्राह्य है।

अतः मौखिक रूप से प्राप्त तथा अभ्यास व साधना द्वारा परिपोषित यह विद्या योग के समान ही साधन व साध्य बनकर संगीत को आध्यात्मिक स्तर पर पहुँचा देती है। संगीत साधना में योग के लिए निर्दिष्ट आठ अंगो का समन्वय संगीत को स्वतः योग साधना से जोड़ देता है अन्तर केवल इतना ही है कि योग साधना अनाहत नाद को साध्य व साधक मानते है जबकि संगीत साधना का आधार नाद है।

अतः वैदिक काल से ही संगीत शिक्षा में उनके आध्यात्मिक धरातल को अत्यन्त महत्व दिया गया था।[2]

1. डॉ. मृत्युजंय शर्मा , संगीत मैनुअल पृष्ठ संख्या 383
2. डॉ. मधुबाला सक्सैना, भारतीय संगीत शिक्षण प्रणाली एवं उसका वर्तमान स्वरूप पृष्ठ संख्या 105

संगीत की शिक्षण प्रक्रिया में उस समय साम संगीत का शिक्षण देते समय भावी उद्गाता को पहले आर्चिक ग्रंथों की शिक्षा दी जाती थी जिससे गान की आधारभूत ऋचाएँ उनके लिए कण्ठगत हो जाए तत्पश्चात् ही इनमें यथायोग्य परिवर्तन व परिवर्धन करने की शिक्षा दी जाती थी।

सामगान में प्रस्ताव, उदगीथ, प्रतिहार, उपद्रव व निधान आदि साम विभागों के माध्यम से ओम्, हूम, ओंमकार आदि शब्दों का उच्चारण करना महत्वपूर्ण समझा जाता था। गायन को सुदृढ़ बनाने के लिए दीर्घ–श्वास क्रिया का अभ्यास किया जाता था।[1] रामायण काल के पाठ्यक्रम में वेद तथा षट् वेदांगों का अन्तर्भाव था, इसके स्पष्ट प्रमाण रामायण में प्राप्त होते है।

संगीत के संदर्भ में मुनि व्याल्मिकी के द्वारा लव–कुश को दी गई स्वर–पद ताल, प्रमाण, मूर्च्छना आदि की शिक्षा के उल्लेखों से ज्ञात होता है की उस समय में संगीत शिक्षा का व्यवस्थित स्वरूप था जिसके अन्तर्गत संगीत के शास्त्र एवं क्रियात्मक पक्ष दोनो ही समाविष्ट थे। इस काल में संगीत शिक्षा का आन्तरिक पक्ष भी प्रबल व व्यवस्थित था। रामायण में ही व्याल्मिकी मुनि द्वारा मेघावी तथा मधुर स्वर सम्पन्न लव–कुश को अपना शिष्य बनाने का उल्लेख मिलता है। यथा–

d`'khyoks rq /keZKkS jktiq=kS ;'kfLoukS
HkzkrjkS Loj lEiUukS nn”kkZfJeokfluks
l rq es?kkfoukS n`'V~;k osns'kq ifjfuf'BrkS
osnksic`ag.kkFkkZ; rkoxzkã;r izHkq%!![2]

1. डॉ. मधुबाला सक्सैना, भारतीय संगीत शिक्षण प्रणाली एवं उसका वर्तमान स्वरूप पृष्ठ संख्या 105
2. डॉ. मधुबाला सक्सैना, भारतीय संगीत शिक्षण प्रणाली एवं उसका वर्तमान स्वरूप पृष्ठ संख्या 106

महाभारत काल में संगीत शिक्षा का स्वरूप अत्यन्त व्यवस्थित था। इस काल के राजाओं में रसास्वादन की पर्याप्त क्षमता विधमान थी। क्योंकि उनके शैक्षणिक पाठ्यक्रम में भी धनुर्विधा, हस्त विधा, रथ विधा आदि के साथ–साथ गार्न्धव तथा अन्य कलाओं का भी समावेश होता था। स्त्रियों को संगीत शिक्षा देने के लिए गुणीजनों को राजभवनों में नियुक्ति दी जाती थी। विश्व बन्धु गार्न्धव की परम्परा से ही अर्जुन गीत वाद्य व नृत्य की सशक्त शिक्षा प्राप्त कर गार्न्धव विशारद कहलाए। बड़े–बड़े नगरों में संगीत शालाओं का प्रबन्ध शासन की और से किया जाता था एवं युवतियों की नृत्य शिक्षा के लिए ही मतस्यराज की राजधानी में ऐसी शालाओं का निर्माण किया गया था। तत्पश्चात् पाणिनि की अष्टाध्यायी में भी गीत के लिए गीति तथा वृन्दवादन के लिए तूर्य शब्द का उल्लेख किया गया है तथा हाथ से ताल देने वालों को पाणिध्र कहा जाता था। पाणिनि के काल में संगीत शिक्षा की दशा उत्कृष्ट रूप में विधमान थी। पुराण तथा तन्त्र ग्रन्थों में भी अनेक प्रसंगों मे संगीत का महत्व बताया गया है। इस प्रकार भारतीय संगीत को प्राचीन काल से ही सम्मानीय दृष्टि से देखा जाता था।[1]

बौध काल में तक्षशिला विद्या दान का प्रमुख केन्द था, जिसमें वैदिक विद्यालय 'अष्टादश विद्यालय आदि विभिन्न अध्ययन–विभागों में पाँच– पाँच सौं विधार्थी शिक्षा पातें थे। वाराणसी बौद्व काल का एक दूसरा विद्या केन्द्र था जिसमें संगीताध्यापन का एक स्वतंत्र विभाग था। नालन्दा, विक्रमशिला तथा तदन्तपुरी जैसे अन्य विश्वविद्यालयों में भी गार्न्धव का स्वतन्त्र निकाय अथवा फैकल्टी थी तथा इसके अधिष्ठाता के रूप में भारत विख्यात संगीतज्ञों की नियुक्ति की जाती थी। कोटिल्य के अर्थशास्त्र के साक्ष्य से स्पष्ट है कि नाट्य तथा संगीत कला को राजाश्रय प्राप्त था। गणिका, दासी तथा नटों को गीत, वाद्य, नृत्य नाट्य, नृत वैशिक आदि कलाओं की शिक्षा देने वाले व्यक्तियों को शासन की और से द्रव्य दिया जाता था। इनके पाठ्यक्रम में गीत, वाद्य, नृत्य नाट्य, वीणा, वेणु तथा मृदंग की शिक्षा सम्मिलित थी। इस युग में संगीत कला को यथेष्ट राजाश्रय सम्मान प्राप्त था एवं राजगृहों में संगीत शालाओं का संचालन बड़ी ही सफलता पूर्वक किया जाता था।[2]

1. भारतीय संगीत का इतिहास, डॉ शरदचंद्र श्री धर पंराजये पृष्ठ संख्या 163–64
2. डॉ अमरेश चन्द्र चोबे, संगीत की संस्थागत शिक्षण प्रणाली पृष्ठ संख्या 18

e/; ;qx esa laxhr dk 'kkL=h;&f'k{k.k

भारतीय इतिहास में गुप्तकाल सांस्कृतिक विकास एवं उन्नति का स्वर्णिम काल था। इसके उपरान्त राजपूत काल सांस्कृतिक संक्रमण काल बन गया। इस काल में हमारें देश पर तुर्को के आक्रमण प्रारम्भ हो गये, जिनके परिणाम स्वरूप देश में राजनैतिक अस्थिरता उत्पन्न हुई एवं सांस्कृतिक विकास अवरूद्व हो गया। गुलाम, खिलजी, तुगलक, शैयद एवं लोदी वंशों के अल्पकालिक शासन क उपरान्त मुगल शासन का सूत्रपात हुआ। इन सभी शासन कालों में चिश्ती–परम्परा के सूफी सन्तों ने धर्म प्रचार हेतु संगीत को प्रभावी माध्यम के रूप में ग्रहण किया। इन संतो का प्रभाव तत्कालीन सुल्तानों एवं बादशाहों पर पूरी तरह था। इन विभिन्न वंशों के अनेक सुल्तान या बादशाह संगीत प्रेमी तो थे परन्तु उन्हे अपने अस्तित्व रक्षा की चिन्ता इस और बहुत अधिक आकृष्ट नहीं कर सकी।

हिन्दुस्तानी दास तथा दासियों को बादशाहों एवं रईसों के मनोरंजनार्थ संगीत की शिक्षा दी जाती थी। उनकी प्रंशसा में गज़लें तथा कोलों की रचना की जाती थी। मुसलमान शासकों ने अपने धर्म एवं संस्कृति के प्रचारार्थ जगह–जगह मस्जिदे, मदरसे एवं खानाकाहों (सूफी मठो) की स्थापना करवाई थी और ये मस्जिद एवं मदरसे ही शैक्षणिक संस्थानों का कार्य करते थे। इसी बीच ग्वालियर राज्य के राजा मानसिंह तोमर हुए इनका काल ग्वालियर राज्य का उत्कर्ष काल रहा है और यही तानसैन का स्वाध्याय काल भी रहा है। मानसिंह गुणियों के आश्रयदाता रहे है और संगीतकला को विशेष आश्रय उनके हाथों से मिला एवं संगीत के अध्यताओं के लिए संगीत शाला खोलने का श्रेय उन्ही को है।[1]

मानसिंह ने संगीताचार्य बैजू, बक्सू, महमूद, लोहंग, कर्ण प्रांडवीय आदि की सहायता से ही ''मानकुतूहल'' संगी ग्रन्थ की रचना करवाई थी। जिसके द्वारा ध्रुवपद गायकी का प्रचार हुआ था। तत्कालीन सांस्कृतिक केन्द्र तथा ध्रुवपद गायकी के गायन–विद्यालय में इन्ही आचार्यो से तानसेन ने संगीत शिक्षा पाई थी।[2]

1. डॉ. अमरेशचन्द्र चौबे, संगीत की संस्थागत व उसका वर्तमान स्वरूप' पृष्ठ संख्या 20
2. डॉ. अमरेशचन्द्र चौबे, संगीत की संस्थागत व उसका वर्तमान स्वरूप' पृष्ठ संख्या 21

?kjkuk d: i e lxhr dh f'k{k.k 0;oLFkk

वैदिक काल के पश्चात् भारत में मुगल साम्राज्य का आगमन हुआ। भारत में देशी व विदेशी सभ्यताओं के मिश्रण से एक नवीन प्रकार के समाज का उदय हुआ। नई प्रकार की शिक्षण पद्वतियाँ व राजनैतिक परिस्थितियों से प्रभावित जन–जीवन का नवीन स्वरूप प्रकट हुआ। मगल शासक संगीत प्रेमी थें परन्तु संगीत के प्रति प्रयत्नशील नहीं थे। इसी कारण संगीत एक भोगविलास की वस्तु बनकर रह गया। हिन्दू तथा मुसलमान गायको में संर्कीण मनोवृति उत्पन्न हो गयी थी वह भी भारतीय संगीत के लिए लाभ्रपद सिद्व हुई। इसकी बदोलत मुगल काल के अन्तिम चरण में घरानों का उदय हुआ।

अंग्रेजों के आगमन से सामाजिक परिवेश में पुनः परिवर्तन हुआ और संगीत घरानों के अन्तर्गत फलता–फुलता रहा। घराने में निहित संकिर्णता के कारण संगीत शिक्षा प्रमुख व योग्य शिष्यों को ही दी जाती थी एवम् शिष्य से इस बात का वचन भी लिया जाता था कि वह गुरू द्वारा सीखी हुई विद्या को किसी अन्य को नहीं सीखायेगा अर्थात संगीत को छुपाकर रखा जाता था।

इन घरानों में संगीत का प्रयोगात्मक पक्ष काफी प्रबल रहा परन्तु उस्तादों की संर्कीण विचारधारा के कारण संगीत का विकास अवरूद्ध हो गया। इस पद्धति में गुरू को शिष्य के कंठ को अत्यधिक सुरीला व लचीला बनाने में काफी समय लग जाता था एवं गुरू अपने शिष्य को हु बहु अपने जैसा ही बनाना चाहता था। शास्त्रीय संगीत केवल घरानेदार संगीतज्ञों की धरोहर बनकर ही रह गया। परन्तु संगीत के विकास व संरक्षण की दृष्टि से घरानों की महत्ता को नकारा भी नहीं जा सकता है। क्योंकि घराने ही भारतीय संगीत के मार्ग दर्शक व पोषक रहे है।

लेकिन जैसे–जैसे राज्याश्रयों का संरक्षण घरानों को मिलना बंद हो गया वैसे ही संगीत का मार्ग अवरूद्व हो गया और घराने बिखरने लग गए। राज्यों में नियुक्त सभी संगीतज्ञ जनता के बीच आ गए परन्तु राजनैतिक परिस्थितियों के कारण उन्हे जीविका का प्रबन्ध करना अनिवार्य हो गया। फलस्वरूप साधना के लिए उपयुक्त वातावरण व नए नए प्रावधान संगीत के लिए आज भी दिया गया है।

घराना शिक्षा पद्धति की मुख्य विशेषता यह थी कि गुरू शिष्य को अपने जैसा ही धुरन्दर कलाकार बनाना चाहता था। गुरू द्वारा शिष्य का परिक्षण किया जाता था। उसके बाद ही उसे शिक्षा प्रदान करते थे। गुरू एवं शिष्य के बीच पुत्र तथा पिता जैसे संबंध कायम रहता था। शिष्य को अपने घराने व घराने में प्रचलित नियमों तथा परम्पराओं का पालन करना अनिवार्य समझा जाता था। इन विशेषताओं के कारण ही घरानों ने संगीत को सुरक्षित रखते हुए अपनी जड़े इतनी गहरी जमा रखी है जिसका प्रभाव वर्तमान समय में भी दिखाई पड़ता है। अर्थात वर्तमान में भी यह परम्परा जीवित है।

vk/kfud dky e lxhr dk 'kkYk; f'k{k.k

आधुनिक समय में राज्य एवं राष्ट्रीय परिवेश में प्रचलित संगीत शिक्षा का व्यापक प्रचार–प्रसार हुआ है। संगीत शिक्षा में नए–नए उपक्रम, संगीत, शिक्षा की सुलभता विभिन्न संगीत संबंधी पाठ्य पुस्तकों की रचनाएँ आदि क्रान्तिकारी परिवर्तन आज हमारे समक्ष प्रकट हुए है।

वर्तमान परिवेश में संगीत को बढ़ावा देने हेतु देश की सभी राज्या सरकारों व भारत सरकार द्वारा इसे ऐच्छिक विषय के रूप में शिक्षा से जोड़ा गया है। आज देश के सभी राज्यों में स्थित संगीत विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में संगीत विषय को भी अन्य विषयों की भांति पढ़ाया जा रहा है। इसकी बदोलत आज देश के सभी राज्यों में संगीत विद्यार्थियों की भरमार है। ये सभी संगीत विद्यार्थी संगीत साधना के साथ–साथ संगीत विकास एवं प्रचार–प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

आज देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित विश्वविद्यालयों में संगीत को स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएच.डी. पाठ यक्रमों में सम्मिलित किया गया है। आज कई संगीत विधार्थी संगीत में अधिस्नातक व पीएच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त कर चुके है एवं कुछ लोग कार्य में संल्गन है। आज कोई भी व्यक्ति या संगीत विद्यार्थी किसी भी उम्र में संगीत की शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

क्योंकि संगीत को सर्वसुलभ बना दिया गया है। वर्तमान समय में विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त देश में अनेक संगीत संस्थाओं की भरमार है जो संगीत के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इन प्रमुख संस्थाओं में भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय लखनऊ, प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद, सुर सिंगार ससंद मुम्बई, अखिल भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मण्डल मुम्बई, माधव संगीत विद्यापीठ ग्वालियर एवं इन्द्रा कला संगीत विश्वविद्यालय खैराबाद, मध्यप्रदेश का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है, जो प्रति वर्ष लाखों संगीत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ उन्हे उपाधियाँ भी प्रदान करता है।

संगीत विकास हेतु देश की सुप्रसिद्ध संगीत संस्था स्पिक मैके जो लगातार संगीत के प्रचार–प्रसार व संगीत विरासत को संरक्षण प्रदान कर रही है। यह संस्था ख्याति प्राप्त कलाकारों को आंमत्रित कर संगीत विद्यार्थियों को उनसे अवगत करवाती है। आज यह संस्था संगीत की नवीन प्रतिभाओं को रंगमंच प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभा रही है। संगीत शिक्षा को बढ़ावा देने व लोग कलाओं के संरक्षण हेतु प्रत्येक राज्य में भारत सरकार द्वारा संगीत नाटक अकादमियों की स्थापना की गयी है। इस अकादमी का प्रमुख कार्य कलाओं कों संरक्षण प्रदान कर संगीत की नवीन प्रतिभाओं को रंगमंच प्रदान करना है।

ये संस्था संगीत, नृत्य, नाटक व संगीत संबंधी विभिन्न गोष्ठियों व संगीत सम्मेलनों का आयोजन करती है जिससे संगीत विकास में निरन्तरता बनी रहती है। संगीत के क्षेत्र में राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर, जवाहर कला केन्द्र जयपुर, रविन्द्र मंच जयपुर, भारतीय लोक कला मण्डल उदयपुर व जयपुर कथक केन्द्र आज भी संगीत की दिशा को सजाने संवारने में प्रयत्नशील है।

संगीत की इस महान् विकास यात्रा के पश्चात् आज भी इस विषय की दशा में सुधार करने की आवश्यकता है। आज सरकार द्वारा विभिन्न पुरस्कार दिए जा रहे है लकिन ये पर्याप्त नहीं है। आज कई संगीत विद्यालयों के अपने निजी भवन नहीं है जिससे संगीत विद्यार्थियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। कई संगीत विभाग ऐसे है जिनमें केवल एक तबला वादक से ही काम चलाया जा रहा है।

अर्थात पर्याप्त मात्रा में सुविधाएँ नहीं दी जा रही है। आज कई संगीत विद्यार्थी संगीत में **M.A/Ph.D/NET/SLET** की उपाधियाँ प्राप्त करने के पश्चात् भी उन्हे रोजगार प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इसका मुख्य कारण यह है की संगीत विषय को केवल उच्च शिक्षा में ही सम्मिलित नहीं करके इसे प्राथमिक स्तर से उच्च शिक्षा तक सम्मिलित किया जाना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर प्राथमिक तथा माध्यमिक, संगीत शिक्षक, स्कूल व्याख्याता एवं कॉलेज व्याख्याताओं की भर्तीयाँ करनी चाहिए। इससे संगीत विद्यार्थियों का रूझान संगीत की और बढ़ेगा और उन्हे रोजगार के अवसर भी मिलते रहेगें।

वर्तमान समय में लगभग 500 विद्यार्थी प्रति वर्ष संगीत अधिस्नातक की उपाधि प्राप्त कर लेते है। ऐसे में बेराजगार की संख्या बढ़ जाती है। एक प्रसिद्ध कहावत है, एक अनार सौं बीमार अर्थात संगीत में सरकारी सेवाओं में रोजगार नही ंके बराबर है। अतः ऐसे में संगीत विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्ति के बाद भी अपने आपको ठगा सा महसूस करता है अतः सरकार का दायित्व है कि वह संगीत की दयनिय स्थिति में सुधार करते हुऐ इसमें रोजगार के अवसर बढ़ाना का प्रयत्न करना चाहिए। अन्यथा धीरे–धीरे संगीत विद्यार्थियों का रूझान इसकी और कम होता चला जायेगा एवं संगीत का विकास अवरूद्व हो जायेगा। अतः संगीत कला की विरासत को बरकरार रखने हेतु सरकार को हर सम्भव प्रयास करने चाहिए।

वर्तमान समय में टी.वी. के छोटे पर्दे पर बच्चों तथा बड़ी उम्र के लोगों के लिए डाँस रियलिटी शो आयोजित किए जा रहे है। जिसमें संगीत की नवीन प्रतिभाओं को अवसर प्राप्त हो रहा है। इसके अतिरिक्त आज भारत में ही नहीं अपितु विश्व के अनेकों देशों के विश्वविद्यालयों में भी भारतीय संगीत को एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त वहाँ की निजी संस्थायें भी भारतीय संगीत का प्रचार–प्रसार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पंड़ित रविशंकर द्वारा स्थापित किन्नर स्कूल ऑफ इण्डियन क्लासिक म्यूजिक तथा कैलीफोर्निया में संचालित अली अकबर खाँ स्कूल ऑफ म्यूजिक भारतीय संगीत के प्रचार–प्रसार के लिए भारत सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा सकती है।

भारत सरकार ने सन् 1950 में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद सन् 1953 मे संगीत नाट्क अकादमी तथा सन् 1979 मे सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की।[1] फलस्वरूप आज देश के ख्याति प्राप्त कई कलाकारों द्वारा संगीत में नयी–नयी रागों व नए–नए वाद्य यन्त्रों का निर्माण किया जा रहा है। भारत के सुप्रसिद्ध मोहन वीणा वादक पंडित विश्वमोहन भट्ट जिन्होने पाश्चात्य गिटार पर नवीन कार्य करके उसे मोहन वीणा का स्वरूप प्रदान किया जिसकी गूंज देश तथा विदेशों में गुंजायमान हो रही है।

भारत के सुप्रसिद्ध ध्रुपद व धमार विशेषज्ञ पंडित लक्ष्मण भट्ट तेलंग व सुप्रसिद्व ध्रुपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तेंलग व सुप्रसिद्व ध्रुपद विशेषज्ञ प्रोफेसर ऋत्विक सान्याल जिन्होने ध्रुपद तथा धमार में विभिन्न नवाचारों को जन्म देकर संगीत को एक नवीन दिशा प्रदान की जो संगीत विकास की और बढ़ते कदम का शुभ संकेत माना जा सकता है।

---

1. डॉ लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत मासिक अंक पृष्ठ संख्या 26, (मई 2013)

lxhr f'k{kk esa b.VjusV dk egRo

वर्तमान वैज्ञानिक युग में संचार माध्यमों के प्रयोग ने क्रान्ति पैदा कर सम्पूर्ण विश्व को एक सूत्र में बाँध दिया है। देश की संस्कृति, कला, शिक्षा इत्यादि को समद्व एवं विकसित करने व उच्च शिक्षा को विकसित करने मे संचार माध्यम अत्यन्त लोकप्रिय एवं लाभप्रद सिद्व हुये है।

विज्ञान, साहित्य, मनोविज्ञान, चिकित्सा, तकनीकी तथा कला इत्यादि अनेक क्षेत्रों में दूर संचार साधनों का प्रयोग बढ़ा है। जिससे शिक्षण पद्वति में भी परिवर्तन आया है। निःसन्देह इन माध्यमों के प्रयोग में शैक्षिक ज्ञान की व्यापकता को बढ़ाया है। संचार माध्यमों में रेडियो, टेलीविजन, टेलीफोन, टेपरिकार्डर, सी.डी. के अतिरिक्त वर्तमान में इण्टरनेट भी अपनी सशक्त एवं प्रभावशाली भूमिका का निर्वाह कर रहा है।[1]

भारतीय संगीत भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग माना जाता है। वर्तमान समय में संगीत कला क साथ–साथ एक विषय के रूप में भी मान्य है। अन्य विषयों की भाँति संगीत कला का शिक्षण भी जनसाधारण को सुलभ है। इस युग में संचार के अनेक इलेक्ट्रोनिक माध्यमों के प्रयोग ने शिक्षा के विविध क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है, वहीं संगीत शिक्षा भी इससे प्रभावित हुई है।

इन माध्यमों के प्रयोग से संगीत कला अन्तराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई है। संगीत शिक्षा का क्षेत्र व्यापक हो, ख्याति प्राप्त संगीत विदो की कला से संगीत जिज्ञासु परिचित हो एवं साथ ही साथ संगीत शिक्षा रोजगार पूर्ण हो, इस हेतु भी यह माध्यम महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में इण्टरनेट का प्रयोग प्रायः शिक्षा के सभी क्षेत्रों मे हो रहा है। अतः संगीत में भी इण्टरनेट का प्रयोग संभव है।[2] संगीत शिक्षा (गायन, वादन, तथा नृत्य) पूर्व से ही गुरू शिष्य परम्परा द्वारा मौखिक पद्वति पर आधारित रही है।

---

1. संगीत कला विहार अखिल भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मण्डल,मुम्बई, पृष्ठ संख्या 24, मई 2006
2. .....वही पृष्ठ.

अर्थात संगीत में औपचारिक एवं पारस्परिक शिक्षा प्रणाली सदियों से ही अभिजात भूमिका का निर्वाह करती रही है। परन्तु वर्तमान वैज्ञानिक युग में सूचना तकनिकी के नवीन प्रयोग अर्थात् इंटरनेट द्वारा संगीत कला के सैद्वान्तिक एवं क्रियात्मक पक्ष को विश्व के किसी भी स्थान पर सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है। संगीत शिक्षण को विश्व व्यापी बनाने हेतु इण्टरनेट की प्रमुख सेवायें जैसे –ई–मेल, ऑनलाईन, चैटिंग, वीडियों कॉन्फ्रन्सिंग, एजूसेट एवं व्यवसाय हेतु ई–कामर्स का प्रयोग किया जा सकता है।

इन सभी के साथ ही इण्टरनेट के माध्यम से संगीत कला विकास की नवीन प्रवृतियों में वृद्वि, अभिवृति, प्रोत्साहन, संगीत शिक्षा क्षेत्र में परिमाणात्मक एवं संख्यात्मक विस्तार, अनुसंधान की गतिविधियों में वृद्वि, शास्त्रीय एवं सैद्वान्तिक आधार की व्यावकता, प्रामाणिकता व्यवसायीकरण में सहायता, विशेषज्ञता चुनने की स्वतंत्रता एवं संगीत संबंधी कार्यक्रम का विश्व स्तर पर प्रसारण इत्यादि में भी इण्टरनेट सहायक सिद्व हो सकता है।

आधुनिक समय में संगीत शिक्षा को विद्यालयों महाविद्यालयों में एक ऐच्छिक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। जिसकी बदौलत संगीत सभी के लिए सुलभ हो गया है। भारतीय विश्वविद्यालयों व देश के विभिन्न शिक्षा बोर्डो ने इस विषय को पाठ्यक्रम में सम्मिलत कर इसे मान्यता प्रदान की है। आज संगीत में एम.ए/पीएच.डी. व अन्य डिग्री डिप्लोमा प्राप्त संगीत विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर चुके है और वर्तमान में भी कर रहे है।

देश में अनेक संगीत संस्थाओं ने भी अपने–अपने संगीत विद्यालय स्थापित कर रखे है। इन प्रमुख संस्थाओं में अखिल भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मण्डल मुम्बई, भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय लखनऊ, प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद, माधव संगीत महाविद्यालय ग्वालियर, प्राचीन कला केन्द्र चड़ीगढ़ इत्यादि। इन सभी संगीत संस्थाओं में गायन, वादन व नृत्य की कक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है।

इन सभी शिक्षण संस्थाओं में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) जो देश एक मात्र संगीत विश्वविधालय है जो क्रियात्मक तथा शास्त्रात्मक दोनों की ही शिक्षा प्रदान करता है एवं विभिन्न डिग्री व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन कर संगीत शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है।

आधुनिक विद्यालयी, संस्थागत तथा विश्वविद्यालयी संगीत शिक्षण व्यवस्था पर दृष्टिपात किया जाये तो इसके सहारनीय परिणाम हमारे सामने प्रकट होते है। इस पद्वति में निष्पक्ष भाव से किसी भी संगीत जिज्ञासु को निर्धारित शुल्क पर संगीत शिक्षा प्राप्त हो जाती है। वह व्यक्ति विशेष शिक्षा को ग्रहण करने में कितना सक्षम है यह उसकी व्यक्तिगत विशेषता कहलाती है।

संगीत के क्रियात्मक पक्ष के साथ–साथ इस प्रणाली में संगीत शास्त्र को भी पर्याप्त मात्रा में महत्व दिया गया है। पाठ्यक्रम में कक्षा स्तर के अनुसार ही क्रियात्मक पक्ष एवं शास्त्र पक्ष का अध्ययन करवाया जाता है। कक्षाओं का संचालन समय सारणी के आधार पर किया जाता है।

सामूहिक शिक्षण होने के कारण विद्यार्थियों में परस्पर प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है और वे अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने की इच्छा रखते है। राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा प्रखर तथा कुशाग्र विद्यार्थियों को छात्रवृतियाँ प्रदान की जाती है। संस्थाओं द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास हेतु प्रतिवर्ष संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जाता है। जिसके द्वारा विद्यार्थियों के आत्मबल में वृद्वि होती है। विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थी परिपक्व होता है वह संगीत की सूक्ष्मताओं का गहन अध्ययन कर अच्छा रचनाकार, आलोचक शिक्षक व संगीत शोधक अर्थात वह कुछ भी बन सकता है।

वैदिक काल में संगीत का स्वरूप स्थिर हो चुका था तथा संगीत को शिक्षा का एक अंग स्वीकार किया गया था। वैदिक काल में सप्त स्वरों का विकास एवं उनका नामकरण हो चुका था। संगीत को आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण समझा जाता था। घरों में लोग संगीत के द्वारा ही पूजा अर्चना किया करते थें तथा स्त्रियाँ वीणा बजाने में निपुण मानी जाती थी।

वैदिक युग में सामगान का महत्वपूर्ण स्थान था एवं विभिन्न प्रकार के वाद्ययन्त्रों का विकास हो चुका था। वैदिक कालीन संगीत शिक्षा हेतु मूल रूप से गुरू शिष्य परम्परा का ही प्रावधान था। वैदिक काल से पौराणिक काल तक आते–आते संगीत में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। इस युग में वैदिक युग के ही वाद्य यन्त्रों को उपयोग में लाया गया था। प्राचीन काल में नवीन वाद्य यन्त्रों का विकास नही हुआ। केवल गायन एवं नृत्य की नवीन पद्वतियाँ निकाली गई।

प्राचीन काल में संगीत सामान्य जन–जीवन से लेकर धार्मिक क्षेत्र एवं राजघरानों तक प्रचलित था तथा संगीत जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विधमान था। इस युग में स्वर, ग्रम, मूर्च्छना आदि का विकास हो चुका था। प्राचीन कालीन सप्त स्वरों का नाम इस प्रकार से बताया गया है। कुष्ट प्रथम द्वितीय, तृतीय चतुर्थ, मन्द्र अतिस्वार्य आदि इस युग की सबसें बड़ी विशेषता स्वर साधना रही है।

प्राचीन काल में जहाँ संगीत शिक्षा का व्यवस्थित रूप था वैसा मध्यकाल में नहीं था। मध्यकाल में संगीत शिक्षा की कोई निश्चित व्यवस्था नहीं थी तथा संगीत शिक्षा केन्द्रों की उचित व्यवस्था नहीं थी एवं संगीत केवल राजदरबारों की शोभा बनकर ही रह गया। इस दृष्टि से यह काल भारतीय संगीत का दुर्भाग्य पूर्ण काल रहा है। अर्थात इस काल में संगीत की दशा अच्छी नहीं थी।

फिर भी मुसलमानों के आगमन से भारतीय संगीत में विदेशी प्रभाव के मिश्रण से संगीत का नवीन स्वरूप निर्मित हुआ। संगीत मन्दिरों से निकलकर राजदरबारों में पहुँच गया और देव स्तुति का स्थान बादशाहों एवं शंहशाहों तक सीमित हो गया। संगीत आध्यात्मिक दृष्टि से हटकर मनोरंजन का साधन बन गया। इस युग में गायन–वादन एवं नृत्य ये तीनों ही कलाएँ प्रभावित हुई फलस्वरूप अनेक वाद्य यन्त्रों तथा गीत शैलियों का विकास हुआ। वाद्यों में तबला, सितार, सांरगी, रबाब आदि वाद्यों का विकास हुआ। गायन में ख्याल शैली का जन्म हुआ। इसके साथ ही ठुमरी दादरा एवं अन्य अद्भूत गीत शैलियो ने जन्म लिया। कथक नृत्य का विकास इसी युग की देन माना समझा जाता है। मध्ययुग मे विभिन्न गीत शैलियों तथा वाद्यों यन्त्रों के प्रचार के कारण इसें संगीत का स्वर्ण युग भी कहा जा सकता है।

मध्यकाल में संगीत शिक्षा का माध्यम गुरू शिष्य परम्परा ही था एवं मुगल काल के पश्चात् भारत में आधुनिक काल का आगमन हुआ तथा इस काल में घरानों का अन्त होने लगा और संगीत शिक्षा विद्यालय शिक्षा में परिवर्तित हो गयी। आज भी संगीत को संगीत विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में अन्य विषयों की भाँति पढ़ाया जा रहा है। इन शिक्षण संस्थानों के अतिरिक्त सरकार द्वारा कुछ शिक्षण संस्थानों पर आधारित शिक्षण संस्थानों का संचालन भी किया जा रहा है अर्थात गुरू–शिष्य परम्परा वर्तमान में भी जीवित है। स्वतन्त्रता के पश्चात् हमारी भारत सरकार ने संगीत उत्थान हेतु हर सम्भव प्रयास किया है।

आज संगीत को आकाशवाणी, दूरदर्शन, शिक्षा, टैक्नोलॉजी आदि सभी क्षेत्रों से जोड़ा गया है जिससे संगीत अपने कदम विकास की ओर निरन्तर बढ़ा रहा है। स्वतंत्रता के पश्चात् संगीत का कार्य क्षेत्र गायन, वादन तथा नृत्य तीनों ही क्षेत्रों में अत्यन्त विस्तृत हो गया है अर्थात संगीत की उन्नति निरन्तर प्रगति पर है। राज्य एवं राष्ट्रीय परिवेश में भारतीय संगीत नवीन युग की और अपने कदम बढ़ा रहा है। संगीत की संस्थागत शिक्षा को उचित बढ़ावा देना एवं समाज में भारतीय संगीत को सम्मान दिलाना एक चुनौति बनी हुई है।

आज के नवीन युग में वैज्ञानिक तकनीक का प्रभाव हमारे संगीत पर दिखाई देता है एवं संगीत की सभी विद्याओं मे नई–नई प्रवृतियाँ उभरकर हमारे सामने प्रकट हुई है। संगीत आज तक कैरियर बन चुका है संगीत, व्यवसायिक विज्ञान शिक्षा में संगीत का प्रयोग, आदि ऐसे क्षेत्र है जिनमें आर्थिक दृष्टि से आकर्षक कैरियर उपलब्ध है। आज अनेकों संगीत कम्पनीयों द्वारा ऑडियों एवं विडियों के एलबम बनाकर उन्हे बाजार में बेचकर अच्छे धन लाभ के साथ–साथ संगीत के प्रचार व प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योग्दान दे रहे है। राजस्थान में वीणा कैसेट्स कम्पनी एक अनुपम उदाहरण है। जिन्होने राजस्थान की संस्कृति को गीतों क माध्यम से सजाया व संवारा है। आज राज्य व देश के विभिन्न भागों में स्थापित शिक्षण संस्थाओं में उच्च उपाधि की दृष्टि से संगीत शिक्षा का महत्व और भी बढ़ गया है। देश में समझदार संगीत शिक्षक तैयार हो रहे है और संगीत शिक्षा को प्रगति की ओर अग्रसर कर रहे है।

वर्तमान समय में हमारा देश टेक्नॉलाजी की और निरन्तर बढ़ रहा है। देश में टेक्नॉलोजी के विकास से संगीत स्वर लिपि, ध्वनि मुद्रण व ध्वनि संग्रह शोध के कारण संगीत संग्रहीत होने लगा है। आज देश ने इतनी प्रगति की है जो नेचुरल तानपुरे की जगह इलेक्ट्रॉनिक तानपूरे या तबले की वजह से संगीत विद्यार्थी कहीं पर भी अपना अभ्यास कर सकता है।

आज कम्पूटर तथा इण्टरनेट के माध्यम से विद्यार्थी बड़े–बड़े संगीत कलाकारों को सुन–सुन कर संगीत की बारीकियों को समझने का प्रयास कर रहे है तथा संगीत शिक्षा की अनेक बेवसाइटें तैयार की गयी है। जिसके द्वारा कीसी भी इच्छित कलाकार का गाना डाउनलोड कर संगीत का आनन्द प्राप्त कर सकते है।

वर्तमान समय में कुछ युवा कलाकारों का झुकाव फ्यूजन म्यूजिक की तरफ भी दिखाई देता है। देश की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में गुणीजनों के सांगीतिक लेखों को प्रकाशित किया जा रहा है। आज आकाशवाणी व दूरदर्शन के केन्द्रों से भी संगीत के कंई कार्यक्रम तैयार कर प्रसारित किए जा रहे है। राज्यों की संगीत नाटक अकादमियों द्वारा संग्रहालयों की स्थापना कर भारतीय संगीत की मूल्यवान धरोहर को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

आज शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न संस्थाएँ अपना योगदान दे रही है जिनमें केन्द्रिय संगीत नाटक अकादमी, सांस्कृतिक मन्त्रालय, आई.सी.टी./यू.जी.सी. का संगीत विकास में सहारनीय कार्य रहा है। देश के कई स्थानों पर संगीत महोत्सव, संगीत सेमिनार एवं संगीत कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जो संगीत के बढ़ते कदमों का शुभ संकेत है।

mi lgkj

,d Hkkoh ’kk/k

lEHkkouk,¡

mi lgkj] ,d Hkkoh 'kk/k lEHkkouk,¡

राजस्थान को भारत का सबसे बड़ा राज्य होने का गौरव प्राप्त है तथा यहाँ की संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था का विकास, ऐतिहासिक एवं भौगौलिक परिस्थितियों की देन मानी जाती है।

यहाँ की कला एवं संस्कृति को विश्व में सर्वोच्य स्थान दिया गया है तथा यहाँ के दुर्ग तथा किले हमारे साहस एवं सौन्दर्य के परिचायक समझे जाते है। राजस्थान की कला एवं संस्कृति ने सदैव पर्यटको को अपनी और आकर्षित किया है। इस प्रदेश के विभिन्न भू–भागों को अलग–अलग नामों से जाना जाता था। जैसे मारवाड़, मेवाड़, शैखावटी, हाड़ौती, ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के अन्तर्गत, कोटा, बून्दी, झालावाड़, बारां तथा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के अन्तर्गत टोंक जयपुर तथा दौसा जिले गणना की जाती है।

स्वतन्त्रता से पूर्व हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संगीत शिक्षा गुरू शिष्य परम्परा द्वारा ही दी जाती थी। परन्तु स्वतन्त्रता के पश्चात् क्षेत्र में सरकार का गठन होते ही सरकार द्वारा संगीत विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में संगीत विषय का अध्ययन करवाया जाने लगा तथा कई शिक्षार्थी इन शिक्षण संस्थानों में संगीत शिक्षा प्राप्त कर रहे है। इन शिक्षण संस्थानों में राजकीय तथा निजी शिक्षण संस्थाएँ संगीत प्रचार–प्रसार हेतु प्रयासरत है।

मानव प्रारम्भ से ही सौन्दर्य का प्रेमी रहा है तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वह सुन्दरता की कामना चाहता है। मानव अपने मन–मस्तिष्क तथा शरीर द्वारा जो भी कार्य करता है। उसे कला कहा जाता सकता है। कला ही मानव के भावों तथा विचारों को प्रकट करने का साधन है। अतः मानव द्वारा जो भी कार्य किया जाता है उसे कला कहा जा सकता है।

कला का क्षेत्र व्यापक होता है। जैसे चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला, काव्यकला एवं संगीत कला इत्यादि। इन सभी कलाओं में रूप विधान के द्वारा ही कला प्रकट होती है। हमारे देश की संस्कृति बड़ी ही अनूठी मानी जाती है तथा इसकी गोद में असंख्य

दुलर्भ चीजों का समागम है। कला के द्वारा हमारी सभ्यता व संस्कृति को संरक्षण प्राप्त होता रहता है।

संगीत अपनी संस्कृति को एक पीढ़ी से दुसरी पीढ़ी तक पहुँचाता हैं। क्योंकि संगीत एवं संस्कृति दोनो ही एक दूसरे पर निर्भर करते है। अतः सभी ललित कलाएँ हमारे समाज एवं संस्कृति से घनिष्ठ संबंध रखती है। हमारे समाज में संगीत का स्थान सर्वश्रेष्ठ बताया गया है।

क्योंकि जन्म से लेकर मृत्यु तक संगीत मानव से जुड़ा हुआ है अतः संगीत कला को सभी कलाओं में सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। संगीत एक ऐसी कला है जो देशी–विदेशी लोगों को अपनी और आकर्षित करता है। आज कई लोग संगीत के माध्यम से अपना जीवन यापन कर रहे है।

वर्तमान समय में कई लोग राजकीय तथा निजी शिक्षण संस्थाओं में संगीत शिक्षकों के रूप में अध्यापन कार्य कर अपना जीवन यापन कर रहे है। इसके अतिरिक्त, वृन्दवादन, फिल्म संगीत, संगीत से ओत–प्रोत विभिन्न विज्ञापनों में कार्य कर अपना जीवन यापन कर सकते है। अतः संगीत जीवन यापन करने में भी सहायक सिद्व हुआ है।

प्राचीनकाल से लेकर मध्यकाल तक संगीत शिक्षण गुरू शिष्य–परम्परा द्वारा ही दी जाती थी। मुगलकाल के पश्चात् आधुनिक काल का आगमन हुआ और घरानों का अन्त होने लगा। फलस्वरूप संगीत शिक्षा विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय शिक्षा में परिवर्तित होकर यह सभी के लिए सुलभ हो गई। गुरू शिष्य परम्परा आज भी जीवित है।

इस परम्परा ने असंख्य कलाकारों को ईजाद किया है। संस्थागत शिक्षण का महत्व इसलिए बढ़ गया है क्योंकि यह पद्वति क्रियात्मक तथा शास्त्रात्मक दोनों ही पक्षों पर बल देती है।

आज देश में संगीत के कई विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय संगीत विभागों में संगीत शिक्षा प्रदान की जा रही है।प्रस्तुत शोध संगीत के उन्नयन में हाड़ौती

एवम् ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की शिक्षण संस्थानों की भूमिका, को उजागर करने एवं उनका परिचय करवाने हेतु शोधार्थी द्वारा एक प्रश्नावली तैयार की गई।

प्रश्नावली के माध्यम से शोधार्थी ने सभी संगीत विभागाध्यक्षों से साक्षात्कार कर प्रश्नावलियाँ भरवाई एवं प्रश्नावलियों द्वारा प्राप्त उत्तरों के आधार पर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय संगीत विभागों का मूल्यांकन करने के पश्चात् शोधार्थी को जो निष्कर्ष प्राप्त हुये वह निम्न प्रकार से है।

हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित संगीत शिक्षण संस्थाओं में दस निजी महाविद्यालय तथा चार राजकीय महाविद्यालय है जहाँ संगीत विषय को स्नातक तथा अधिस्नातक स्तर तक अध्ययन करवाया जा रहा है। विश्वविद्यालय स्तर के संस्थानों में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर एवं बनस्थली विद्यापीठ, बनस्थली जिनमें संगीत विषय को स्नातक, अधिस्नातक शिक्षण के अतिरिक्त शोध कार्य करने की सुविद्या भी प्रदान करते है। इनके अतिरिक्त हाड़ौती क्षेत्र में दो राजकीय संगीत विद्यालय संचालित है जिनमें भूषण एवं प्रभाकर, गायन, वादन एवं नृत्य की कक्षाएँ संचालित है।

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित दौसा तथा हाड़ौती क्षेत्र स्थित बारां एवं झालावाड़ जिलों में महाविद्यालय स्तर का एक भी शिक्षण संस्थान नहीं है जहाँ संगीत विषय का अध्ययन करवाया जाता है।

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित निजी महाविद्यालयों में सत्य सांई महाविद्यालय एवं वैदिक कन्या महाविद्यालय ऐसे महाविद्यालय है जहॉ संगीत विषय का अधिस्नातक स्तर तक अध्ययन करवाया जाता है। हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की संगीत शिक्षण संस्थाओं में संगीत शिक्षकों, प्राध्यापकों तथा तबला वादकों के पद पर रिक्त चल रहे है। कुछ निजी शिक्षण संस्थाओं में स्नातक व अधिस्नातक स्तर पर एक ही प्राध्यापक से अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है तथा समय–समय पर तबला वादको को आवश्यकतानुसार रख लिया जाता है।

हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालय अपने निजी भवन में संचालित है। परन्तु कोटा का राजकीय माध्यमिक प्रभाकर संगीत विद्यालय

आज भी अपने निजी भवन में नहीं चल रहा है। इस विद्यालय को सरकार द्वारा जवाहर नगर कोटा में भूमि आंवटित की गई है लेकिन भवन निर्माण का कार्य अभी भी शुरू नहीं हुआ है।

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित सभी शिक्षण संस्थाओं की परीक्षाओं का आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, बनस्थली विद्यापीठ की परीक्षाएँ बनस्थली विद्यापीठ तथा हाड़ौती क्षेत्र स्थित शिक्षण संस्थाओं की परीक्षाओं का आयोजन कोटा विश्वविद्यालय, कोटा एवं प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा आयोजित किया जाता है।

हाड़ौती तथा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की संगीत शिक्षण संस्थाओं में गायन, वादन तथा कथक नृत्य की कक्षाएँ संचालित की जा रही है एवं इन शिक्षण संस्थाओं से उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों में से लगभग 50 प्रतिशत संगीत विद्यार्थियों ने संगीत को अपना व्यवसाय बनाया है।

हाड़ौती एवंम् ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित सभी शिक्षण संस्थाओं में संगीत विषय में प्रवेश से पूर्व सभी छात्र–छात्राओं का सांगीतिक परीक्षण किया, जाता है तथा संगीत के सभी विद्यार्थियों को मंच प्रदर्शन की सुविधा प्रदान की जाती है।

संगीत विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन करने हेतु संगीत प्राध्यापकों द्वारा शिक्षण के दौरान दृश्यात्मक व श्रव्यात्मक शिक्षण सामग्री का प्रयोग किया जाता है।

सभी संगीत विभागों में समय–समय पर राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमन्त्रित कर संगीत विद्यार्थियों के लिए सांगीतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा संगीत विभाग में विद्यार्थियों के उचित अभ्यास हेतु पर्याप्त मात्रा में वाद्य यन्त्रों की व्यवस्था की गई है।

संगीत की सभी शिक्षण संस्थाओं में सभी विद्यार्थियों को खरज साधना का गहन प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी आवाज में माधुर्य का भाव उत्पन्न किया जाता है। संगीत की सभी शिक्षण संस्थाओं में संगीत के सैद्वान्तिक व क्रियात्मक शिक्षण की अलग–अलग व्यवस्था की गई है। संगीत के कई महाविद्यालय संगीत विभाग ऐसे है जिनमें केवल छात्राएँ ही अध्ययन करती है तथा कुछ महाविद्यालय सह शिक्षा पर आधारित है एवम् कुछ संगीत विभागों में शोध कार्य करने की उचित व्यवस्था है। इन सभी शिक्षण

संस्थानों ने संगीत विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है एवम् देश को राष्ट्रीय स्तर के कलाकार प्रदान किये है।

Hkkoh ‘kks/k laHkkouk,¡

''संगीत उन्न्यन में हाड़ौती एवम् ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों की भूमिका'' प्रस्तुत शोध शीर्षक विषय पर पूर्व में कोई भी कार्य नहीं हुआ है। इस उद्धेश्य को ध्यान में रखते हुए शोधार्थी ने हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं की भूमिका को उजागर करने का प्रयत्न किया है। वस्तुतः यह शोध कार्य सम्पूर्ण राजस्थान स्तर पर होना चाहिए था, किन्तु कार्य क्षेत्र की विस्तृता एवं सीमा के कारण हाड़ौती तथा ढूंढ़ाड़ क्षेत्र को ही मैने अपना कार्यक्षेत्र चुना है।

परन्तु नवीन शोधार्थियों द्वारा राजस्थान के अन्य क्षेत्र जैसे मेवाड़, शेखावाटी, डॉग, मारवाड़ इत्यादी। इन सभी क्षेत्रों में स्थित संगीत शिक्षण संस्थाओं पर अग्रिम शोधार्थियों द्वारा शोध कार्य करवाया जा सकता हैं तथा इन सभी क्षेत्रों में प्रचलित शिक्षण संस्थाओं की भूमिका को उजागर किया जा सकता है। अतः आगे भी संगीत में शोध कार्य करवाने की अपार संभावनाएँ निहित है।

Ekafty;s mUgh dks feyrh gS ftudks liuks esa tku gksrh gSA
ia[kks ls dqN ugh gksrk] gkSlyks ls mM+ku gksrh gSAA
vHkh rks vlyh eafty ikuk ckdh gS] vHkh rks bjknks dk bfErgku ckdh gSA
vHkh rks rkSyh eqBh Hkj tehu] vHkh rkSyuk आसमाँ ckdh gSAA

हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की कुछ शिक्षण संस्थाएँ सहशिक्षा पर आधारित है एवं कुछ शिक्षण संस्थाओं में केवल महिलाएँ ही अध्ययन करती है।

ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित विश्वविद्यालय संगीत विभागों में शोधकार्य की व्यवस्थाएँ है एवं हाड़ौती में राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय में ही शोध कार्य करने की व्यवस्था है एवं सभी शिक्षण व्यवस्थाओं में संगीत जगत को बड़े–बड़े कलाकार प्रदान किए है। राजस्थान का हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र सांगीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है। भारतीय संगीत के विकास में यहाँ की अनेक संस्थाएँ स्वतन्त्रता से पूर्व व पश्चात कार्य कर रही है एवं प्रस्तुत शोध का महत्व रहा है की कोई भी संगीत शोधार्थी यदि हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं व कलाकारों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना चाहे तो वह इस शोध प्रबन्ध से जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकता है तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

lxhr f'k{kk dk uohu f'k{kk inku dju gsrq lq>ko

आधुनिक संगीत शिक्षण प्रणाली के सुदृढ़ बनाने व संस्थाओं को सुचारू शिक्षण कार्य हेतु निम्नलिखित तथ्यों पर ध्यान आकृष्ट करना परम आवष्यक है।

1. हाड़ौती व ढूंढ़ाड़ क्षेत्र स्थित सभी शिक्षण संस्थाओं में रिक्त चल रहे संगीत शिक्षकों, प्राध्यापकों व तबला वादकों के पदों पर सरकार द्वारा शीघ्र ही नियुक्ति करनी चाहिए। जिससे संगीत विद्यार्थियों के अध्ययन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो।

2. जो शिक्षण संस्थाएँ अपने निजी भवन में संचालित नहीं है उन शिक्षण संस्थाओं को सरकार द्वारा भवन उपलब्ध करवाना चाहिए इससे संगीत के उपकरणों को सुरक्षित रखने एवं संगीत विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके।

3. हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र की कुछ शिक्षण संस्थाओं में कंठ संगीत के अतिरिक्त वादन में सितार, वायलिन व तबले की कक्षाएँ संचालित की जा रही है। इनके

अतिरिक्त पाठ्यक्रम में और भी वाद्य यन्त्र जैसे बांसुरी दिलरूबा, सांरगी, आदि के नाम दिए होते है। अतः सरकार को चाहिए की इन वाद्य यन्त्रों की भी संगीत विभागों में नियमित कक्षाएँ प्रारम्भ करनी चाहिए। फलस्वरूप इन वाद्य यन्त्रों के भी शिक्षक एवं कलाकार संगीत जगत को प्राप्त हो सकें।

4. उपयुक्त पाठ्यक्रमों का चुनाव :– संगीत की विभिन्न कक्षाओं के लिए उनके स्तर के अनुसार ही पाठ्यक्रमों का निर्धारण करना चाहिए। पाठ्यक्रमों के निर्धारण में संगीत के योग्य शिक्षकों की मदद लेनी चाहिए। क्योंकि संगीत विद्यार्थियों के मानसिक स्तर के अनुकूल पाठ्यक्रम होने से वह परीक्षा की तैयारी अच्छे से कर सकता है एवं विश्वविद्यालय स्तर के पाठ्यक्रमों में तो राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर समान पाठ्यक्रम ही होना चाहिए।

5. संगीत विद्यार्थियों के अभ्यास पर बल देना :–संगीत विद्यार्थियों का यह नैतिक कर्तव्य है की कक्षा में संगीत शिक्षक द्वारा करायें गयें रागों व स्वर समुदायों का उचित ढ़ंग से अभ्यास करें एवं अभ्यास करते समय उत्पन्न होने वाले शारीरिक दोषों से बचे। कम से कम 4–5 घन्टे रोज नियमित अभ्यास की आदत बना लेनी चाहिए। मैनें एक संगीत गुरूजी के मुख से ऐसा कहते हुए सुना है कि साधों तो स्वर है ना साधो तो जीवन बेसुरा है। अर्थात अगर संगीत का उचित व नियमित अभ्यास नहीं करेगें तो जीवन बर्बाद हो सकता है। क्योंकि बिना अभ्यास के उसमें निखार लाना सम्भव नहीं है अतः सभी संगीत शिक्षकों को संगीत अभ्यास पर अत्यधिक बल देना चाहिए।

6. संगीत शिक्षकों को अपने शिक्षण में विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रयोग कर संगीत विषय को रूचिकर बनाना चाहिए एवं शिक्षक को प्रायोगिक व शास्त्रात्मक दोनों ही पक्षों पर पूर्ण अधिकार होना चाहिए। संगीत शिक्षक को इस बात का ध्यान रख कर ही स्वरों को अभ्यास करवाना चाहिए कि वह उसे आसानी से ग्रहण कर सके। कई बार शिक्षक आनन्द की आनन्द में बहुत ही आकर्षक स्वर समुदाय गाने लग जाते है ऐसे में उनको स्वंय को ही आनन्द आता रहता है पर उसे संगीत

विद्यार्थी ग्रहण ही नहीं कर पाते है अतः संगीत शिक्षक को बार–बार विद्यार्थियों को गवाकर देखते रहना चाहिए।

7. देश के विभिन्न संगीत विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के संगीत शिक्षकों तथा संगीत कलाकारों को आमन्त्रित कर संगीत गोष्ठियों का आयोजन करवाना चाहिए। जिससे विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यानों से संगीत विद्यार्थी लाभान्वित हो सके।
8. राज्य एवं भारत सरकार को चाहिए की संगीत शिक्षा के व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ–साथ इस क्षेत्र में रोजगार के उचित अवसर भी बढ़ाऐं। आज संगीत में रोजगार केवल उच्च शिक्षा में ही है। वह भी बहुत ही सीमित अर्थात सरकार द्वारा जिस प्रकार अन्य विषयों के शिक्षकों व प्राध्यापकों की भर्ती की जाती है। ठीक उसी प्रकार संगीत में भी पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों को रोजगार देना चाहिए। आज कई संगीत विद्यार्थी एम.ए., पीएच.डी. करने के बाद भी बेरोजगारों की लम्बी कतार में खड़े–खड़े अपनी आयु सीमा ही पार कर जाते और उनमें संगीत के प्रति उदासी का भाव उत्पन्न होने लगता है। ऐसे में युवा संगीत की और आकर्षित नहीं होते तथा पहले से ही लाईन में खड़े बेरोजगार संगीत शिक्षको को देखकर नये विद्यार्थी इस और आना ही नहीं चाहते है। अतः इस और सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए।
9. प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक संगीत विषय का संचालन :–वर्तमान समय में संगीत विषय को केवल उच्च माध्यमिक व महाविद्यालय स्तर पर ही संचालित किया जा रहा है। यहाँ परिवर्तन की आवश्यकता है क्योंकि इस विषय को यदि प्राथमिक स्तर से ही पढ़ाया जाए तो विद्यार्थी को संगीत का परिचय आसानी से हो सकेगा। इस विषय को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में लागू करना चाहिए। यदि प्राथमिक स्तर पर ही विद्यार्थी को संगीत का ज्ञान हो जायेगा तो माध्यमिक, उच्च माध्यमिक कक्षाओं तक संगीत की बारीकियों को समझने लगेगा और संगीत की और आकर्षित होगा। उच्च शिक्षा प्राप्ति तक वह एक योग्य कलाकार बन कर संगीत जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ सकता है।

बनस्थली विद्यापीठ, बनस्थली एक ऐसा अनुपम उदाहरण है जहाँ संगीत को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक अध्ययन करवाया जाता है। यहाँ भारत के विभिन्न प्रदेशों से आकर छात्राएँ संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रही है। अतः सरकार को इस और विशेष ध्यान देना चाहिए।

10. केन्द्रिय विद्यालयों एवं जवाहर नवोदय विद्यालयों की भाँति राजस्थान सरकार को भी प्राथमिक संगीत शिक्षकों की नियुक्ति करनी चाहिए। अर्थात प्रत्येक प्राइमरी, मिडिल व माध्यमिक विद्यालय में एक संगीत शिक्षक नियुक्त होना चाहिए। तभी जाकर हमारे देश के बच्चे संगीत से परिचित हो सकेगें।

11. सरकार द्वारा राज्य के हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में संचालित सभी शिक्षण संस्थाओं के संगीत विभागों में अनुकुल वातावरण स्थापित करना चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में वाद्य यन्त्रों की व्यवस्था करनी चाहिए।

12. शिक्षण संस्थाओं के पुस्तकालयों में संगीत पुस्तकों का अभाव नहीं होना चाहिए तथा शोद्यार्थियों को उचित आर्थिक सहायता भी सरकार द्वारा दी जानी चाहिए तभी जाकर संगीत विद्यार्थी इसकी ओर आकर्षित होंगें। सरकार द्वारा इन संगीत विभागों में अभ्यास हेतु उचित तबला वादकों की भी व्यवस्था की जानी चाहिए। अर्थात सरकार को संगीत कला को विकसित करने हेतु हर सम्भव प्रयास करना चाहिए तभी जाकर ये शिक्षण संस्थाऐं उन्नति कर पायेगी।

13. संगीत में कंठ साधना पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। संगीत विद्यार्थियों को प्रारम्भिक कक्षाओं से ही अलंकारों एवं पल्टो का गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा योग्य विद्यार्थियों का कार्यक्रम मंच पर प्रस्तुत करवाया जाना चाहिए।

14. भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर संगीत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संगीत के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम को मध्य नजर रखते हुए उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिए।

15. सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थाओं में संगीत विषय को अनिवार्य शिक्षा के रूप में लागू किया जाना चाहिए।

16. राजस्थान संगीत नाटक अकादमी तथा संस्कृति विभाग द्वारा जरूरत मंद संगीत शिक्षार्थियों एवं शोद्यार्थियों को आर्थिक सहायता के रूप में विशेष छात्रवृति दी जानी चाहिए जिससे संगीत विद्यार्थियों को शिक्षण के दौरान आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ें।

17. संगीत की उच्च कक्षाओं में उन्ही शिक्षार्थियों को प्रवेश देना चाहिए जो संगीत सीखने की वास्तविक क्षमता तथा श्रद्वा रखते है।

18. संगीत के पाठ्यक्रम में अधिस्नातक स्तर पर संगीत के विभिन्न घरानों में सें एक घराने को चुनकर उसकी बारीकियों को सीखने पर अत्यधिक बल देना चाहिए। क्योंकि संगीत शिक्षार्थी किसी भी एक घराने की गायकी को सीखेगा तो संगीत जगत को अमुख घराने का कलाकार प्राप्त हो सकता है।
19. हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र में प्रचलित सभी विश्वविद्यालयों में संगीत विषय का पाठ्यक्रम स्नातक तथा अधिस्नातक स्तर पर (सैद्वान्तिक तथा प्रायोगिक) समान होना चाहियें।
20. राज्य सरकार द्वारा विद्यालय शिक्षा विभाग (संगीत व्याख्याता) तथा कॉलेज शिक्षा विभाग (संगीत व्याख्याता) भर्ती परीक्षाओं में संगीत विद्यार्थियों को अच्छे शैक्षणिक अभिलेख **(Good Acadmic Record)** के नियम से मुक्त रखा जाना चाहिए। क्योंकि संगीत एक कला है और कला में साधना की आवश्यकता होती है। अतः सरकार द्वारा कला को प्रोत्साहन देते हुए इस और अवश्य ध्यान देना चाहिए।

उपयुक्त सभी सुझावों पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो निश्चय ही संगीत की उन्नति एवं प्रचार–प्रसार होगा।

!! t ; lxhr !!

हाड़ौती एवं ढूंढ़ाड़ क्षेत्र के संगीत शिक्षण संस्थाओं की प्रमुख (झलकियाँ)

संगीत के छात्र – छात्राओं को संगीत अध्ययन करवाते हुए संगीत विभागाध्यक्ष डा0 निशि माथुर, राजकीय महाविधालय, बून्दी।

संगीत विभागाध्यक्ष डॉ0 निशि माथुर के साथ संगीत शोधार्थी

संगीत की छात्राओं को संगीत अध्ययन करवाते हुए संगीत विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा शर्मा, राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या महाविधालय, कोटा।

संगीत विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा शर्मा के साथ संगीत शोधार्थी

संगीत की छात्राओं को संगीत अध्ययन करवाते हुए संगीत विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रभा बजाज, कानोड़िया महिला महाविधालय, जयपुर।

संगीत विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रभा बजाज एवं संगीत छात्राओं के साथ संगीत शोधार्थी

संगीत विभागाध्यक्ष डॉ0 श्याम शर्मा के साथ संगीत शोधार्थी

संगीत विभागाध्यक्ष (श्री सत्य सांई, महिला महाविद्यालय, जयपुर) के साथ संगीत शोधार्थी

संगीत की छात्राओं को संगीत अध्ययन करवाते हुए संगीत विभागाध्यक्ष

श्री घनश्याम जादौन, भवानी निकेतन महिला महाविधालय, जयपुर।

ध्रुपद विशेषज्ञ पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग से आर्शीवाद प्राप्त करते हुए शोधार्थी

कथक नृत्य का अभ्यास करवाते हुए नृत्य प्राध्यापिका, राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर

डॉ. संगीता गोकटे एवं संगीत छात्राओं के साथ संगीत शोधार्थी

वैदिक कन्या महिला महाविद्यालय जयपुर

संगीत विधार्थियों को अध्ययन करवाते हुए डॉ0 गौरव जैन, राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर

डॉ0 गौरव जैन के साथ संगीत शोधार्थी

MkO vkjrh HkV'V rSyax fo/kkfFk;ksa dks laxhr dk vH;kl djokrs gq, Lkaxhr foHkkx] jktLFkku fo'ofo|ky;] t;iqj

Lkaxhr foHkkx] cuLFkyh fo|kihB esa laxhr xk;u dk vH;kl djrh gqbZ Nk=k,¡

I anHkl xiUFk Iph

1. राजस्थान अध्ययन भाग–1 डॉ. हरिमोहन सक्सैना, राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल, जयपुर
2. राजस्थान अध्ययन भाग–3, डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर, 2011
3. लक्ष्य, डॉ. महावीर जैन, मनु प्रकाशन न्यू सांगानेर रोड़ जयपुर
4. राजस्थान संजीवनी, श्री गजेन्द्र सिंह, हर्ष प्रकाशन, कोटा राजस्थान
5. राजस्थान धरोहर, कुवँर कनक सिंह राव, पिंकसिटी पब्लिशर्स राम भवन चौड़ा रास्ता, जयपुर राजस्थान
6. शिखर, जी.सी. जाखड़, राघव पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रिब्यूटर्स नाटाणियाँ का रास्ता जयपुर राजस्थान
7. राजस्थान सुजस, डॉ. अमर सिंह राठौड़, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान जयपुर 2010–11
8. राय, नवरंग राय, राय पब्लिकेशन्स, चौड़ा रास्ता जयपुर, 2013
9. राजस्थान की संगीत परम्परा, डॉ. मंजुश्री क्षीर सागर, महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश, जोधपुर राजस्थान, 2004
10. पत्रिका इयर बुक, आनन्द जोशी, राजस्थान पत्रिका प्रा. लिमिटेड 5–ई झालाना क्षेत्र जयपुर राजस्थान, 2013
11. सम्राट रूपप्रद चित्रकला के मूलाधार, डॉ. आर.डी.लाटा. अनन्त पब्लिकेशन्स चौड़ रास्ता जयपुर, 2013
12. संगीत मैनुअल, डॉ. मृत्युजंय शर्मा, एच.जी. पब्लिकेशन्स न्यू दिल्ली, 2013
13. कला सिद्वान्त एवं भारतीय मूर्तिकला, डॉ. ममता चतुर्वेदी, राजस्थान राज्य पुस्तक मण्डल, जयपुर 2012
14. संगीत मासिक अंक, डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत कार्यालय हाथरस, जून–2013
15. भारतीय संगीत कलाकार, वंशानुक्रम और पर्यावरण, डॉ. निशि माथुर, पब्लिकेशन्स स्कीम, मिश्रराजाजी का रास्ता, जयपुर, 2000

16. राजस्थानी चित्रकला और हिन्दी कृष्ण काव्य, डॉ. जयसिंह नीरज राजस्थानी ग्रन्थकार, जोधपुर, 2000
17. सौन्दर्य बोध एवं ललित कलाएँ, डॉ. सरोज भार्गव, कला प्रकाशन न्यू साकेत कॉलोनी, बी.एच.यू. वाराणासी (उत्तर प्रदेश) 1999
18. मध्यकालीन संगीत और तत्कालीन समाज पर प्रभाव नमिता बेनर्जी,
19. संगीत पॉपुलर मास्टर गाइड, डॉ. गुजंन सक्सैना, रमेश, ओ.पी. गुप्ता , रमेश पब्लिशिन्ग हाऊस नई दिल्ली
20. भारतीय संगीत का इतिहास, डॉ. शरद चन्द्र श्री धर पंराजये, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, 2010
21. संगीत मे नेट सफलता के पथ, डॉ. निशा रावत, संजय प्रकाशन नई दिल्ली (भारत) 2010
22. संगीत विशारद, बसन्त, संगीत कार्यालय हाथरस (उत्तरप्रदेश)
23. संगीत मासिक अंक, डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत कार्यालय हाथरस (उत्तरप्रदेश)
24. संगीत निबन्ध संग्रह, प्रो. हरिशचन्द्र श्री वास्तव, संगीत सदन प्रकाशन साउथ मलाका, इलाहाबाद (उत्तरप्रदेश) 2003
25. बूंदी राज्य के ऐतिहासिक स्थल, पीताम्बर दत्त शर्मा, राजस्थानी ग्रन्थाकार, जोधपुर
26. कोटा एक विंहगम दृष्टि, धर्मेन्द्र भटनागर, मंजु प्रकाशन, कोटा
27. जयपुर का इतिहास, चन्द्रमणि सिंह, राजस्थानी ग्रन्थकार, जोधपुर
28. नेट,. <<kM विकिपीडीया,
29. विवरणिका एवं पाठ्यक्रम राजस्थान संगीत संस्थान जयपुर राजस्थान जयपुर–2013
30. बनस्थली विद्यापीठ विवरणिका पत्रिका, विद्यालय शिक्षा, 2009–10
31. राजस्थान के दरबारी संगीतज्ञ, डॉ. कौमुदी बर्डे, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर (राज.) 2006
32. रसमंजरी शतक, पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग, ध्रुवमद धाम प्रकाशन जयपुर, 2013

33. संगीत की संस्थागत शिक्षण प्रणाली डॉ. अमरेश चन्द्र चौबे, जय कृष्ण ब्रदर्स, महात्मा गाँधी मार्ग, अजमेर
34. संगीत परीक्षा अंक, डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत कार्यालय हाथरस (उत्तरप्रदेश) जनवरी–फरवरी 1987
35. भारतीय संगीत शिक्षण प्रणाली एवं उसका वर्तमान स्वरूप डॉ.मधुबाला सक्सैना, हरियाणा साहित्य अकादमी, चण्ड़ीगढ़, 1990
36. संगीत की उच्च स्तरीय शिक्षण प्रणाली, डॉ. पुष्पेन्द्र शर्मा, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, न्यू चन्द्रवाल, जवाहर नगर, दिल्ली –1992
37. ध्रुवावाणी, रसमंजरी संगीतोपासना केन्द्र ब्रहमपुरी जयपुर, 2013
38. संगीत मासिक अंक, डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत कार्यालय हाथरस (उत्तरप्रदेश) मार्च–2014
39. हमारा आधुनिक संगीत, डॉ. सुशील कुमार चौबे, (उत्तरप्रदेश) हिन्दी संस्थान, लखवऊ, 2005
40. संगीत परीक्षा अंक, डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत कार्यालय हाथरस (उत्तरप्रदेश) जनवरी–फरवरी, 1987
41. संगीत कला विहार, श्रीरधुनाथ केरकर, अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मिरज महाराष्ट्र, मई 2006
42. संगीत कला बिहार, श्रीरधुनाथ केरकर, अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मिरज महाराष्ट्र, मई 2005
43. संगीत स्मारिका परम्परा, श्री चन्द्रमोहन सक्सैना, संगीतिका–कोटा, 2005
44. हाड़ौती व.<I<kM़ क्षेत्र स्थित सभी संगीत शिक्षण संस्थाओं के संगीत विभागों व शिक्षक कलाकारों का प्रश्नावली द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार।
45. .banasthaliveedhyapeeth.org